राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 347 लखनऊ,
शुक्रवार 08 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



पर्यटन के नक्शे पर लाए जाएंगे लखनऊ व आसपास के जिलों के धार्मिक स्थल 03

महराजगंज में भारत-नेपाल सीमा पर अवैध घुसपैठ का प्रयास 12

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
| 24 कैरेट | = | 1,02,700/ |
| 22 कैरेट | = | 94,150/ |
| 18 कैरेट | = | 75,040/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,17,000/ |



# अब कक्षा सात व आठ के छात्र पढ़ेंगे फील्ड मार्शल सैम, ब्रिगेडियर उस्मान व मेजर सोमनाथ की जीवनी

## सरकार ने इसी शैक्षणिक वर्ष से एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में तीनों सैन्य अधिकारियों के बलिदान की कहानी शामिल करने का लिया फैसला

**कक्षा आठवीं (उर्दू), कक्षा सातवीं (उर्दू) और कक्षा आठवीं (अंग्रेजी) में अध्याय जोड़े गए**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अब कक्षा सात और आठ के छात्रों को फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ, ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान और मेजर सोमनाथ शर्मा की जीवनी पढ़ाई जाएगी।

सरकार ने इसी शैक्षणिक वर्ष से एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में तीनों सैन्य अधिकारियों के बलिदान की कहानी शामिल करने का फैसला लिया है। कक्षा आठवीं (उर्दू), कक्षा सातवीं (उर्दू) और कक्षा आठवीं (अंग्रेजी) में यह अध्याय जोड़े गए हैं।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में नए अध्यायों को शामिल करने का उद्देश्य छात्रों को साहस और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणादायक कहानियों से परिचित कराना है। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक को प्रमुख राष्ट्रीय स्थल के रूप में स्थापित करने के प्रयासों के तहत रक्षा मंत्रालय ने स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के साथ साझेदारी की है। इस स्मारक की स्थापना सभी नागरिकों में देशभक्ति, उच्च नैतिक मूल्यों, त्याग, राष्ट्रीय भावना और अपनत्व की भावना जगाने के साथ-साथ राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले हमारे वीर सैनिकों को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए की गई थी। बलिदानियों की कहानियों को पाठ्यक्रम में शामिल करने से छात्रों को न केवल भारत के सैन्य इतिहास की जानकारी मिलेगी, बल्कि राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर महत्वपूर्ण जीवन के सबक भी सीखेंगे।




### श्रीनगर विमान क्षेत्र से पाक घुसपैठियों को बेदखल करते हुए मिली वीरगति



मेजर सोमनाथ शर्मा ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अराकन अभियान बर्मा में जापानी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की थी। इसके बाद 1947 में भारत-पाक युद्ध लड़ा और 03 नवम्बर, 1947 को श्रीनगर विमान क्षेत्र से पाकिस्तानी घुसपैठियों को बेदखल करते समय वीरगति को प्राप्त हो गये। राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले मेजर शर्मा को परमवीर चक्र (मरणोपरांत) से सम्मानित किया गया था।

### भारत-पाक युद्ध में सैम मानेकशॉ की भूमिका थी अहम



फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ भारत के पहले फील्ड मार्शल अधिकारी थे, जिन्हें असाधारण नेतृत्व और रणनीतिक कौशल के लिए याद किया जाता है। उनकी भूमिका 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत की जीत के लिए महत्वपूर्ण थी, जो 13 दिनों तक चला। पाकिस्तानी सेना के आत्मसमर्पण और स्वतंत्र बांग्लादेश का निर्माण होने के साथ यह युद्ध समाप्त हुआ था। मानेकशॉ को भारत के दो सर्वोच्च नागरिक सम्मानों 1968 में पद्म भूषण और 1972 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

### समावेशी धर्मनिरपेक्षता का प्रतीक बने ब्रिगेडियर उस्मान



ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान 1947 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान कार्रवाई में मारे गए भारतीय सेना के सर्वोच्च रैंकिंग अधिकारी थे। मुस्लिम के रूप में उस्मान भारत की समावेशी धर्मनिरपेक्षता का प्रतीक बन गए। भारत के विभाजन के समय उन्होंने कई अन्य मुस्लिम अधिकारियों के साथ पाकसेना में जाने से इनकार कर दिया और भारतीय सेना के साथ सेवा जारी रखी। जम्मू-कश्मीर में पाकसैनिकों से लड़ते हुए 3 जुलाई, 1948 में वह शहीद हो गए थे। उन्हें भारत के दूसरे सबसे बड़े सैन्य पदक महावीर चक्र से सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

**सीतामढ़ी-दिल्ली के बीच दौड़ेगी अमृत भारत ट्रेन, शुभारंभ आज**

**पटना।** बिहार के सीतामढ़ी जिले को केन्द्र सरकार ने मां जानकी मंदिर निर्माण के साथ एक और बड़ा तोहफा दिया है। सीतामढ़ी से दिल्ली के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू होने जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आठ अगस्त को इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस ऐतिहासिक अवसर पर गृह मंत्री शाह सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में मां जानकी मंदिर के शिलान्यास समारोह में भी शामिल होंगे। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली और सीतामढ़ी के बीच इस नई ट्रेन के संचालन को मंजूरी दे दी है। उन्होंने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित रेल भवन में रेल मंत्री से मुलाकात कर यह मांग उठाई थी। उन्होंने बताया कि फिलहाल यह अमृत भारत एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन चलेगी।

**डोनाल्ड ट्रंप के आयात शुल्क बढ़ाने से लुढ़का शेयर बाजार**

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क 25 प्रतिशत और बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने के बाद गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली रही। खबर लिखे जाते समय 399.46 अंक लुढ़ककर 80,144.53 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 130.60 अंक गिरकर 24,443.60 अंक पर आ गया। निफ्टी नीचे 24,387.55 अंक और ऊपर 24,464.20 अंक तक गया। सेंसेक्स भी एक समय 79,979.05 अंक को छूने के बाद ऊपर 80,421.84 अंक तक गया।

**केजरीवाल को पासपोर्ट नवीनीकरण की मिली अनुमति**

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर के एमपी एमएलए कोर्ट से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राहत मिली है। कोर्ट ने उन्हें सशर्त अपने पासपोर्ट का नवीनीकरण कराने की अनुमति दी है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि केजरीवाल बिना किसी सूचना के देश छोड़कर बाहर नहीं जा सकेंगे। यह मामला 2014 के लोकसभा चुनाव से जुड़ा है।

**घाना हेलीकॉप्टर दुर्घटना में रक्षा मंत्री व पर्यावरण मंत्री का निधन**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने बुधवार को घाना में वायु सेना के एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने पर गहरा दुख व्यक्त किया है। इस दुर्घटना में रक्षा मंत्री डॉ एडवर्ड कोफी ओमान बोआमाह और पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अल्हाजी डॉ. इब्राहिम मुर्तला मुहम्मद सहित कई लोगों की जान चली गई थी। हम राष्ट्रीय शोक की इस घड़ी में घाना सरकार और जनता के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों और इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं।

**किश्तवाड़ में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, हथियार बरामद**

**किश्तवाड़।** सुरक्षा बलों ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ करके एक एके-47 राइफल और गोला-बारूद बरामद किया है। यह बरामदगी चटरू इलाके के बेरीघौथ-दुगड्डा इलाके से एक नियमित तलाशी अभियान के दौरान एक ठिकाने का भंडाफोड़ करने के बाद हुई। उन्होंने बताया कि एक एके-47, हथियार की एक मैगजीन, कुछ पाकिस्तानी कारतूसों सहित 30 कारतूस और एक दूरबीन बरामद की गई है।

**शीर्ष कोर्ट ने न्यायमूर्ति यशवंत की रिट याचिका खारिज की**

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित नगदी बरामदगी के आरोपों से घिरे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की रिट याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ए जी मसीह की पीठ ने यह फैसला सुनाया। पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि घटना की जांच के लिए आंतरिक जांच समिति का गठन और उसके द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया गैरकानूनी नहीं थी।

### योगी कैबिनेट ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी-चिवनिंग छात्रवृत्ति योजना को दी मंजूरी

# यूपी के छात्र यूके में ले सकेंगे मास्टर डिग्री

**हर साल यूपी के पांच प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को यूके के किसी प्रतिष्ठित विवि से एक वर्ष की मास्टर डिग्री के लिए दी जाएगी छात्रवृत्ति**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कैबिनेट की बैठक में उच्च शिक्षा को नई दिशा देने वाला एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। कैबिनेट की बैठक में कुल 19 प्रस्ताव लाए गए और सभी प्रस्तावों पर मुहर लग गई।

मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी-चिवनिंग उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना को मंजूरी दे दी गई है। यह योजना प्रदेश के मेधावी छात्रों को यूनाइटेड किंगडम (यूके) में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगी। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कैबिनेट के निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार की इस पहल के तहत, हर साल उत्तर प्रदेश के 5 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को यूके के किसी प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से एक वर्ष की मास्टर डिग्री के लिए छात्रवृत्ति दी जाएगी। इस योजना को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की असाधारण उपलब्धियों से प्रेरणा लेते हुए प्रारंभ किया जा रहा है। यह छात्रवृत्ति उत्तर प्रदेश सरकार तथा यूनाइटेड किंगडम के फॉरेन कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस (एफसीडीओ) के संयुक्त सहयोग से चलाई जाएगी। तीन वर्षों तक जारी रहेगी योजनाउन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति में छात्रों को शैक्षणिक शिक्षण शुल्क, परीक्षा एवं शोध शुल्क, रहने के लिए पर्याप्त मासिक भत्ता तथा इकोनॉमी क्लास में एक बार आने-जाने का विमान किराया भी शामिल रहेगा। चयन प्रक्रिया राज्य सरकार और एफसीडीओ के बीच हुए समझौते (एमओयू) के अनुसार निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न होगी। योजना शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से लागू होगी और यह तीन वर्षों (2025-26, 2026-27, 2027-28) तक प्रभावी रहेगी। आगे इसके नवीनीकरण पर निर्णय लिया जाएगा।

2028-29 में योजना को जारी रखने के लिए 30 मार्च 2028 तक पुनः अनुमोदन की आवश्यकता होगी। प्रदेश के छात्रों के लिए खुलेंगे वैश्विक शिक्षा के द्वारराज्य सरकार इस योजना के तहत प्रत्येक छात्र के लिए लगभग 19,800 पाउंड (लगभग 23 लाख) का खर्च वहन करेगी। कुल अनुमानित खर्च 38,048 से 42,076 पाउंड के बीच होगा, जिसमें शेष धनराशि का प्रबंध एफसीडीओ यूके द्वारा किया जाएगा। योगेन्द्र उपाध्याय के अनुसार, यह योजना उत्तर प्रदेश के छात्रों के लिए वैश्विक शिक्षा के द्वार खोलेगी और उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर देगी। औद्योगिक आस्थान और लेदर फुटवियर नीति को मिली मंजूरीयोगी कैबिनेट ने प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण नीतियों को मंजूरी दी है। एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री राकेश सचान ने निर्णय की जानकारी दी। दोनों नीतियों से न केवल औद्योगिक आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी, बल्कि लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे।

### योगी ने संभल में 659 करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात



**सपा-कांग्रेस करती हैं वोट की राजनीति, डबल इंजन करता है विकास : सीएम योगी**

**संभल।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को जनपद संभल के दौरे पर पहुंचे और जिले को 659 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने 222 विकास परियोजनाओं की सौगात दी जिनमें 109 कार्यों का शिलान्यास और 113 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इसके साथ ही उन्होंने संभल में उत्खनन के दौरान प्राप्त पुरातात्विक अवशेषों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री योगी ने यहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विरासत को विस्मृत कर कोई भी आगे नहीं बढ़ सकता। यही याद दिलाने के लिए संभल आया हूं। उन्होंने सपा और कांग्रेस पार्टियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी हत्या करवाती थी और कांग्रेस उनकी करतूतों को ढकने का कार्य करती थी। वे वोट की राजनीति करते थे। हम विकासवादी राजनीति करने आए हैं।

# उप राष्ट्रपति पद के चुनाव के कार्यक्रम की अधिसूचना जारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के लिए नौ सितंबर को होने वाले चुनाव की अधिसूचना गुरुवार को जारी की। आयोग चुनाव कार्यक्रम पहले ही घोषित कर चुका है। नामांकन की अंतिम तिथि 21 अगस्त निर्धारित की गयी है। नामांकन पत्रों की जांच 22 अगस्त को की जाएगी और नाम 25 अगस्त तक वापस लिए जा सकेंगे। मतदान नौ सितंबर को दिन में 10 से पांच बजे तक कराया जाएगा और उसी दिन मतों की गिनती की जाएगी। इस चुनाव के लिए राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी को चुनाव अधिकारी बनाया गया है।

राज्यसभा सचिवालय में संयुक्त सचिव गरिमा जैन और निदेशक विजय कुमार सहायक रिटर्निंग अधिकारी बनाये गये हैं। आयोग ने कहा है कि इस चुनाव प्रक्रिया के संबंध में किसी भी तरह की पुछताछ राज्यसभा महासचिव के कार्यालय (कमरा नं. राज्यसभा 08, ग्रांउड फ्लोर, संसद भवन) मे 3.30 से 4.30 के बीच सोमवार से शनिवार को की जा सकती है (सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर)। नामांकन भरने के लिए प्रत्याशी को 15,000 रुपये का शुल्क जमा करना होगा। शुल्क नामांकन पत्र के साथ रिटर्निंग ऑफिसर को दिया जा सकता है या उससे पहले भारतीय रिजर्व बैंक या सरकारी ट्रेजरी में जमा कराकर उसकी रसीद प्राप्त की जा सकती है।

**राजग के उम्मीदवार चयन के लिए मोदी व नड्डा अधिकृत**

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर बीजेपी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के प्रमुख नेताओं की गुरुवार को यहां बैठक हुई। राजग के घटक दलों ने सर्वसम्मति से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का नाम तय करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को अधिकृत किया है। संसद भवन परिसर में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, आरपीआई (ए) के प्रमुख एवं केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले सहित कई नेता मौजूद थे।

### सीआरपीएफ का वाहन नाले में गिरा, तीन जवानों की मौत, 15 घायल

**जम्मू।** जम्मू संभाग के उधमपुर जिले में गुरुवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक वाहन सड़क से फिसलकर नाले में गिर गया। इस कारण तीन जवानों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना सुबह करीब 10:30 बजे कदवा इलाके में हुई, जब जवान बसंत गढ़ से एक ऑपरेशन से लौट रहे थे। सीआरपीएफ की 187वीं बटालियन के वाहन में 23 जवान सवार थे। दो जवानों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 16 अन्य घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया है, जहां एक और जवान ने दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों की संख्या तीन हो गई। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कंदवा-बसंतगढ़ क्षेत्र में सीआरपीएफ के एक वाहन के साथ हुई सड़क दुर्घटना की खबर सुनकर व्यथित हूं।

### यूपीएससी साक्षात्कार में असफल उम्मीदवारों को प्रतिभा-सेतु पोर्टल से मिलेगा रोजगार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** केंद्र सरकार ने सिविल सेवा परीक्षा के साक्षात्कार तक पहुंचने वाले, लेकिन चयनित न हो पाने वाले हजारों उम्मीदवारों को राहत देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को बताया कि सरकार ने 'प्रतिभा-सेतु' पोर्टल की शुरुआत की है, ताकि इन मेधावी लेकिन असफल उम्मीदवारों को निजी व सार्वजनिक क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक कुल 52,910 उम्मीदवारों ने यूपीएससी साक्षात्कार में हिस्सा लिया, जिनमें से 33,950 उम्मीदवारों का अंतिम चयन नहीं हो सका। इन्हीं उम्मीदवारों के लिए सरकार ने पब्लिक डिस्क्लोजर स्कीम और हाल ही में प्रतिभा-सेतु पोर्टल की शुरुआत की है। यूपीएससी व अन्य सरकारी भर्ती एजेंसियां उन उम्मीदवारों की जानकारी साझा करती हैं, जिन्होंने परीक्षा की एक या एक से अधिक चरण सफलतापूर्वक पार किए हैं, लेकिन अंतिम चयन सूची में स्थान नहीं बना पाए। विवरण अब नेशनल करियर सर्विस पोर्टल और यूपीएससी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, जिन्हें निजी कंपनियां, सार्वजनिक उपक्रम और अन्य संगठन अपने यहां भर्ती के लिए उपयोग कर सकते हैं।




33,950 से अधिक उम्मीदवारों को निजी व सार्वजनिक क्षेत्र में मिलेगा अवसर

### राहुल गांधी के आरोपों पर चुनाव आयोग ने मांगा शपथ-पत्र

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मतदाता सूची में गड़बड़ी के दावे पर साक्ष्य सहित शपथ-पत्र मांगा है। उनसे कहा गया है कि वे लगाए गए अपने आरापों को प्रमाणित करें। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आज राहुल गांधी को पत्र भेजा है। पत्र में उल्लेख है कि कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल कल (8 अगस्त) दोपहर 1 से 3 बजे के बीच मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर एक ज्ञापन सौंपने जा रहा है। पत्र में कहा गया है कि मतदाता सूचियां जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाताओं का पंजीकरण नियम, 1960 के अनुसार पारदर्शी रूप से तैयार की गई हैं। कांग्रेस को ड्राफ्ट सूची नवंबर 2024 और अंतिम सूची जनवरी 2025 में उपलब्ध कराई गई थी। कांग्रेस ने इस मसौदा सूची पर पहली और दूसरी अपील दायर नहीं की।

# निलंबित आईएएस अभिषेक के दलाल के घर छापा

**लखनऊ, मेरठ, नोएडा के ठिकानों पर रेड**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** निलंबित आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश सिंह के दलाल निकांत जैन के 3 ठिकानों पर गुरुवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापा मारा। जैन के लखनऊ स्थित आवास , मेरठ और नोएडा के ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई हुई। जैन रिश्वतखोरी और बैंक से 4 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप में जेल में है। ईडी को आज की कार्रवाई में खातों की डिटेल हासिल हुई है।

वहीं, उसके साथी होटल मालिक राजेंदर सिंह और सौरभ सेठ के घर भी ईडी की टीम पहुंची है। वहां दोनों से पूछताछ की जा रही है। निकांत जैन को 20 मार्च को यूपी एसटीएफने रिश्वतखोरी के एक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोप था कि वह आईएएस अधिकारी के नाम पर इन्वेस्टर्स से काम करवाने के एवज में रिश्वत लेता था। इस मामले में गोमती नगर थाने में केस दर्ज है और 1600 पन्नों की चार्जशीट भी दाखिल की जा चुकी है। हालांकि, कोर्ट से उसे जमानत मिल गई थी, लेकिन दूसरी एफआईआर के चलते वह जेल से रिहा नहीं हो सका। होटल गोल्डन ब्लॉसम के ओनर राजेंदर सिंह के घर भी ईडी पहुंची है। सूचना है कि निकांत इन्हीं के होटल में अधिकारियों को ठहराता था। वहीं, निकांत के साथी सौरभ सेठ के घर भी ईडी पहुंची हुई है। सूत्रों ने बताया है निकांत जैन के खाते से आईएएस अधिकारियों के खातों में लेनदेन मिला है। लखनऊ के विशालखंड निवासी निकांत जैन, उनके भाई सुकांत जैन और वैशाली जैन के खिलाफइंडियन बैंक की शिकायत पर हजरतगंज कोतवाली में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बैंक के शाखा प्रबंधक आशीष जिंदल की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में जैन परिवार पर चार करोड़ रुपए के लोन में धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप लगाए गए हैं। निकांत और उनके परिजनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (आईपीसी) की धारा 409 (आपराधिक न्यासभंग), 420 (धोखाधड़ी), और 465 (जालसाजी) के तहत मामला दर्ज हुआ है। ये सभी धाराएं गैर-जमानती और संगीन अपराधों की श्रेणी में आती हैं। निकांत जैन पर पहले से ही कई गंभीर मामले दर्ज हैं। अब ईडी की छापेमारी से उनके खिलाफ चल रही जांच को और बल मिला है। जांच एजेंसियां इस बात की भी पड़ताल कर रही हैं कि लोन और रिश्वत के मामलों में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

**कार्यक्रम**

### भारत के खिलाफ अमेरिका में व्यापारिक कार्रवाई के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिया बयान

# भारत किसानों, पशुपालकों, मछुआरों के हित के साथ नहीं करेगा समझौता

**अन्न और शांति के लिए डॉक्टर एमएस स्वामीनाथन अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्रारंभ करने की घोषणा**

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारत के खिलाफ अमेरिका में व्यापारिक कार्रवाई के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को साफ-साफ कहा कि भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा।

श्री मोदी प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक और हरित क्रांति के जनक स्वर्गीय डॉक्टर एमएस स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में यहां आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरे भाई बहनों के हितों के साथ कभी समझौता नहीं करेगा।÷ उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने, खेती पर खर्च कम करने और उनकी आय के नए स्रोत बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। श्री मोदी का यह बयान ऐसे समय में और भी महत्वपूर्ण हो गया है जबकि अमेरिका ने भारत के साथ व्यापार समझौते की वार्ता के बीच ही 25 प्रतिशत की दर से आयात शुल्क लगाने घोषणा के बाद, शुल्क को बढ़ा कर 50 प्रतिशत तक करने का ऐलान किया है। विदेश मंत्रालय, अमेरिका के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण और तर्कहीन करार देते हुए कह चुका है कि भारत अपने हितों की रक्षा करेगा। श्री मोदी ने डॉ स्वामीनाथन शताब्दी समारोह के अवसर पर अन्न और शांति के लिए डॉक्टर एमएस स्वामीनाथन अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्रारंभ करने की भी घोषणा की। पहला पुरस्कार नाइजीरिया के एक वैज्ञानिक को दिया गया है। श्री मोदी ने उपनिषदों से वर्णित एक सूक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि अन्न की अवहेलना नहीं होनी चाहिए। अन्न ही प्राण हैं, अन्न जीवन का आधार है। अगर दुनिया में भोजन का संकट हुआ वैश्विक शांति के लिए संकट उत्पन्न हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने भारतीय वैज्ञानिकों का आह्वान किया कि वे भारत में हरित क्रांति लाने वाले डॉक्टर स्वामीनाथन के योगदान से प्रेरणा लेकर अब भारत की पोषण सुरक्षा के लिए कार्य करें। वैज्ञानिक जैविक कृषि और जलवायु परिवर्तन को देखते हुए सूखे और बढ़ी उष्णता की स्थिति में भी अच्छी उपज देने वाली फसलों के विकास पर ध्यान केंद्रित करें।

### सरकार की विदेश नीति पूरी तरह विफल : अखिलेश यादव



**नयी दिल्ली।** भारत पर 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफकी घोषणा के बाद राजनीतिक घमासान मचा है। गुरुवार को समाजवादी पार्टी के मुखिया और कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार की विदेश नीति पूरी तरह विफल हो रही है। कहीं ना कहीं हमारा भारत संकट में है और देश चौतरफा घिरा है। अखिलेश ने मीडिया से बातचीत में कहा, सरकार विदेश नीति पर पूरी तरह विफल रही है। किसान हितों के लिए वादा किया था, लेकिन किसान की आय दोगुनी नहीं हो पाई है। किसान-नौजवान भी संकट में है। अखिलेशने कहा कि अमेरिका से रिश्ते भारत को रखने ही पड़ेंगे। कारोबारी और किसानों के हितों में सोचना चाहिए। प्रधानमंत्री के चीन दौरे पर भी अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, अगर प्रधानमंत्री चीन जा रहे हैं तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी जरूर लेकर जाएं, क्योंकि वह नाम बदलने में आगे हैं और हो सकता है वह चीन का भी नाम बदल दें।

### पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई मर्डर केस में फरार चल रहे बदमाश ढेर

**सीतापुर।** योगी व उत्तर प्रदेश पुलिस अपराधियों पर काल बनकर टूट रही है इसी कड़ी में सीतापुर जिले में पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या के मामले में एक-एक लाख रुपये के इनामी दो अभियुक्त राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम से मुठभेड़ में मारे गये। अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि छह और सात अगस्त की मध्यरात्रि को एसटीएफ की नोएडा इकाई व सीतापुर पुलिस की संयुक्त टीम की पिसावां थाना क्षेत्र में बदमाशों से मुठभेड़ हुई, जिसमें दो बदमाश गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

## खबरें एक नजर में

### नगर पंचायत में कंप्यूटर ऑपरेटर की संविदा नियुक्ति पर सवाल, मंत्री से शिकायत, मंत्री ने डीएम को भेजा पत्र




**लखीमपुर खीरी।** जिला लखीमपुर खीरी के नगर पंचायत बरवर में संविदा पर तैनात एक कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। नगर विकास एवं गरीबी उन्मूलन विभाग द्वारा जिलाधिकारी को भेजे गए एक पत्र में यह दावा किया गया है कि शोभित गुप्ता नामक कंप्यूटर ऑपरेटर की संविदा नियुक्ति न सिर्फ नियमविरुद्ध है बल्कि शासनादेशों की पूरी तरह अवहेलना करते हुए की गई है। इस मामले की शिकायत अमर राठौर द्वारा की गई, जिन्होंने आरोप लगाया कि शोभित गुप्ता की नियुक्ति वर्ष 2013 में उस समय की नगर पंचायत अध्यक्ष संजय शर्मा और तत्कालीन अधिशासी अधिकारी रामखेलावन भार्गव द्वारा बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के कर दी गई थी। गौर करने वाली बात यह है कि वर्ष 2000 के बाद शासन द्वारा संविदा नियुक्तियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। बावजूद इसके, यह नियुक्ति न केवल की गई बल्कि इसके खिलाफ उठी आपत्तियों के बाद भी इसे बहाल कर दिया गया। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि वार्षिक निरीक्षण के दौरान इस नियुक्ति पर आपत्ति दर्ज की गई थी। तत्कालीन अध्यक्ष नसरीन बानो ने बोर्ड प्रस्ताव के आधार पर शोभित गुप्ता को सेवा से पृथक भी किया था। संबंधित ऑडिट आपत्तियों, प्रार्थना पत्र, नोटिस और वेतन भुगतान से जुड़े दस्तावेज भी शिकायत के साथ संलग्न किए गए हैं। एक चौंकाने वाला तथ्य यह भी सामने आया है कि स्वयं शोभित गुप्ता ने 28 मार्च 2013 को दिए अपने पत्र में यह लिखा था कि वे मात्र ?5000 मासिक मानदेय पर कार्य करने को तैयार हैं, जबकि वर्तमान में उन्हें ?22,000 प्रतिमाह भुगतान किया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने यह भी मांग की है कि जांच के दौरान उन्हें भी पक्ष रखने का अवसर दिया जाए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषी अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई हो। इस संबंध में जिलाधिकारी से उनके सीयूजी नंबर पर कई बार (5, 6, 7 अगस्त) संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन डीएम से बात नहीं हो सकी। फोन उनके सहयोगी ने उठाया और बताया कि मैडम अभी मीटिंग में व्यस्त हैं। वहीं एडीएम से संपर्क किए जाने पर उन्होंने कहा, मामले की जानकारी नहीं थी, अभी बाढ़ राहत कार्यों में व्यस्त हूं, जल्द ही इस पर संज्ञान लूंगा।

### पत्नी को भगा ले जाने का आरोप, दो युवकों पर एफआईआर दर्ज

**ईसानगर खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र के गांव लुधौनी निवासी एक युवक ने अपनी पत्नी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए गांव के ही दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लुधौनी निवासी महादेव पुत्र कल्लू राम ने थाना खमरिया में दी गई तहरीर में बताया कि बीती रात यानी 5/6 अगस्त की दरमियान रात उसकी पत्नी को गांव के ही मोनू पुत्र रामजीवन यादव बहला-फुसलाकर भगा ले गया। इस कार्य में ओमप्रकाश पुत्र श्याम प्यारे यादव निवासी लुधौनी ने भी सहयोग किया। महादेव ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी घर में एक वर्ष की पुत्री को छोड़कर गई और जाते समय घर के जेवरात, एक टच मोबाइल, बैंक पासबुक और लगभग रु.5,000 नगद भी अपने साथ ले गई। काफी खोजबीन के बाद भी जब पत्नी का कोई पता नहीं चला तो उसने थाना खमरिया में शिकायत दर्ज कराई। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मामला पंजीकृत कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज कर, जांच उपनिरीक्षक कपिल राघव को सौंपी गई है। जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### साधन सहकारी समिति भेडौरी में खाद वितरण के दौरान किसानों का हंगामा

**बेलरायां, खीरी।** भेडौरी स्थित साधन सहकारी समिति में खाद वितरण के दौरान जमकर हंगामा हुआ। किसानों ने आरोप लगाया कि हर बार की तरह इस बार भी कुछ प्रभावशाली लोगों को प्राथमिकता दी गई, जबकि सामान्य किसान लंबी लाइन में लगने के बावजूद खाली हाथ लौटने को मजबूर हुए। ग्रामीण क्षेत्र के कई किसान तड़के 5 बजे से खाद के लिए समिति पर पहुंच गए थे। उन्हें उम्मीद थी कि समय पर खाद मिल जाएगी, लेकिन समिति खुलते ही कुछ स्थानीय छुटभैया नेता ऑफिस में घुस गए और अपनी मनमर्जी से खाद वितरण करने लगे। इससे लाइन में लगे किसानों में आक्रोश फैल गया। किसानों ने आरोप लगाया कि खाद वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। आक्रोशित किसानों ने समिति की मशीन छीन ली और खाद वितरण को रोक दिया। इस दौरान समिति परिसर में जमकर नारेबाजी और हंगामा हुआ। किसानों ने यह स्पष्ट किया कि समिति के कार्यालय में कोई भी बाहरी व्यक्ति नहीं रहेगा और केवल अधिकृत कर्मचारी ही वितरण प्रक्रिया में शामिल होंगे। काफी बहस और इंतजार के बाद दोबारा खाद वितरण शुरू हुआ। किसानों का कहना है कि हर बार कुछ विशेष लोगों को खाद मिल जाती है, जबकि छोटे और सामान्य किसान घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद मायूस होकर लौट जाते हैं। इससे उनमें भारी नाराज़गी है और वे समिति की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं।

### आई फ्लू का कहर: डॉक्टर देवेंद्र कुमार सिंह ने दी सावधानी बरतने की सलाह

**मितौली खीरी।** बारिश और उमस भरे मौसम में तेजी से फैल रहे आई फ्लू (कंजेक्टिवाइटिस) को लेकर मितौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी व आई स्पेशलिस्ट डॉक्टर देवेंद्र कुमार सिंह ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि यह एक संक्रामक रोग है जो बहुत तेजी से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आई फ्लू से पीड़ित व्यक्ति को सार्वजनिक स्थानों और भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचना चाहिए। स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं अगर लक्षण महसूस करें तो तबीयत ठीक होने तक विद्यालय न जाएं। यह रोग आमतौर पर एलर्जी, बैक्टीरिया या वायरस के कारण होता है। शुरुआत में एक आंख प्रभावित होती है लेकिन धीरे-धीरे दूसरी आंख भी चपेट में आ जाती है। इसके लक्षणों में आंखों में जलन, लालिमा, खुजली, सूजन और चिपचिपे तरल का जमाव शामिल है। बचाव के लिए संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाए रखें, हाथ मिलाने या उनकी वस्तुओं को छूने से बचें, आंखों को ठंडे पानी से धोते रहें और हाथों की नियमित सफाई करें। डॉक्टर ने यह भी चेतावनी दी कि बिना सलाह के कोई भी दवा या आई ड्रॉप का इस्तेमाल न करें। उन्होंने आश्वस्त किया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आई फ्लू के लिए पर्याप्त दवाएं और आई ड्रॉप उपलब्ध हैं और मरीजों का समुचित इलाज किया जा रहा है।

### उचौलिया में प्रस्तावित अंडरपास से व्यापारियों में हड़कंप

**उचौलिया, खीरी।** राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा कस्बे के वनकागांव तिराहे पर राष्ट्रीय राजमार्ग के डिवाइडर कट पर अंडरपास निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसके कुछ माह में शुरू होने की संभावना है। जैसे ही यह सूचना सामने आई, कस्बे के व्यापारियों में व्यापार चौपट होने की आशंका से खलबली मच गई है। कस्बेवासियों का कहना है कि जहां यह अंडरपास बनाया जा रहा है, वहां आज तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है, क्योंकि लोग सतर्क और जागरूक हैं, जबकि क्षेत्र के अन्य स्थानों जैसे मोहीउद्दीनपुर चौराहा, सोनौवा तिराहा, मोहदियापुर तिराहा, उचौलिया नहर मार्केट, कोटरा गांव और जलालपुर गांव में आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। मोहीउद्दीनपुर चौराहे पर हाल ही में दो युवकों की मौत हो चुकी है, वहीं सोनौवा तिराहे से हरदोई की ओर से लगातार भारी वाहनों का आवागमन होता है और हादसे होते रहते हैं। मोहदियापुर तिराहे और कोटरा गांव में सड़क पार जाने के लिए लोग अवैध कट का सहारा ले रहे हैं और जलालपुर गांव में बच्चे डिवाइडर पार कर स्कूल जाते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

### डीएम ने नगर पालिका बलरामपुर में निर्माणधीन ओवर हेड टैंक का किया निरीक्षण

**बलरामपुर।** डीएम पवन अग्रवाल द्वारा जल निगम (शहरी) द्वारा नगर पालिका बलरामपुर में निर्माणधीन ओवर हेड टैंक एवं पंप हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम के साथ टेक्निकल टीम मौजूद रही, मास्टर हाउस का कार्य मानकरूप ना पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की एवं सहायक अभियंता को फटकार लगाई। उन्होंने तत्काल सभी कमियों को दूर किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को परखा एवं थर्ड पार्टी जांच रिपोर्ट को देखा। समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड , अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बलरामपुर व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### अयोध्या से निकली बाइक कावड़ यात्रा, श्रीसिद्धेश्वरनाथ मंदिर पर हुआ स्वागत

**सादुल्लानगर/ बलरामपुर।** सावन माह की शुक्ल पक्ष की पावन तेरस के शुभ अवसर पर, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री सिद्धेश्वरनाथ मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य बाइक कावड़ यात्रा का आयोजन हुआ। अयोध्या धाम से सरयू मैया का संकल्पित पावन जल लेकर सैकड़ों श्रद्धालु बाइक द्वारा कांवड़ लेकर निकले और साधु नगर स्थित श्री सिद्धेश्वरनाथ मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक किया। मंदिर प्रांगण में पहुंचने पर समिति द्वारा पुष्पवर्षा एवं माल्यार्पण कर सभी कांवरियों का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भक्तों को उनके उज्ज्वल भविष्य व सुख-समृद्धि की मंगलकामनाएं दी गईं। मंदिर समिति के सक्रिय सदस्य विनय गुप्ता ने बताया कि सावन मास में यह पावन परंपरा निरंतर निभाई जा रही है, जिसमें श्रद्धालु अयोध्या धाम से सरयू जल लेकर नागेश्वरनाथ मंदिर अयोध्या, करोंहानाथ मंदिर मनकापुर और अंत में श्री सिद्धेश्वरनाथ मंदिर साधु नगर में जलाभिषेक करते हैं।

# कुंभी ब्लॉक का सीडीओ ने किया औचक निरीक्षण

- कई कर्मचारी मिले गैरहाज़िर, वेतन कटौती व मानदेय रोकने के निर्देश, लापरवाही पर जताई सख्त नाराज़गी

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और सरकारी कार्यालयों में अनुशासन की स्थिति को परखने के लिए मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिषेक कुमार ने गुरुवार को कुंभी (गोला) ब्लॉक स्थित बाल विकास कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में भारी अव्यवस्थाएं और अनियमितताएं उजागर हुईं। सीडीओ जब अचानक कार्यालय पहुंचे तो वहाँ की स्थिति देख वे नाराज़ हो गए। निरीक्षण के दौरान लगभग 10 संविदा कर्मचारी और 5 नियमित कर्मचारी बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। इस पर सीडीओ ने मौके पर ही सख्त कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अनुपस्थित कर्मचारियों की वेतन कटौती की जाए और मानदेय तत्काल प्रभाव से रोका जाए। निरीक्षण के समय कार्यालय का अधिकांश कार्य ठप मिला। कई जरूरी फाइलें अधूरी पाई गई और स्टाफ की गैरहाज़िरी के कारण कार्यों में स्पष्ट शिथिलता दिखाई दी। इस पर सीडीओ ने कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों से पूछा कि जब कर्मचारी ही मौजूद नहीं हैं तो आमजन को सेवाएं कैसे मिलेंगी।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने मौके पर ही निर्देश दिए कि कार्यालय का कार्य तत्काल प्रभाव से सुचारु रूप से संचालित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोहराए जाने पर और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें निलंबन तक की संस्तुति शामिल हो सकती है।

सीडीओ अभिषेक कुमार के लगातार हो रहे औचक निरीक्षणों से जिले के विभिन्न विभागों में हड़कंप मचा हुआ है। कई कार्यालयों में अधिकारी और कर्मचारी अब समय से पहले पहुंचने लगे हैं। कर्मचारी वर्ग में अनुशासन को लेकर एक नई चेतना जागृत होती दिख रही है। सीडीओ ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक सही समय पर पहुँचे, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने दो टूक कहा कि, काम में लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### कल्टीवेटर चोरी, अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज

**ईसानगर (खीरी)।** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लालजीपुरवा, मजरा अमेठ निवासी राज किशोर कोरी ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध कल्टीवेटर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राज किशोर का 9 हार्सपावर का कटीवेटर उनके घर के बाहर खड़ा था, जिसे 2 अगस्त की रात अज्ञात चोर चुरा ले गए। पीड़ित ने कोतवाली में लिखित तहरीर दी। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश मिश्रा ने बताया कि शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी किए गए कल्टीवेटर की बरामदगी तथा चोरों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को लेकर सतर्कता बढ़ाई जा रही है और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

**बाढ़ से गन्ने की फसल को भारी नुकसान...**

# गन्ना विभाग और चीनी मिल अधिकारियों ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लगातार बारिश और बाढ़ के चलते जिले के कई गांवों में गन्ने की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। नुकसान का आकलन करने के लिए गुरुवार को गन्ना विभाग और चीनी मिलों के अधिकारियों की संयुक्त टीमों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह ने खम्भारखेड़ा चीनी मिल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गोपालपुरवा, खांभी, ग्रन्ट नंबर-12 और पिपरागूम गांवों का निरीक्षण कर गन्ने की फसल की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद किसानों से बातचीत करते हुए खेतों में भरे पानी को निकालने के लिए तुरंत उपाय करने के निर्देश दिए। वहीं उप गन्ना आयुक्त, लखनऊ परिक्षेत्र ने ऐरा चीनी मिल क्षेत्र के महेवा, सेखनापुर, खानीपुर, रेहरिया, लुधौनी, जसवंत नगर, मड़वा, प्रीतमपुरवा, अमर नगर और पिपरिया गांवों का दौरा किया। दौरे के दौरान गन्ना विभाग और मिल अधिकारियों की मौजूदगी में किसानों को तकनीकी सुझाव भी दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि जहां गन्ने की फसल गिर गई है, वहां 24 घंटे के भीतर उसे खड़ा कर बांधने की कोशिश की जाए। बसंतकालीन गन्ना फसल में अधिक नुकसान की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में खेतों से पानी निकलने के बाद उसमें कार्बेन्डाजिम या थायोफिनेट मिथाइल एक लीटर तथा एनपीके पांच किलो को 800 से 1000 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करने की सलाह दी गई है, जिससे पौधों की वृद्धि में मदद मिलेगी। सभी चीनी मिलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने फील्ड स्टाफ को गांवों में भेजकर किसानों को हरसंभव तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराएं ताकि फसल के नुकसान को कम किया जा सके।

# लालबोझी व कामतापुरवा के 325 बाढ़ पीड़ितों को बांटी गई राहत सामग्री

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील निघासन क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों में राहत कार्य तेज कर दिए गए हैं। लगातार बारिश के चलते लालबोझी गांव में पानी भर जाने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गुरुवार को लुधौरी बाजार के टीन शेड में क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा ने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की। इस दौरान एसडीएम राजीव निगम, तहसीलदार मुकेश कुमार, कानूनगो लक्ष्मण यादव व लेखपाल स्वाती सिंह मौजूद रहे।

लालबोझी व कामतापुरवा के कुल 325 बाढ़ पीड़ितों को प्रशासन की ओर से राहत सामग्री वितरित की गई। वितरण से पहले विधायक शशांक वर्मा ने स्वयं राहत किट खोलकर उसमें रखे सामान की गुणवत्ता व वजन की जांच की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत सामग्री में यदि गुणवत्ता या तौल में कोई कमी पाई गई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार व प्रशासन आपके साथ खड़ा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जरूरतमंद परिवारों को समय से मदद मिले और किसी को भी राहत से वंचित न रखा जाए।

राहत वितरण कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही। ग्रामीणों ने विधायक व प्रशासन का आभार जताया।

# तेज धार नाले में डूबे युवक का शव पांच घंटे बाद मिला, गांव में छाया मातम

- गोताखोरों की कड़ी मशक्कत के बाद बरामद हुआ शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**बिजुआ (खीरी)।** ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के मुड़िया पूजा गांव निवासी बाबूराम (35) का शव घटना के करीब पांच घंटे बाद गोताखोरों की कड़ी मशक्कत के बाद बरामद कर लिया गया। गुरुवार सुबह नाले में डूबे बाबूराम की तलाश में प्रशासन और ग्रामीण लगातार जुटे रहे। शाम करीब चार बजे शव बरामद होते ही गांव में कोहराम मच गया। बता दें कि गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे बाबूराम पुत्र शिवरतन लाल अपने खेत से लौटते समय गांव के पास बंधा की एक पुलिया पार कर रहे थे। तेज बहाव के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया और वह फिसलकर उसी तेज धार में बह गए। घटना की जानकारी मिलते ही फूलबेहड़ पुलिस मौके पर पहुंची और बाढ़ राहत चौकी पूजा गांव तथा लेखपाल राजीव वर्मा को भी सूचित किया गया। स्थानीय गोताखोरों की मदद से पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कराया। करीब पांच घंटे की कड़ी मेहनत के बाद शाम करीब चार बजे बाबूराम का शव नदी से बरामद किया गया। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। वहीं, लेखपाल द्वारा राजस्व विभाग को भी घटना की जानकारी दे दी गई है।

# बीबीपुर में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का डंडा, बरसाती पानी की निकासी का रास्ता हुआ साफ

- ग्राम प्रधान बलवंत सिंह की पहल रंग लाई, ग्रामीणों ने जताया आभार

**बिजुआ (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



बरसात के मौसम में जलभराव से परेशान बीबीपुर गांव के ग्रामीणों को आखिरकार राहत मिल गई है। वर्षों से सड़क किनारे अतिक्रमण कर बनाए गए निर्माण को गुरुवार को प्रशासन ने पुलिस बल की मौजूदगी में हटा दिया। यह कार्रवाई ग्राम प्रधान बलवंत सिंह की सक्रिय पहल और ग्रामीणों की शिकायत के बाद हुई। ग्रामीणों का कहना है कि शीशपाल पुत्र प्रसादी द्वारा सड़क किनारे अवैध कब्जा के चलते बरसाती पानी गांव में भर जाता था और घरों में घुसकर भारी नुकसान पहुंचाता था। पानी की निकासी रुकने से खेतों और रास्तों पर कीचड़ जमा हो रहा था, जिससे आवागमन भी प्रभावित हो रहा था। शुरुआती दौर में अतिक्रमण हटाने का विरोध किया गया। गांव के ही शीशपाल पुत्र प्रसादी ने न सिर्फ विरोध किया बल्कि मौके पर पहुंची ब्लॉक की टीम को काम नहीं करने दिया। हालात तनावपूर्ण होने लगे तो ग्राम प्रधान बलवंत सिंह, ग्राम विकास अधिकारी आशुतोष सिंह और पीड़ित ग्रामीणों ने कोतवाली भीरा में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अधिकारियों की मौजूदगी में अवैध निर्माण हटाया गया। इस दौरान विवाद भी हुआ। बताया गया कि अतिक्रमण हटाने का विरोध कर रहे पक्ष ने पड़ोसी सर्वेश मिश्रा और उनके बेटे राहुल मिश्रा के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। पीड़ित पक्ष ने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। ग्राम प्रधान बलवंत सिंह ने कहा, ÷यह कार्रवाई पूरी तरह जनहित में की गई है। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक रास्तों पर कब्जा नहीं कर सकता। गांव में कानून का राज रहेगा और अराजकता फैलाने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यवाही के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। गांव के सर्वेश कुमार, विनोद कुमार, कौशल, धर्मेंद्र, किशोर और राहुल मिश्रा सहित कई लोगों ने ग्राम प्रधान व प्रशासन का आभार जताया। ग्रामीणों ने कहा कि अब जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी और रास्ता साफ रहने से आवागमन में भी सुविधा होगी।

# यूरिया के लिए लंबी कतारें, किसानों का निजी दुकानदारों पर मनमानी का आरोप

**बीपी त्रिपाठी/आशीष गुप्ता**



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** सादुल्लाहनगर क्षेत्र में इन दिनों यूरिया खाद की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। साधन सहकारी समितियों और निजी दुकानों पर हजारों किसान सुबह से लाइन लगाकर खड़े हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद बहुत से किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। गुरुवार को परसिया गोदाम पर यूरिया वितरण के दौरान भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही हजारों किसान लाइन में लगे थे, जिनमें महिलाओं की भी अलग कतार लगी थी। भीषण गर्मी और धूप के बीच किसान घंटों इंतजार करते रहे, लेकिन कई किसान ऐसे भी रहे जिन्हें यूरिया नहीं मिल सका।

**सहकारी समितियों पर देरी, निजी दुकानों पर मनमानी:** साधन सहकारी समिति सादुल्लाहनगर और परसिया में यूरिया 270 रुपये प्रति बोरी की दर से बेचा जा रहा है, लेकिन शिकायतें मिल रही हैं कि समितियों में खाद आने के तीन-चार दिन बाद तक वितरण शुरू नहीं किया जाता, जिससे किसान और अधिक परेशान हो रहे हैं। दूसरी ओर निजी दुकानदार यूरिया 320 रुपये प्रति बोरी की दर से बेच रहे हैं और इसके साथ जबरन 80 रुपये की दवा या अन्य खाद लेने का दबाव बना रहे हैं। किसानों का आरोप है कि प्रभावशाली लोगों को दस से बीस बोरी यूरिया आसानी से दे दी जाती है, जबकि आम किसानों को एक बोरी भी नहीं मिल पा रही।

**शिकायत दर्ज, किसानों में आक्रोश:** किसान अब्दुर्रहमान ने इस संबंध में निजी दुकानदारों की मनमानी के खिलाफ शिकायत की है और प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने मांग की है कि यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। निजी दुकानों पर हो रही जबरन बिक्री पर रोक लगे। सहकारी समितियों पर समय से वितरण किया जाए। नंद किशोर श्रीवास्तव, राधेश्याम, गिरिशेंद्र, अबुबकर, सालिकराम आदि किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे प्रशासनिक कार्यालयों पर प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

### राप्ती नदी के बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर एसडीएम अभय सिंह ने किया तटबंधों का निरीक्षण

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



राप्ती नदी के बढ़ते जलस्तर से तटवर्ती ग्रामों में सड़कों पर पानी आ गया है।एस डी एम उतरौला अभय सिंह ने तटवर्ती ग्रामों का निरीक्षण कर कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। राप्ती नदी के बढ़ते जलस्तर से तहसील के करीब आधा दर्जन गांवों में रास्ते पर पानी बह रहा है, मटयारिया कर्मा, लाल नगर, विरदा बनिया भारी, मिलौली बाघाजोत, रुस्तम नगर में गांव के आने जाने वाले रास्तों पर पानी बह रहा है। नदी के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए उपजिलाधिकारी उतरौला अभय सिंह ने लालनगर, विरदा बनिया भारी व अन्य तटवर्ती ग्रामों का निरीक्षण किया और लेखपाल को आवश्यक निर्देश दिया गया। लालानगर में राप्ती नदी के मुहाने पर बसे परिवारों को सुरक्षित स्थान पर जाने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण राजा, शादाब, अफजल आदि ने बताया कि नदी का जलस्तर स्थिर है नदी का पानी कम होते ही कटान शुरू हो जाएगी हर बार गांव को बचाने के लिए बम्बू कैरेट बनाया तो जाता है लेकिन कटान वाले स्थानों पर नहीं लगाया जाता है।

# विशम्भरपुर सरयू नहर में दिखी डॉल्फिन, वन विभाग ने किया सफल रेस्क्यू



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** सादुल्लानगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा विशम्भरपुर के पास स्थित सरयू नहर में गुरुवार को एक दुर्लभ प्रजाति की डॉल्फिन देखी गई। डॉल्फिन को देखकर ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। कई लोगों ने अपने मोबाइल से वीडियो और फोटो भी बनाई। स्थानीय निवासी रामकुमार, राजनपाल, सुशील, उमंग, विजय आदि ने बताया कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि अपने गांव के पास नहर में डॉल्फिन जैसी जलजीव दिखाई देगी। विशेषज्ञों का कहना है कि यह संभवतः गंगा डॉल्फिन थी, जो कि एक विलुप्तप्राय प्रजाति मानी जाती है और कभी-कभी सरयू या घाघरा जैसी नदियों में देखी जाती है। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। रेंजर वीरेंद्र तिवारी के नेतृत्व में वन दरोगा सुभाष यादव और सहयोगी कर्मचारी बहुसूरत, मनीराम, चंद्रभान, पतिराम, वरसाती, हामीद, सुनील,व लल्लू ने मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। जाल की सहायता से डॉल्फिन को सुरक्षित बाहर निकाला गया और उसे सरयू नदी अयोध्या में छोड़ दिया गया।

# त्यौहार के दृष्टिगत मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय एवं भण्डारण पर रोक लगाने को छापेमारी जारी

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उप्र, लखनऊ एवं जिलाधिकारी बलरामपुर के निर्देश के क्रम में रक्षाबन्धन के अवसर पर मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय एवं भण्डारण पर रोक लगाने के क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य)-II, बलरामपुर के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की गठित टीम द्वारा दिनांक 07.08.2025 को कुल 6 नमूनें संग्रहित किये गये, जिसमें से सादुल्लाहनगर बाजार स्थित कल्लू मिष्ठान भण्डार से पेडा, सूजी हलवा एवं सूजी बर्फी, का एक-एक नमूना, रामचन्द्र वर्मा की दुकान पराग मिल्क बार से पनीर एवं छेना का रसगुल्ला का एक-एक नमूना तथा अचलपुर चौधरी स्थित अहान डेयरी से पेड़ा का एक नमूना संग्रहित किया गया। रक्षाबन्धन अभियान में अभी तक कुल 19 नमूनें प्रवर्तन कार्यवाही में संग्रहित किये जा चुके है।

### सादुल्लानगर में खाद्य विभाग की छापेमारी, मिठाई व खाद्य सामग्री के लिए गई सैंपलिंग



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** नगर क्षेत्र में मिलावटखोरी की बढ़ती शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गुरुवार को सादुल्लानगर बाजार में कल्लू मिष्ठान भण्डार व वर्मा पराग डेयरी व अचलपुर चौधरी पर अहान डेयरी औचक छापेमारी की। इस दौरान दुकान से सूजी, बर्फी, सूजी बर्फी, चीनी स्किल्स पाउडर, छेना, पेड़ा समेत कई खाद्य पदार्थों के सैंपल एकत्र किए गए। टीम का नेतृत्व कर रहे खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेकेदुबे,एस डी तिवारी, चंद्रभानू, श्रीराम मौर्या ने बताया कि यह कार्यवाही मिलावट रोकथाम अभियान के तहत की गई है। संदेहास्पद खाद्य सामग्री के सैंपल जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी के दौरान बाजार में हड़कंप मच गया। कई दुकानदारों ने आनन-फानन में अपनी दुकानों पर रखी संदिग्ध वस्तुओं को छुपाने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने कड़ी निगरानी में सैंपलिंग की प्रक्रिया को पूरा किया। खाद्य विभाग ने व्यवसायियों से अपील की है कि वे शुद्ध एवं मानक खाद्य सामग्री ही बेचें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

# उत्तर प्रदेश टूरिज्म का ग्लोबल शोकेस बनेगा पेरिस का आईएफटीईएम

## पेरिस में 23 से 25 सितम्बर तक होगा इंटरनेशनल एंड फ्रेंच ट्रैवल मार्केट टॉप रेसा 2025, 120 देशों के सामने रखी जाएगी यूपी के पर्यटन स्थलों की जानकारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को बीते 8 साल में बीमारू प्रदेश से उबार कर देश का ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब यूपी के पर्यटन सेक्टर को ग्लोबल मार्केट से जोड़ने का बीड़ा उठा लिया है।

पर्यटन विभाग के अधिकारियों को आगामी 23 से 25 सितम्बर के बीच फ्रांस की राजधानी पेरिस के पोर्टे डे वर्सेल्स में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल एंड फ्रेंच ट्रैवल मार्केट टॉप रेसा 2025 में भागीदारी के लिए तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए हैं।



पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह अंतरराष्ट्रीय आयोजन प्रतिवर्ष होता है। इस इंटरनेशनल एंड फ्रेंच ट्रैवल मार्केट में यूपी पर्यटन विभाग प्रदेश के टूरिज्म सेक्टर की अनगिनत संभावनाओं को दुनिया के सामने रखने की पूरी योजना बना रही है। ताकि विदेशी पर्यटक और निवेशक उत्तर प्रदेश की ओर आकर्षित हो सकें। इस आयोजन में 120 से अधिक देशों के प्रतिनिधि जुटेंगे। विभाग उत्तर प्रदेश के पारम्परिक नृत्यों जैसे मयूर नृत्य, रास लीला, आदिवासी नृत्य, बुंदेली लोक नृत्य और कथक को लाइव प्रदर्शित करने की तैयारी कर रहा है।

### यूपी के हेरिटेज और वेलनेस पर्यटन पर होगा विशेष जोर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पर्यटन विभाग यहां के हेरिटेज टूरिज्म, वेलनेस और आयुर्वेद, इको और ग्रामीण पर्यटन की विशिष्टताओं को प्रदर्शित कर विदेशी सैलानियों और निवेश को आकर्षित करने के लिए विशेष तैयारी कर रहा है। आयुर्वेद रिट्रीट, योग केंद्र और ग्रामीण होमस्टे जैसे अवसरों को पेरिस में आयोजित होने वाले इवेंट में विशेष रूप से हाइलाइट किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की पर्यटन नीति के तहत निवेशकों को पूंजीगत सब्सिडी, भूमि आवंटन और आसान मंजूरी जैसे लाभ बताए जाएंगे, जो यहां के खंडहर हो रहे किले, महल और आध्यात्मिक स्थलों के विकास में मदद करेंगे।

### आईएफटीईएम टॉप रेसा 2025 में छाने की हो रही जोरदार तैयारी

इंटरनेशनल एंड फ्रेंच ट्रैवल मार्केट (आईएफटीईएम) टॉप रेसा 2025 के लिए यूपी पर्यटन विभाग जोर-शोर से तैयारी कर रहा है। यहां विदेशी आगंतुकों को उत्तर प्रदेश के स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प, जैसे ओडीओपी उत्पादों और विविध संस्कृतियों की झलक दिखाई जाएगी। स्टॉल पर उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्प, कलाकृतियां और मंदिर वास्तुकला से सजा रचनात्मक सेट-अप होगा, जो आगंतुकों को सीधे आकर्षित करेगा।

# नेपाल से सटे सात जिलों पर दो माह में 130 अवैध निर्माण पर गरजा योगी का बुलडोजर

**सीएम योगी के निर्देश पर अब तक चिन्हित किए गए 298 अवैध निर्माण, 223 को भेजी गई नोटिस**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले 60 दिनों में नेपाल सीमा से सटे जिलों में अवैध कब्जों और बिना मान्यता संचालित धार्मिक संस्थानों के खिलाफ ताबड़तोड़ बुलडोजर की कार्रवाई की गयी। इस दौरान कुल 298 अवैध मस्जिद, ईदगाह, मदरसे और मजार को चिन्हित किया गया। जबकि 223 अवैध निर्माण के खिलाफ नोटिस जारी की गयी।

वहीं, 198 अवैध निर्माण को सील करते हुए 130 अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। मुख्यमंत्री योगी का बुलडोजर पीलीभीत, श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थनगर और महराजगंज में अवैध निर्माण पर खूब गरजा। वहीं, सबसे अधिक श्रावस्ती में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की गयी। श्रावस्ती जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इंडो नेपाल बार्डर के 10 किमी. के मध्य सरकारी भूमि और निजी भूमि पर बने अवैध मजिस्द, ईदगाह, मदरसे और मजार के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में योगी सरकार के निर्देश पर श्रावस्ती में अब तक 149 अवैध निर्माण को चिन्हित किया गया है। इनमें से सभी 149 अवैध निर्माण को नोटिस दी गयी जबकि 140 अवैध निर्माण को सील किया गया। वहीं, 37 अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। अवैध निर्माण के खिलाफ अभी भी कार्रवाई जारी है। लखीमपुर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि जिले में कुल 13 अवैध निर्माण को चिन्हित किया गया। इनमें से 1 अवैध निर्माण को नोटिस दी गयी जबकि 10 अवैध निर्माण को सील किया गया।

## खबरें एक नजर में

### निकली कलश यात्रा, खाटूश्याम मंदिर में शुरू हुई भागवत्

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या धाम के क्रांतिकारी कथा व्यास स्वामी बाल भरत जी महाराज द्वारा संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा गुरुवार से बीरबल साहनी मार्ग स्थित खाटू श्याम मंदिर में शुरू हुई। कथा से पहले सुबह कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण करते प्रभु नाम के जयकारे लगाते हुए चल रही थी तो वहीं इस्कॉन मंदिर से आई टीम ने हरे रामा हरे कृष्णा संकीर्तन करते हुए चल रही थी संकीर्तन से यात्रा में चल रहे श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूम रहे थे और नृत्य कर रहे थे। कलश यात्रा पंचमुखी हनुमान मंदिर से शुरू होकर खाटू श्याम मंदिर पर समाप्त हुई। कलश यात्रा में कथा व्यास बालभरत जी महाराज व आयोजक प्रदीप अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त चल रहे थे यात्रा में जगह-जगह भगवान् के जयकारे लग रहे थे शाम को कथा व्यास बाल भारत जी महाराज ने भागवत कथा का शुभारंभ करते हुए भागवत के महत्व की चर्चा की। उन्होंने कहा कि कथा सुनने से पितरों को शांति और मुक्ति मिलने के साथ ही आत्मिक ज्ञान की प्राप्ति होती है।

### राजधानी में झमाझम बारिश, छुट्टी के समय भीगे बच्चे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में दोपहर बाद तेज बारिश शुरू हो गई है। गोमती नगर, हजरतगंज आदि इलाकों में झमाझम बारिश हो रही है। अगले 3 घंटे तक बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। महानगर में नगर निगम की पानी की टंकी टपकने लगी है। लखनऊ में लगातार छह दिन से बारिश हो रही है। आज सुबह मौसम साफथा। दोपहर में स्कूलों में छुट्टी के वक्त बरसात होने से स्कूली बच्चे भीग गए। मौसम विभाग ने 1-2 बार बारिश के आसार जताए थे। आज अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रह सकता है। बुधवार देर रात तक लखनऊ में बारिश का दौर जारी रहा। अधिकतम तापमान 32.3 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री रहा। दिनभर में 57.7 मिलीमीटर बारिश हुई। महानगर में पानी की टंकी टपकने लगी है। यह टंकी नगर निगम के जलकल विभाग जोन-3 के अंतर्गत आती है। पानी की टंकी के बगल में पूर्व डीजीपी का घर है। पानी टपकने से टंकी के गिरने का खतरा बना हुआ है।

### रालोद ने उठाई किसानों को राहत और मुआवजे की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने आज प्रदेश के जल संसाधन एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के प्रमुख सचिव अनिल गर्ग से भेंट की। इस दौरान प्रदेश में आए भीषण बाढ़ संकट और उससे प्रभावित क्षेत्रों की गंभीर स्थिति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। श्री दुबे ने बताया कि इस बाढ़ में 550 से अधिक घर जलमग्न हो चुके हैं और राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत कार्यों में तेजी लाने और किसानों को उनकी नष्ट हुई फसलों का उचित मुआवजा तत्काल देने की बात की। प्रमुख सचिव को अवगत कराया कि बहराइच, लखीमपुर, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, अमरोहा, इटावा, बदायूं और आसपास के जिलों अधिक बारिश देखी जा रही है। प्रभावित जिलों में बिजनौर, बहराइच, लखीमपुर, खीरी, भदोही, चंदौली, चित्रकूट, इटावा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, गाजीपुर, गोरखपुर, हमीरपुर, जालौन, कानपुर नगर, कानपुर देहात, मिर्जापुर, बांदा, कासगंज, प्रयागराज सहित अनेक क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए उन्होंने सरकार से ठोस और त्वरित कदम उठाने की मांग की।

### केजीएमयू में ओपीडी की लिफ्ट बीच में अटकी, मरीज फंसे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** केजीएमयू की ओपीडी में औसतन 7 से 8 हजार मरीज हर रोज डॉक्टर को दिखाने के लिए पहुंचते हैं। इनमें बड़ी संख्या गंभीर रोगियों की भी होती है। न्यू ओपीडी बिल्डिंग 4 फ्लोर की है। गुरुवार सुबह अचानक सेकेंड फ्लोर पर लिफ्ट रुकने से अंदर फंसे लोगों की सांसें अटक गईं। इस दौरान जब लिफ्ट के अंदर मेंशन नंबर पर कॉल किया गया तो कुछ नंबर महज 9 डिजिट के होने के कारण कॉल नहीं लगा। जानकारी के मुताबिक, ओपीडी की न्यू बिल्डिंग में अचानक इलेक्ट्रिकल कनेक्शन का ड्यूक उड़ गया, जिसके चलते लिफ्ट की पावर सप्लाई बाधित हुई। इसके चलते एक नहीं बल्कि सभी 6 लिफ्ट रुक गईं। इस दौरान जिन लिफ्ट में लोग थे, वे परेशान हो गए। मेंटीनेंस टीम मौके पर पहुंची। लिफ्ट को जनरेटर से जोड़कर पावर सप्लाई दी गई। लिफ्ट में फंसे लोग बाहर निकले। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि लिफ्ट रुकने से मरीज कोई भी प्रभावित नहीं हुआ है। एक मिनट के लिए लिफ्ट रुकी थी। लाइट जाने के बाद चेंज ओवर हुआ। लिफ्ट टेक्नीशियन भी मेरे साथ मौजूद रहे।

### बीजेपी नेता नीरज सिंह से क्षत्रिय समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गुरवार को श्रीराम क्षत्रिय सेना के प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय जनता पार्टी के नेता नीरज सिंह से शिष्टाचार भेंट करके लखनऊ महानगर के भाजपा के संगठन में क्षत्रिय समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग की । श्रीराम क्षत्रिय सेना के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुना बक्स सिंह निर्भय, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री मुसाफिर सिंह, जिला अध्यक्ष विजय सिंह धाकरे, जिला संगठन मंत्री सम्राट सिंह राजावत, जिला मीडिया प्रभारी डी पी सिंह चौहान, जिला मंत्री मान सिंह तोमर, श्याम सिंह राठौर, डॉ एस पी सिंह चंदेल, जदुनाथ सिंह भदौरिया आदि उपस्थित रहे।

### हयात इंस्टीट्यूट के छात्रों को मिले टैबलेट, चेहरों पर खिली मुस्कान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** काकोरी रोड़ स्थित हयात इंस्टीट्यूट ऑफनर्सिंग में पाठ्यक्रम एएनएम और जीएनएम में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत शासन द्वारा प्रदत्त 83 टैबलेट वितरित किये गये। टैबलेट पाकर छात्र-छात्राओं चेहरों पर मुस्कान खिल उठी। कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित संस्थान के अध्यक्ष मौलाना जहीर अहमद सिद्दीकी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। संस्थान के अन्य संस्थापक सदस्य अरशद जहीर सिद्दीकी, तारिक अनवर खान, नसीम साहब एवं मोहम्मद आरिफ ने छात्र-छात्राओं को तकनीक का सदुपयोग कर अपने सर्वांगीण विकास हेतु प्रेरित किया साथ ही कहा कि सरकार की यह योजना शिक्षा को डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### विद्यार्थियों व कलाकारों ने की संस्कृति मंत्री से मुलाकात

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ स्थित दूरदर्शन केंद्र में उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान एवं दूरदर्शन केंद्र, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जनजातीय नृत्य रिकॉर्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी की थारू छात्राओं द्वारा पारंपरिक जनजातीय नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, वहीं रामआधार एवं दल सोनभद्र द्वारा प्रसिद्ध कर्मा नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का हृदय जीत लिया। लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत, दोनों दलों-छात्राओं का समूह एवं लोक कलाकारों का दल संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह से शिष्टाचार भेंट के लिए उनके आवास पर पहुंचे। यह भेंट सिर्फऔपचारिक नहीं थी, बल्कि एक आत्मीय संवाद का अवसर बनी, जिसमें बच्चों एवं कलाकारों ने अपने अनुभव, भावनाएं और संस्कृति के प्रति अपने जुड़ाव को साझा किया।

**महिला कल्याण व बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने पोषण पाठशाला के मौके पर कहा**

# पोषण मिशन में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पोषण अभियान के अन्तर्गत बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा स्टंटिंग की समझ और समाधान- जन्म के पहले 06 माह पर विशेष ध्यान विषय पर गुरूवार को पोषण पाठशाला का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा किया गया।



महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि पोषण मिशन में लापरवाही पर त्वरित कार्यवाही होगी । राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला की उपस्थिति में प्रमुख सचिव महिला कल्याण लीना जौहरी के नेतृत्व में इस पोषण पाठशाला कार्यक्रम का संचालन हुआ। इसका आयोजन यूनिसेफ के सहयोग से किया गया। पोषण पाठशाला में बी.चंद्रकला, सचिव, बाल विकास पुष्टाहार विभाग, संदीप कौर, निदेशक, बाल विकास पुष्टाहार विभाग और उप निदेशक एवं अनुपमा शांडिल्य, उप निदेशक भी उपस्थित रहे। इन सभी अधिकारियों ने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों ने भी अपने विचार साझा किए। प्रोफेसर डॉ. एम.एम.ए. फरीदी (डीन एमेरिटस, एरा यूनिवर्सिटी, लखनऊ), डॉ. समीर एम. पवार (न्यूट्रिशन स्पेशलिस्ट, यूनिसेफ नई दिल्ली), और डॉ. रविश शर्मा ने प्रतिभागियों को स्टंटिंग, इसके प्रभाव और समुदाय आधारित समाधान की व्यावहारिक जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रदेश भर से डीपीओ, सीडीपीओ, मुख्य सेविकाएं, आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं आईसीडीएस से जुड़े लाभार्थी गर्भवती महिलाएं, धात्री महिलाएं और छोटे बच्चों के अभिभावकों ने वेबकास्ट के माध्यम से भाग लिया।

> उन्होंने कहा कि जीवन के पहले छह महीनों में केवल स्तनपान और पहले 1000 दिनों में संतुलित पोषण प्रदान कर बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को सुदृढ़ किया जा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार की रणनीति छह माह, सात बार के अंतर्गत छह माह से कम आयु के शिशुओं की नियमित निगरानी, बीमारी प्रबंधन और माताओं को स्तनपान सहायता प्रदान करने पर विशेष बल दिया जा रहा है।

# पर्यटन के नक्शे पर लाए जाएंगे लखनऊ व आसपास के जिलों के धार्मिक स्थल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों के विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष -2025-26 में मण्डलों में पर्यटन विकास हेतु मूल बजट में 4,40,000 लाख रुपये का मूल बजट में प्राविधान किया गया है। इसमें 350 नई परियोजनाओं के लिए अनुमानित धनराशि 35,985 लाख रुपये की धनराशि रखी गई है।

इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2024-25 की क्रियान्वित परियोजनाओं हेतु 28000 लाख रुपये की धनराशि अनुमोदित की गई। लखनऊ मण्डल के अंतर्गत आने वाले जनपदों की 34 परियोजनाओं हेतु 16 करोड़ 35 लाख 75 हजार रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई है।



पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लखनऊ के मलिहाबाद स्थित शीतला माता मंदिर, लखनऊ पश्चिम के चौक स्थित कोनेश्वर महादेव मंदिर, लखनऊ कैण्ट के प्राचीन शिवमंदिर, बीकेटी में मां कालिका देवी मंदिर, मोहनलाल गंज स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के पर्यटन विकास की योजनाएं अनुमोदित हैं।

# जान से मारने की नीयत से गोलियां चलाने के आरोप में तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के महिगवां क्षेत्र में आतंक फैलाने और जान से मारने के उद्देश्य से गोलीबारी करने के आरोप में तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि महिगवां थाना क्षेत्र के किशनपुर ने भूखंड की खरीद-फरोख्त का काम करने वाले कल्याणपुर निवासी दुर्गेश सिंह की तहरीर पर बुधवार रात राजीव कुमार उर्फ राजू रावत, मुख्तार गाजी एवं कुद्दूस गाजी नामक बदमाशों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 61(2) (आपराधिक षड्यंत्र), 351(3) (आपराधिक धमकी) और 109 (1) (हत्या का प्रयास) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

दर्ज मुकदमे में वादी दुर्गेश सिंह ने आरोप लगाया है कि तीनों अभियुक्तों ने पिछले महीने 15 जुलाई को किशनपुर गांव में उसके कार्य स्थल पर पहुंचकर उसके भतीजे पंकज सिंह को जान से मारने के लिए गोलियां चलाई। उसने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। इस दौरान आरोपियों ने हवा में भी गोलीबारी करते हुए धमकी दी कि अगर दोबारा इलाके में दिखायी दिये तो जान से मार देंगे। यह घटना पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरे में भी दर्ज हो गयी। इसकी फुटेज में एक व्यक्ति गोलियां चलाते हुए नजर आ रहा है।

# बारिश से इमारत झुकी, पुलिस ने की बैरिकेडिंग, व्यापारियों का प्रदर्शन

**लखनऊ नगर निगम के खिलाफ शहर के 600 व्यापारियों का प्रदर्शन**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम के खिलाफ शहर के 600 व्यापारियों ने प्रदर्शन किया है। अब लगातार 3 दिन से बंद चल रहे व्यापारियों का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने गुरुवार को नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रक्षाबंधन पर दुकानें बंद पड़ी हैं। 3 दिन से बोहनी नहीं हुई। अगर नगर निगम इस बिल्डिंग को आज नहीं गिराता तो हम लोग अलीगंज के डंडहिया से कुर्सी रोड जाने वाल मुख्य मार्ग को बंद कर देंगे।

पिछले 5 दिनों से लगातार हो रही बारिश में डंडहिया मार्केट में एक पुरानी बिल्डिंग में दरार आ गई, जिससे वह झुक गई थी। सूचना पर मेयर सुषमा खर्कवाल नगर निगम के अधिकारियों के लेकर मौके पर पहुंचीं। उन्होंने नगर आयुक्त सहित संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया कि इस बिल्डिंग के मालिक को तुरंत सूचित किया जाए। उन्हें नोटिस जारी कर कहा जाए कि बिल्डिंग को खुद जल्द से जल्द गिरा दें। मेयर के आदेश के बाद जिम्मेदारों ने आसपास की सड़कों पर बैरिकेडिंग करके मार्केट को ही बंद कर दिया। व्यापारी हीरालाल वर्मा ने कहा कि समस्या यह है कि बीच बाजार में जर्जर बिल्डिंग है। तीन भाइयों की बिल्डिंग में बेचने के बाद विवाद हुआ है। आधी से अधिक बिल्डिंग गिराई जा चुकी है। बिल्डिंग सड़क की तरफलटकी हुई है। व्यापारियों ने इसे देखते हुए प्रशासन और नगर निगम को सूचना दी। इसके बाद मौके पर मेयर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान जरूरी दिशा निर्देश देते हुए भवन मालिक को नोटिस देने का निर्देश हुआ।



### ड्रोन से एंटी लार्वा का छिड़काव

**लखनऊ ।** बारिश के मौसम में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसे संचारी रोगों के खतरे को देखते हुए नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर शहर में एंटी लार्वा छिड़काव और फॉगिंग हो रही। जलभराव के कारण मच्छरों के पनपने की आशंका है। गुरुवार को जोन 1 में बटलर पैलेस झील और जोन 2 में मोती झील पर ड्रोन से दवा का छिड़काव किया गया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त ललित कुमार (जोन 1) और अरुण कुमार गुप्त (जोन 2) ने मौके पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया। सभी जोनल सेनेटरी अफसरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे उन क्षेत्रों में ड्रोन छिड़काव पर ध्यान दें, जहां मैन्युअल छिड़काव संभव नहीं है, जैसे झीलें, बड़े भूखंड और निर्माणाधीन क्षेत्र।

# वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने किया आठ मार्गों का लोकार्पण

**रक्षामंत्री ने लखनऊ के कायाकल्प में नहीं छोड़ी कोई कसर: खन्ना**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने लखनऊ पश्चिम विधान सभा क्षेत्र के 8 मार्गों का लोकार्पण किया। मार्गों का राज्य सड़क निधि के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा विशेष मरम्मत कार्य कराया गया। इन मार्गों की लंबाई 6.660 किमी और कुल लागत 429.17 लाख रूपये है। इन मार्गों के लोकार्पण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा होगी।



इन मार्गों में राजाजीपुरम में बाबा की बगिया से बिस्मिल पार्क होते हुए घण्टेश्वर मन्दिर से सेठी क्लीनिक की ओर मार्ग, सोनापुरम रेलवे क्रासिंग से राजकुमार चिल्ड्रन एकेडमी तक मार्ग, हनुमान मंदिर के पीछे से अन्जना शाहू के अस्पताल तक मार्ग, रामजानकी गेस्टहाउस से प्रमोद सिंह के मकान की ओर मार्ग, राम बिहार कालोनी में अनिल मौर्या के घर से संजीव सिंह के मकान होते हुए एवं बाबू लाल के मकान होते हुए पुष्कर सिंह के मकान तक मार्ग, शीतलापुरम में चन्दभान सिंह के मकान से उत्सव मैरिज हाल होते हुए अखण्ड प्रताप सिंह, एडवोकेट मकान होते हुए कृष्णा पब्लिक स्कूल तक मार्ग, डॉ सुनील के मकान से कृष्णा पब्लिक स्कूल तक सड़क, पुराने थाने से आवासीय स्कूल तक सड़क सम्मिलित है। प्रभारी मंत्री श्री खन्ना ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जबसे वह लखनऊ के सासंद बने, तबसे लखनऊ का कायाकल्प करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

### बिजली विभाग चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को मिलेगा प्रोन्नति का अवसर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन (यूपीपीसीएल) में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी प्रमोशन के अवसर मिलेंगे। योग्य कर्मचारी तृतीय श्रेणी के पद पर प्रमोशन पा सकेंगे। उन्होंने बताया कि बिजली कर्मियों के कौशल विकास और कल्याण के लिए भी बड़ी पहल होने जा रही है। शक्ति भवन में आयोजित कार्मिक विभाग की समीक्षा बैठक में गुरुवार को डॉ. आशीष गोयल ने कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संवर्ग के कर्मचारियों को समय पर प्रशिक्षण मिल सके, इसकी व्यवस्था बनाई जा रही है। कर्मचारियों का नियमित प्रशिक्षण किसी भी संस्थान की प्रगति के लिए जरूरी है। डॉ. गोयल ने कहा कि संविदा सहित सभी कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है।

# अंबेडकर परिवर्तन स्थल के छह कर्मचारी निलंबित, दो पर लगा वसूली का आरोप

समृद्धि न्यूज

**चार सामान बेच रहे थे, सचिव ने लिया एक्शन**

**लखनऊ ।** राजणानी लखनऊ में डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल पर अनुशासनहीनता और अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर स्मारक समिति ने बड़ी कार्रवाई की है। स्थल के प्रवेश द्वार पर ठेले से खान-पान और अन्य सामान बेचते पाए गए 6 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, दो कर्मचारियों को जमीन प्लॉटिंग और अवैध निर्माण में लिप्त लोगों से वसूली करने के आरोप में सस्पेंड किया गया है।

स्मारक समिति के तहत कार्यरत सफाई कर्मचारी हरिन्द्र प्रसाद, नवल किशोर गुप्ता, संतोष कुमार, ऊषा देवी, अशोक और विनेश कुमार सार्वजनिक स्थल पर अपनी दुकान लगवाए हुए थे। इसकी शिकायत स्मारक समिति सदस्य सचिव प्रथमेश कुमार से हुई थी।

इसके बाद उन्होंने जांच के आदेश दिए थे। जिसके बाद अफसरों की टीम मौके का निरीक्षण किया तो आरोप सही पाए गए। स्मारक समिति की स्पेशल सेल में तैनात दो और कर्मचारियों को अलग प्रकरण में निलंबित किया गया है।

इनमें विद्युत उपकरण सफाई कर्मी विशाल यादव और रूपेंद्र को भी निलंबित किया गया है। इन दोनों पर लखनऊ के काकोरी, पारा और मानक नगर थाना क्षेत्रों में अनधिकृत प्लाटिंग और निर्माण करने वालों से धन उगाही करने के आरोप लगे हैं। स्मारक समिति सदस्य सचिव प्रथमेश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विभागीय जांच के आदेश दे दिए हैं।

# नगर निगम ने हटाया अतिक्रमण अवैध पोस्टर बैनर भी हटाए गए

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** नगर निगम ने गुरुवार को शहर में अवैध अतिक्रमण और यातायात बाधाओं को दूर करने के लिए अभियान चलाया। मवैया छत्ता से चारबाग मेट्रो स्टेशन और केकेसी तक चले अभियान में 3 काउंटर, 4 लोहे की मेज, 2 गुमटी और 10 ठेले हटाए गए।

जोनल अधिकारी नंदकिशोर ने बताया कि कर अधीक्षक आलोक कुमार श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक पीयूष तिवारी और प्रवर्तन दल ने यह कार्रवाई की। अतिक्रमणकारियों को दोबारा अतिक्रमण पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। जोन -6 में जोनल अधिकारी मनोज यादव ने दुबग्गा से अंधे की चौकी तक 25 से अधिक अवैध बोर्ड-बैनर, 16 गुमटियां और 10 अस्थायी छप्पर हटाए गए। साथ ही अवैध बालू-मोरंग की दुकानों पर भी कार्रवाई की गई। यह अभियान सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चला। जोन-7 में जोनल अधिकारी आकाश कुमार के नेतृत्व में सूगामऊ से मानस चौराहे तक 3 लोहे के काउंटर, 10 कुर्सियां, 4 ठेले, 2 ठेलियां और 4 गुमटियां हटाई गईं। कर अधीक्षक राम अचल, राजस्व निरीक्षक नूपुर यादव और प्रवर्तन दल ने यह कार्रवाई पूरी की।

> अतिक्रमणकारियों को दोबारा अतिक्रमण पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई

# राह चलते लोगों से स्नैचिंग करने वाले तीन स्नैचर गिरफ्तार

**इंस्पेक्टर विभूतिखण्ड सुनील सिंह के नेतृत्व में गैर कानूनी कार्य करने वाले अपराधी लगातार भेजे जा रहे सलाखों के पीछे**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पूर्वी जोन की विभूतिखण्ड पुलिस और डीसीपी पूर्वी की क्राइम टीम ने गुरूवार को बेहतरीन कामयाबी हासिल करते हुए तीन स्नैचरों को गिरफ्तार कर लिया।

इस मामले में जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना विभूतिखण्ड सुनील सिंह ने बताया कि बीते 4 अगस्त को थाना क्षेत्र में एक महिला की चेन छीनकर भाग जाने की घटना हुई थी। जिस प्रकरण में विभूतिखण्ड पुलिस मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की तलाश में जुट गई थी। पुलिस टीम के टेक्निकल व मैनुअल प्रयासों से उक्त घटना को अंजाम देने वाले तीन अभियुक्तों को पीएनबी आवासीय परिसर विशेषखंड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। जिनकी पहचान शिवम कुमार, सत्यम पोरवाल और दीपेश यादव के रूप में हुई जो मूल रूप से जनपद औरैया के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जिनके कब्जे से पीली धातु के दो चेन के टुकड़े 4770 रुपए नगद और घटना में प्रयुक्त हीरो स्प्लेंडर बाइक पुलिस ने बरामद की है।



इंस्पेक्टर सुनील सिंह ने यह भी बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं जो शहर में घूम-घूम कर मौका पाते ही राह चलते लोगों खासकर महिलाओं को अपना शिकार बनाते हुए कीमती चीजें स्नैच करके फरार हो जाते फिर स्नैचिंग की हुई वस्तुओं को राहगीरों से औने पौने दामों में बेचकर अपने शौक पूरे करते और नशे बाजी करते थे।

फिलहाल ऐसे शातिर स्नैचरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में विभूतिखण्ड थाने के उपनिरीक्षक आसित यादव, संदीप सिंह गौर, गणेश सिंह पटेल, शिवम कुमार, हेड कांस्टेबल राजेश चन्द्र कांस्टेबल आशीष यादव, दुर्गेश सिंह, और डीसीपी पूर्वी क्राइम टीम प्रभारी अमरनाथ चौरसिया हेड कांस्टेबल संदीप पाण्डेय, कांस्टेबल तरनजीत, विमल चंद पाण्डेय, अजय यादव, प्रदीप कुमार रहे।

# बाढ़ व कटान प्रभावित लोगों को वितरित की गई खाद्यान्न किट

## प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने घाघराघाट स्थित केन्द्रीय जल आयोग के गेज स्टेशन पहुंचकर नदियों के जल स्तर के बारे में प्राप्त की जानकारी

समृद्धि न्यूज





**बहराइच।** जनपद में हो रही वर्षा के फलस्वरूप नदियों के जलस्तर में हुई बढ़ोत्तरी के कारण जलभराव व बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जाने के दृष्टिगत मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों के साथ जनपद के प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायज़ा लिया।

सर्वप्रथम प्रभारी मंत्री श्री शाही ने घाघराघाट स्थित केन्द्रीय जल आयोग के गेज स्टेशन पहुंचकर नदियों के जल स्तर के बारे में जानकारी प्राप्त की। मौके पर मौजूद अधि. अभि. सरयू ड्रेनेज खण्ड जे.पी. वर्मा ने प्रभारी मंत्री को नदियों के रूझान, जल स्तर एवं वाटर डिस्चार्ज के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। गेज स्टेशन के निरीक्षण के उपरान्त प्रभारी मंत्री श्री शाही ने घाघराघाट स्थित बाढ़ चौकी व चिकित्सा शिविर का निरीक्षण कर बाढ़ पीड़ितों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।

बाढ़ चौकी पर मौजूद ग्रामवासियों से संवाद करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी बाढ़ को लेकर अत्यन्त संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बुंदेलखण्ड क्षेत्र व प्रयागराज, वाराणसी, मिर्ज़ापुर सहित पूर्वान्चल के अन्य ज़िलों में बाढ़ जैसे हालात पैदा होते ही मुख्यमंत्री ने कमान संभाल ली। मुख्यमंत्री द्वारा तत्काल सभी सम्बन्धित अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर निर्देश दिया गया है कि तत्काल सभी एहतियाती कदम उठायें तथा बाढ़ पीड़ितों की हर संभव सहायता प्रदान की जाये।

प्रभारी मंत्री श्री शाही ने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि आपदा के दौरान प्रदेश सरकार, शासन व प्रशासन आपके साथ है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर भारत सरकार व प्रदेश सरकार आमजन के लिए अनेकों विकासपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास कर रही है वहीं दूसरी ओर किसी भी दैवीय आपदा के समय पीड़ित का दुख दर्द बांटने में भी पीछे नहीं है। श्री शाही ने कहा कि पीड़ित परिवारों का कुशल क्षेम जानने तथा जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जनपद भ्रमण पर आया हूँ। घाघराघाट बाढ़ चौकी के निरीक्षण के उपरान्त प्रभारी मंत्री श्री शाही ने तहसील महसी अन्तर्गत ग्राम पूरे सीताराम में स्थापित बाढ़ शरणालय पहुंचकर विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, डीएम व अन्य के साथ कटान प्रभावित लोगों को खाद्यान्न किट का वितरण किया।

प्रभारी मंत्री श्री शाही ने ग्रामवासियों से कहा कि जनपद के बाढ़ प्रभावित लोगों के राहत एवं बचाव कार्यों के लिये योगी सरकार अत्यन्त संवेदनशील है तथा कार्यों की नियमित रूप से निगरानी भी की जा रही है। प्रभारी मंत्री ने राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी लेते हुए जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि भोजन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुये प्रभावित लोगों को समय से भोजन उपलब्ध कराया जाये। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया गया कि बुखार, डायरिया आदि बीमारियों की दवाओं की किट का वितरण सुनिश्चित कराया जाये तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमों के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं क्षेत्र की जनता को उपलब्ध करायी जायें। श्री शाही ने साथ ही प्रभावित क्षेत्रों के सम्पर्क मार्गों का दुरूस्तीकरण भी कराये जाने के निर्देश दिये ताकि जिससे आवागमन में असुविधा न हो।

इस अवसर पर डीएम, एसपी, सीडीओ, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, एसडीएम राम दयाल, विधायक महसी के प्रतिनिधि अखण्ड प्रताप सिंह उर्फ गोलू भईया, पार्टी पदाधिकारी रामनाथ जायसवाल, संजय त्रिवेदी, शैलेन्द्र सिंह, राहुल राय, अरूणेन्द्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामवासी मौजूद रहे।

### उर्वरक बिक्री केन्द्र ललई बाग का प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निरीक्षण से जिला मुख्यालय आते हुए प्रदेश के मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच सूर्य प्रताप शाही ने विकास खण्ड तजवापुर अन्तर्गत बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड, ललईबाग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सोसायटी पर कृषक मौजूद थे और उर्वरक की बिक्री की जा रही थी। प्रभारी मंत्री ने मौजूद कृषकों से वार्ता कर खेत खलिहान के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा सोसायटी के अभिलेखों का निरीक्षण कर पूर्व में उर्वरक क्रय करने वाले किसानों से मोबाइल पर वार्ता कर फीड बैक भी प्राप्त किया। श्री शाही ने सचिव को निर्देश दिया कि शासन की मंशानुरूप किसानों का उर्वरक का वितरण किया जाय।

## भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदेश महामंत्री का मनाया जन्मदिवस

**बहराइच।** बुधवार को भाजपा के प्रदेश महामंत्री सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ जनपद के राजापुर माफी स्थित ओल्ड एज होम वृद्धा आश्रम पहुंचकर वृद्ध जनों के साथ केक काटकर प्रदेश महामंत्री का जन्म दिवस मनाया। बृजेश पाण्डेय ने सभी वृद्ध जनों को भोजन व फल वितरित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश महामंत्री के स्वस्थ दीर्घायु जीवन की मंगल कामना की। जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने आश्रम पर उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अनूप गुप्ता ने अपना संपूर्ण जीवन समाज सेवा के लिए लगा दिया उन्होंने समाज व राष्ट्र की सेवा के लिए अविवाहित रहते हुए अपना पूर्ण कालिक जीवन धारण किया। आज उनके जन्मदिवस के अवसर पर सभी ईश्वर से यह मंगल कामना करते हैं कि ईश्वर उन्हें स्वस्थ दीर्घायु जीवन प्रदान करें जिससे वह समाज व राष्ट्र के लिए सतत लंबी सेवा दे सकें और सभी को निरंतर उनका मार्गदर्शन भी प्राप्त होता रहे।

## खबरें एक नजर में

### सियार ने महिला समेत दो लोगों पर किया हमला



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के रिसिया इलाके में एक सियार ने महिला समेत दो लोगों पर हमला कर दिया। घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। थाना रिसिया के ग्राम पंचायत बैजनाथपुर के कटिलिया चौराहा निवासी 32 वर्षीय जालमा, जो अशगर अली की पत्नी हैं, अपने घर के आंगन में घरेलू काम कर रही थीं। इसी दौरान एक सियार घर में घुस गया और उन पर हमला कर दिया। महिला के शोर मचाने पर परिजन डंडा लेकर दौड़े और किसी तरह सियार को भगाया। इस हमले में जालमा गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने उन्हें स्थानीय निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। इसके कुछ देर बाद उसी सियार ने हियात अली के पुत्र 45 वर्षीय मुबारक अली पर भी हमला कर दिया। मुबारक अली खेत जा रहे थे, जब जंगली जानवर ने उन पर हमला किया। उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े, जिससे जानवर बाग की तरफ भाग गया। वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि उन्हें जंगली जानवर के हमले की जानकारी मिल गई है और मामले की जांच की जा रही है। इन घटनाओं के बाद से क्षेत्र के निवासी भयभीत हैं और सतर्कता बरत रहे हैं।

### स्थानांतरण पर भड़का डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सीएचसी विशेश्वरगंज के अधीक्षक द्वारा पीएचसी गंगवल में तैनात फार्मासिस्ट अजय त्रिपाठी का स्थानांतरण विवादों में आ गया है। अधीक्षक ने 8 जुलाई 2025 को स्थानांतरण सत्र समाप्त होने के बाद बिना किसी कारण के फार्मासिस्ट का तबादला कर दिया था। इस कार्रवाई के विरोध में आज डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। संघ के अध्यक्ष सुमुख पाठक ने कहा कि अधीक्षक शासन की मंशा के विपरीत काम कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर स्थानांतरण रद्द नहीं किया गया तो आंदोलन और उग्र होगा। संघ के मंत्री प्रेम प्रकाश सिंह ने आरोप लगाया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच द्वारा अधीक्षक को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि अगर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्थानांतरण रद्द नहीं किया जाता और अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है, तो संघ 22 अगस्त को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन करेगा। प्रदर्शन के दौरान प्रभारी अधिकारी फार्मेसी जी सी सोनकर, मंडलाध्यक्ष अतर रजा, कोषाध्यक्ष अजीजुर रहमान, शमशाद अहमद, बलबीर सिंह, परवेज अहमद सहित अन्य फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

### अज्ञात वाहन ने स्कूटी को मारी टक्कर, युवक की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** देहात कोतवाली इलाके में मेडिकल कॉलेज के पास बुधवार की देर रात एक दुर्घटना हुई। अज्ञात वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। मटेरा थाना क्षेत्र के धनौली गांव के रहने वाले 26 वर्षीय गोविंद सिंह पुत्र अमोलक सिंह बुधवार की रात करीब नौ बजे अपनी स्कूटी से लखनऊ रोड की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में गोविंद सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर युवक के परिजन और देहात कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। घायल युवक को तुरंत जिला अस्पताल भेजा गया। लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली देहात के प्रभारी दद्दन सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। मामले की जांच जारी है।

### कुत्ते से टकराई बाइक, दो घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर तटबंध पर गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे बाइक के आगे कुत्ता आ जाने से बाइक टकरा गई। हादसे में थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी बाइक सवार बगुला राजपूत और रोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। बाढ़ का पानी देख रहे स्थानीय लोगों तत्काल एंबुलेंस सेवा की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी शिवपुर इलाज के लिए भेजा। साथ ही पुलिस को सूचना दी। मौके पर पीआरवी पुलिस पहुंची और कार्यवाही शुरू की। सीएचसी शिवपुर में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ नलिन राजा ने बताया कि दोनों के पैर में गंभीर चोटें आई हैं। बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# तीन ब्लॉकों में घर-घर खिलाई जाएगी फाइलेरिया की दवा

**10 अगस्त से फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलेगा एमडीए अभियान जनभागीदारी बढ़ाने को लेकर आयोजित हुई मीडिया कार्यशाला**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** फाइलेरिया जैसी उपेक्षित, गंभीर और लाइलाज बीमारी के उन्मूलन के लिए जिले के कैसरगंज, तेजवापुर और नवाबगंज विकासखंडों में आगामी 10 अगस्त से सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) अभियान चलाया जाएगा। इस सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियान का उद्देश्य सम्बंधित विकास खण्डों के 7.27 लाख से अधिक लोगों को दवा सेवन कराकर बीमारी के प्रसार को रोकना है।

अभियान के सफल संचालन और जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को सीफार संस्था के सहयोग से सीएमओ सभागार में एक मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का संचालन डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने किया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ संजय शर्मा ने कहा मीडिया, आमजन को सही जानकारी देकर जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने पत्रकारों से अपील की कि वे इस जनस्वास्थ्य अभियान को व्यापक जन-समर्थन दिलाने में सहयोग करें। वीबीडी नोडल अधिकारी डॉ. संतोष राना ने बताया जिले में हाथीपाँव के 445 और हाइड्रोसील के 115 मरीज चिन्हित हैं। बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए 645 टीमें बनाई गई हैं, जो संबंधित ब्लॉकों में दो वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को दवा खिलाएँगी। दवा की सही खुराक सुनिश्चित करने के लिए दवाओं को आशा कार्यकर्ता के सामने ही खिलाया जायेगा। गर्भवती, गंभीर बीमार व्यक्ति और दो वर्ष से छोटे बच्चों को यह दवा नहीं खिलाई जाएगी। अभियान की निगरानी के लिए 112 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। महाराजा सुहेलदेव स्वशासी मेडिकल कॉलेज के सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. निपेंद्र सिंह ने बताया फाइलेरिया मच्छर जनित रोग है, जो हाथ-पैरों, महिलाओं के स्तनों और हाइड्रोसील के रूप में सामने आता है।

इसका कोई इलाज नहीं है, लेकिन रोकथाम संभव है। उन्होंने बताया कि 65 प्रतिशत से अधिक आबादी द्वारा फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन करने से इस रोग का प्रसार चक्र टूटता है, जिससे फाइलेरिया के नए मामले नहीं आते। फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी दीपमाला ने बताया कि फाइलेरिया की जांच हर सोमवार और गुरुवार रात 8.30 बजे के बाद चांदपुरा नियंत्रण कक्ष में होती है। बीमारी का प्रसार रोकने के लिए जहाँ आम जनमानस को इससे बचाव की दवाएं खिलाई जाती हैं वहीँ मरीजों की स्थिति न बिगड़े, इसके लिए उन्हें देखभाल किट और स्व-देखभाल के तरीके भी सिखाए जा रहे हैं। इस वर्ष अब तक 445 में से 431 मरीजों को एमएमडीपी किट वितरित कर प्रशिक्षण दिया गया है। इस मौके पर मलेरिया/फाइलेरिया इंस्पेक्टर, पाथ संस्था से अभिषेक, पीसीआई से रमन, और जिले के मीडिया प्रतिनिधियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## बशीरगंज मे चला बुलडोजर : नगर पालिका ने सरकारी जमीन पर से हटवाया अवैध कब्जा

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश के बाद से ही सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ लगातार बुलडोजर गरज रहा है। इसी क्रम में बुधवार को देर शाम तक बहराइच में नगर पालिका ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी भूमि पर से अवैध निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया।

कोतवाली नगर इलाके के बशीरगंज में नगर पालिका की भूमि पर बने सामुदायिक शौचालय जो कि जर्जर हो चुका था। अतिक्रमणकारियों द्वारा लगभग 2500 स्क्वायर फीट पर कब्जा किया गया था। जिसपर नगर पालिका द्वारा यह कार्यवाही की गई है। इसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका प्रमिता सिंह से की थी। शिकायत मिलने के बाद उन्होंने टीम बनाकर मौके पर जांच के लिए भेजा। शिकायत की पुष्टि होने के बाद अधिशासी अधिकारी ने कल बुलडोजर की कार्रवाई करते हुए अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करवा दिया।मामले में अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह ने बताया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार से अवैध अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन लोगों ने भी अवैध अतिक्रमण कर रखा है, उसे हटा ले नहीं तो संज्ञान में आने पर बुलडोजर की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी प्रमिता सिंह ने बताया कि इससे पहले कानूनगोपुरा, रोडवेज बस अड्डे के पास भी बड़ी संख्या में लोगों ने अतिक्रमण कर रखा था। जिस पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई थी। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक सुरेश गोविंद मिश्रा ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद जब मौके पर पहुंचे, तो सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर इसमें जानवरों को बांधा गया था। इसके बाद अतिक्रमण को हटवाते हुए बुलडोजर की कार्रवाई की गई है। सफाई निरीक्षक ने बताया कि लगातार यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## पत्र के माध्यम से देवीपाटन मंडल में भेजी गई यूरिया का विवरण जारी

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** मंडल में यूरिया उर्वरक के वितरण के संबंध में आयुक्त एवं उप निवंधक सहकारिता ने एक पत्र जारी कर देवी पाटन मंडल में भेजी गई यूरिया का विवरण जारी किया। देवीपाटन मंडल के 338 साधन सहकारी समिति के माध्यम से माह अगस्त तक 33455 मै टन यूरिया वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिसके सापेक्ष अब तक 37 876 मै टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है।

जनपद गोंडा में अगस्त माह तक के लक्ष्य 9387 मै टन के सापेक्ष 14201 मैट्री टन, बलरामपुर में 6160 मेट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 9816 मेट्रिक टन बहराइच में 13610 मेट्रिक टन के सापेक्ष 10 180 मेट्रिक टन तथा श्रावस्ती में 4298 मेट्रिक टन के सापेक्ष 4388 मेट्रो ट्रेन यूरिया का वितरण किया जा चुका है?। देवीपाटन मंडल के जनपदों में बफर गोदाम में 4184 मेट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है।

फाइल फोटो




कृषकों की मांग के अनुसार लगातार समितियां पर यूरिया उर्वरक भेजा जा रहा है ।मंडल के सभी जनपदों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है। समस्त सरकारी समितियां पर नैनो यूरिया भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जनपद में समिति के सचिव को रोस्टर के तहत समितियां पर उपस्थित होकर खाद का वितरण कराया जा रहा है। कृषकों के अनुरोध करते हुए कहा कि उर्वरक की फसल के क्षमता के अनुसार खाद का प्रयोग करें। जिससे मिट्टी की उर्वरक शक्ति व उसका लाभ स्वास्थ्य बचाया जा सके।

## अभिषेक करनैलगंज क्षेत्राधिकारी व विनय बने क्षेत्राधिकारी सदर

**गोंडा।** अवगत कराना है कि अभिषेक दावाच्या, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी, बैच 2023, का स्थानांतरण सहायक पुलिस अधीक्षक, जनपद गोण्डा के पद पर किया गया है । उनके आगमन के उपरांत जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को प्रभावी रूप से बनाए रखने हेतु पुलिस उपाधीक्षकों के कार्यक्षेत्र का पुनः निर्धारण निम्नानुसार किया गया है- अभिषेक दावाच्या को सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज के पद पर नियुक्त किया गया है। विनय कुमार सिंह, पूर्व में क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज, को क्षेत्राधिकारी सदर का दायित्व सौंपा गया है। राजेश कुमार सिंह, पूर्व में क्षेत्राधिकारी सदर, को क्षेत्राधिकारी यातायात का उत्तरदायित्व प्रदान किया गया है। अभिषेक दावाच्या, वर्ष 2023 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी हैं। इनका मूल निवास जयपुर, राजस्थान है तथा ये बी.टेक (इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, आईआईटी भुवनेश्वर) उपाधि धारक हैं।

## भव्य भंडारा कार्यक्रम से हुआ कथा का समापन

समृद्धि न्यूज





**गोन्डा।** श्री महापुराण कथा को लेकर गोंडा नगर में श्री पार्थिव पूजन सेवा समिति द्वारा आयोजित पंचवटी श्री सीताराम आश्रम रिसिया शाखा गोंडा के तत्वाधान में सवा लाख पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक एवं शिव महापुराण कथा बड़गांव पुलिस चौकी के पास स्थित शारदा मैरिज लान में आयोजित बुधवार को सायंकाल अंतिम दिवस में श्री रविशंकर जी महाराज गुरु भाई जी कथा स्थल पर भंडारे कार्यक्रम में मौजूद रहे ।इधर भंडारा चल रहा था उधर गुरु भाई श्रद्धालुओं को शिव ध्वज, त्रिशूल, और रुद्राक्ष वितरण किये ।

इधर भंडारे में पुरुष और महिला पंक्ति में लगकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पूरे कार्यक्रम में मुख्य यजमान श्रीमती आरती सोनी एवं संतोष सोनी रहे। भंडारे के दौरान संदीप मेहरोत्रा, शिव शंकर सोनी, रवि सोनी,अमित सोनी, संजय रस्तोगी,दीपक मराठा, गोविंदा महराज, देवेंद्र सोनी,आयूष सोनी, दिलीप मिश्रा, माया सोनी, कनक लता सोनी, निहारिका रस्तोगी, वन्दना रस्तोगी,आशा रस्तोगी, आंचल सोनी, सोनिया रस्तोगी, ममता सोनी, रंजना सोनी सहित तमाम श्रोतागण मौजूद रहे।

# लापता छात्र का शव तालाब से बरामद दादी ने लगाया हत्या का आरोप

समृद्धि न्यूज



**इटियाथोक/गोण्डा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलवा कर्मडीह पंचायत के बेलवा गांव में 10 वर्षीय छात्र शिवम चौबे का शव नवरैया तालाब से बरामद किया गया है। वह 25 घंटे से लापता था। मृतक की एक आंख निकली हुई थी। परिजनों ने गांव के एक किशोर पर हत्या का आरोप लगाया है। शिवम चौबे बुधवार को दोपहर करीब 12 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया था। शाम तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की और देर शाम को इटियाथोक थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। गुरुवार सुबह शिवम के कपड़े तालाब के किनारे मिले, जिसके बाद पुलिस ने इटियाथोक के गोताखोरों को बुलाकर तालाब से शव बरामद किया।

शिवम की दादी शिवकुमारी ने बताया कि उनका पोता घर पर खाना खा रहा था, तभी गांव का एक लड़का उसे बुलाने आया और वह उसके साथ चला गया। दादी ने बताया कि शिवम जब मात्र तीन महीने का था, तभी उसकी मां उसे छोड़कर चली गई थी और तब से उन्होंने ही उसका पालन-पोषण किया था। थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रही है।

**धर्मांतरण** | **कोतवाली नगर में कई लोगों के खिलाफ धर्मांतरण व गर्भपात मुकदमा दर्ज**

# मुस्लिम लड़के ने हिंदू बनकर मंदिर में की शादी

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** मुस्लिम युवक ने हिंदू बनकर गोंडा की युवती से शादी रचाई व गोंडा मंदिर में शादी करके कोलकाता में धर्मांतरण कराया मामले को लेकर कोतवाली नगर में कई लोगों के खिलाफ धर्मांतरण और गर्भपात कराए जाने को लेकर मुकदमा दर्ज किया गया।

गोंडा नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक मोहल्ले की रहने वाली एक हिन्दू लड़की के साथ पश्चिम बंगाल के रहने वाले आजम हसन शेख ने खुद को विनीत सिंह बताकर जिले के खैराभवानी मंदिर में शादी कर लिया। इसके बाद दोनों एक दूसरे के साथ रहने लगे धीरे-धीरे पीड़िता को जब जानकारी हुई। कि युवक मुस्लिम है तो दोनों के बीच झगड़ा हुआ इसके बाद आरोपी आजम हसन शेख लड़की को लेकर जबरदस्ती कोलकाता चला गया। वहां आरोपी आजम हसन शेख के परिजनों को जब जानकारी हुई कि लड़की हिन्दू है तो जबरन धर्मांतरण का दबाव बनाने के लगे उसे दौरान पीड़ित लड़की गर्भवती थी।

पीड़िता ने जब धर्म परिवर्तन करने से मना किया तो आरोपी आजम हसन शेख ने अपने पिता अकबर अली,मां राशिदा,बहन मनुजा के उसके साथ मिलकर पीड़िता के साथ मारपीट करके जबरदस्ती एक मौलवी के पास लेकर और उसका धर्मांतरण करा करके मुस्लिम रीति रिवाज से उसके साथ निकाह किया। धर्म परिवर्तन करने के बाद मौलवी ने कहा कि यह बच्चा हराम का है इसे गिरवा दो इसके बाद आरोपी आजम हसन शेख ने अपने पिता अकबर अली,मां राशिदा, बहन मनुजा के मिलकर जबरदस्ती पिता के दो माह का गर्भपात करवा दिया। इसके बाद पीड़िता किसी तरीके से कोलकाता के बरुईपुर साउथ 24 काजीपारा मजिस्द थाना बरुईपुर वेस्ट बंगाल से भाग करके गोंडा आई है। जहां पीड़िता ने गोंडा के नगर कोतवाली में तहरीर देकर के आरोपी आजम हसन शेख इसके पिता अकबर अली,मां राशिदा,बहन मनुजा और एक मौलवी के खिलाफ धर्म परिवर्तन और गर्भपात कराए जाने को लेकर के 7 गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके पूरी मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों द्वारा पीड़िता को फोन करके प्राइवेट फोटो वायरल करने की धमकी दी जा रही है। वहीं पूरे मामले को लेकर की अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने बताया कि नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत की रहने वाली एक महिला द्वारा लिखित शिकायत की गई है। कि 2017 में एक युवक आजम हसन शेख द्वारा अपना नाम बदल करके उसके साथ शादी की गई और उसके बाद अपने घर कोलकाता ले गए वहां उसके साथ निकाह किया।

इसके बाद पीड़िता को आरोपी युवक के परिजनों द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा ऐसा महिला का आरोप है। इसके बाद महिला 3-4 चार साल बाद गोंडा आ करके रहने लगी थी, इसी बीच फोन करके पीड़ित महिला को प्रताड़ित किया जाने लगा और उसके रिश्तेदारों को फोन करके ब्लैकमेल किया जाने लगा। इस लिखित शिकायत के आधार पर नगर कोतवाली में सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। शीघ्र ही नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी जिसको ले करके पुलिस टीमों को लगाया गया है।

# प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जिले के अधिकारियों के साथ की बैठक

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर आये प्रदेश के मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में बचाव एवं राहत कार्यों की तैयारी, हर घर तिरंगा कार्यक्रम तथा जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता की समीक्षा की।

इस अवसर पर एमएलसी पदमसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, विधायक सदर अनुपमा जायसवाल, बलहा की सरोज सोनकर, नानपारा के राम निवास वर्मा व भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय भी मौजूद रहे। बचाव एवं राहत कार्यों की समीक्षा के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह ने जनपद की भौगोलिक परिस्थिति, बाढ़ प्रभावित होने वाले भू-भाग, जिले में

**हर घर तिरंगा कार्यक्रम को गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाय**

स्थापित बाढ़ शरणालय, बाढ़ चौकी तथा राहत कार्यों के लिए तैनात किये गये कार्मिकों इत्यादि के बारे में जानकारी प्रदान की। प्रभारी मंत्री श्री शाही ने कहा कि मुख्यमंत्री का सुझाव है कि बाढ़ राहत कार्यों को संचालित करने के लिए यथासंभव बड़ी नावों को उपयोग में लाया जाय। इस सम्बन्ध में बताया गया कि प्रत्येक तहसील में 05-05 बड़ी नावे भी लगायी गयी हैं। श्री शाही ने निर्देश दिया कि बचाव एवं राहत कार्यों से सम्बन्धित सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि बाढ चौकियों एवं बाढ़ शरणालयों पर तैनात किये गये सभी अधिकारी व कर्मचारी आवश्यक लॉजिस्टिक के साथ अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद रहें। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से राहत सामग्री का वितरण कराया जाय।

## खबरें एक नजर में

### जमीनी विवाद में खूब चले लाठी-डंडे, वीडियो वायरल

**डलमऊ रायबरेली।** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के तिलंगा का पुरवा गांव में बुधवार को दोपहर के समय खेतों में काम कर रहे एक पक्ष के लोगों पर दूसरे पक्ष के लोगों ने हमला बोल दिया देखते ही देखते दोनों पक्षों से जमकर लाठी डंडे चलने लगे जिसमें दोनों पक्षों से कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए वही किसी ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया वायरल वीडियो में साफ़ देखा जा सकता है कि पुरुषों के साथ महिलाएं भी लाठी डंडे से लैस होकर मारपीट कर रही हैं वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को गिरफ्तार कर लिया है घटना के बाद दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया इस संबंध में कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों को जेल भेजा गया है।

### ठाकुरों पर की गई टिप्पणी गलत: रमेश बहादुर सिंह



**रायबरेली।** भाजपा किसान नेता के नाम से प्रसिद्ध रमेश बहादुर सिंह ने पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग उठाई है। एसपी के नाम संबोधित शिकायत पर अपर एसपी को देते हुए उन्होंने कहा की कल कुछ पत्रकारों से बातचीत के दौरान स्वामी प्रसाद ने भड़काऊ बयान दिया है जिसमें उन्होंने प्रदेश के ठाकुरों को गुंडा बताया है। रमेश बहादुर सिंह ने कहा कि जिस तरह से स्वामी प्रसाद ने प्रदेश के ठाकुरों को गुंडा कहकर जातिगत आधार पर उन्माद फैलाने की कोशिश की है यह सस्ती लोकप्रियता और गनर बढ़ावाने की साज़िश है। उनके इस भड़काऊ बयान से पूरे प्रदेश भर के ठाकुरों में भारी रोष व्याप्त है। यही नहीं श्री सिंह ने कहा है कि जातीय उन्माद फैलाने वाले बयान से प्रदेश में कहीं भी कोई बवाल होता है तो उसके जिम्मेदार स्वामी प्रसाद मौर्य स्वयं होंगे। रमेश बहादुर सिंह ने पुलिस अधीक्षक से मांग किया है कि भड़काऊ इस बयान पर स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए।

### चेयरमैन के नेतृत्व में सभासद कर रहें नगर का विकास

**महराजगंज, रायबरेली।** नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू के नेतृत्व मे इस समय नगर में विकास की गंगा बह रही है। वार्ड नंबर 10 जाकिर हुसैन नगर के सभासद नूरुल हसन द्वारा सड़क का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है जिससे लोगों को आने-जाने मे दिक्कतों का सामना न करना पड़े सड़क को चौड़ी की जा रही है और साथ ही नाली की व्यवस्था भी की गई है जिससे कि पानी की निकासी बनी रहे ।निर्माण कार्य के दौरान पहुंचे चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने कहा कि नगर पंचायत महराजगंज में सभासदों द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है और नगर में कोई परेशानी न हो इसके लिए सभासद दिन-रात लगे रहते हैं। उन्होंने कहा की बारात घर पेयजल सहित तमाम तरह की सुविधा नगर वासियों को मिल रही है तथा एक बार फिर नगर को ऊंचाइयों पर ले जाना है सभासदों के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा है और नगर को आदर्श ग्राम पंचायत बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात पर कहा कि मुलाकात बहुत सार्थक रही है महाराज जी ने कहा कि नगर के विकास में हर संभव मदद की जाएगी अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा की विस्तारित क्षेत्र सहित जहां-जहां सड़क गड़बड़ हैं मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें सही करने का भरोसा दिया गया है और नगर मे विकास गंगा बहे इसके लिए हर संभव मदद करने के बाद मुख्यमंत्री द्वारा कही गई है।

### पत्रकार की हत्या में शामिल दो शूटर पुलिस मुठभेड़ में ढेर



**सीतापुर।** 8 मार्च 2025 को महोली थाना क्षेत्र के एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हेमपुर क्रॉसिंग पर ताबड़तोड़ गोलियां से हमला करके हत्या कर दी गई थी इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को पूर्व में हिरासत में लेकर जेल भेजा था शूटरों की तलाश जारी थी। इसी क्रम में सीतापुर पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार सुबह दोनों शूटरो की लोकेशन थाना पिसावा अंतर्गत दुलहापुर तिराहे पर मिली जहां पुलिस द्वारा रोके जाने पर दोनों शूटरों राजू तिवारी उर्फ रिजवान खान कृष्ण गोपाल तिवारी उर्फ करीम खान ने पुलिस पर फायरिंग झोंक दी । पुलिस की जवाबी कार्यवाही में दोनों शूटर घायल हो गए जिन्हें अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि दोनों लंबे समय से वांछित थे हालांकि इनको पकड़ने के लिए एसटीएफ व क्राइम ब्रांच सहित सात अन्य टीमों का गठन किया जा चुका था और लगातार इन्हें खोजा जा रहा था। दोनों वांछितों का क्राइम रिकॉर्ड भी है। एसपी अंकुर अग्रवाल ने अभी बताया की पुलिस आगे की कार्यवाही करने जा रही है। इस मुठभेड़ की घटना पर मृतक पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की पत्नी का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें उन्होंने कहा कि वह प्रचलित कार्यवाही से संतुष्ट नहीं है।

### जोन टेनिस चैम्पियनशिप में डीपीएस कल्याणपुर और सेठ एमआर जयपुरिया गोयल कैम्पस का दबदबा



**सीतापुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल सीतापुर में आयोजित सीबीएसई ईस्ट जोन टेनिस प्रतियोगिता के तीसरे दिन बालिका वर्ग -14 का फाइनल मुकाबले में डीपीएस कल्याणपुर कानपुर ने खेल गाँव प्रयागराज को हरा कर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। सीबीएसई ईस्ट जोन टेनिस के अंडर 14 बालक वर्ग में सेठ एम आर जयपुरिया गोयल कैम्पस लखनऊ ने फाइनल मुकाबले में जी डी गोयंका स्कूल लखनऊ को हरा कर फाइनल जीता। वही अंडर 17 बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में सेंट माइकल हाई स्कूल पटना विजयी रहा। इन फाइनल टेनिस मुकाबलों ने टेनिस प्रेमियों को रोमांचित किया। यह जानकारी दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य आर के सिंह ने दी।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष का मनाया गया जन्मदिन




**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बृहस्पतिवार को कांग्रेस मुख्यालय गौरीगंज के राजीव गांधी सभागार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जनपद अमेठी के कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ अपने जिलाध्यक्ष के जन्म दिन पर केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा किया। इस अवसर पर जिले के सभी ब्लॉकों में कांग्रेस जनो ने भी अध्यक्ष जी के जन्मदिन पर संगठन से सभी पदाधिकारीयों ने केक काटकर व फोन के माध्यम से अध्यक्ष जी को बधाई देते हुए धूमधाम से मनाया। इस मौके पर बृजेश तिवारी, फिरोज आलम, गीता सिंह, अवनीश मिश्र सेनानी, धर्मेंद्र तिवारी, श्रद्धा सिंह, विकास यादव, विनय दुबे, पुष्पा दुबे आदि कार्यलय पर मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनता की फरियाद



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय गौरीगंज में मंगलवार को जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना गया तथा उनकी शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारियों को आवश्यक आदेश दिये गए।

### महिला थाना प्रभारी के प्रयास से एक जोड़ा साथ रहने को राजी



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत बृहस्पतिवार को कंचन सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना तथा उनकी टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में एक दूसरे द्वारा की गई शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा पति पत्नी दोनों बीच मतभेदों से उत्पन्न हुई समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसमें एक विवाहित जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया, तथा जनपद पुलिस को धन्यवाद दिया। महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह व पुलिस टीम द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

### काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का आयोजन आज

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान की श्रृंखला में आज 8 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के समापन समारोह का आयोजन जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 8:30 बजे से डीपीआरसी से स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी, 9:00 बजे पुलिस, एनसीसी, स्कूल, कॉलेज के द्वारा बैंड वादन किया जाएगा, 11 से लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाएगा। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी एवं अन्य विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# नैय्या नाला में हजार तो हंसवा ताल में 500 बीघे जमीन डूबी

- भारी बारिश किसानों के लिए अब आफत बन चुकी है

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



लगातार हो रही बारिश अब आफत बन चुकी है महराजगंज तहसील क्षेत्र के सैकड़ो किसानों की हजारों बीघे जमीन डूब चुकी है। धान लगी हुई जमीन डूबने से किसानों में हताशा और निराशा साफ देखी जा रही है विधायक श्याम सुंदर भारती के गांव में भी बाढ़ का कहर जारी है और लगभग 500 से अधिक बीघे जमीन पानी में समाने की वजह से किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है ।कैडंवा ठाकुरपुर गांव के लोगों ने बताया कि लगभग 4 से 5 ग्राम पंचायतों के किसानों की जमीन हसवा ताल में है वही ज्यादातर जमीन डूब चुकी है आलोक कुमार सत्येंद्र कुमार बैजनाथ आदि किसानों ने बताया कि धान लगी हुई जमीन डूबने की वजह से हम सभी के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है मऊ अचली कनशीपुर घेरा सहित अन्य कई गांव के किसान यहां धान की खेती करते हैं और हम सभी की भी जमीन डूब चुकी है। लगभग 400 से 500 बीघा जमीन डूबी हुई है और अब यह धान लगी जमीन पूरी तरह से गल जाएगी जिससे हमारी लागत तथा आने वाले समय में हम लोगों ने जो भी सपना पाल रखे थे वह सब खत्म हो गए ।तो वहीं नाथगंज मजरे हलोर गांव के किसानों ने बताया कि नैय्या नाला के किनारे लगभग 10 ग्राम पंचायत स्थित है और नैय्या नाले के किनारे जितना भी धान था वह सब डूब गया है ।कई वर्षों बाद इतनी बारिश होने की वजह से हम सभी किसान बर्बाद हो चुके हैं और अब खाने के भी लाले हैं। गंगा प्रसाद गुरु प्रसाद राम अवतार सज्जन रामावती राम हरख भरसरा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि पुरासी हलोर अलीपुर भरसरा राजापुर गनेशपुर सहित कई अन्य ग्राम पंचायत के लोगों के खेत नैय्या नाला किनारे हैं जो पूरी तरह से डूब चुके हैं लगभग हजार बीघे से अधिक जमीन डूब चुकी है। ज्यादातर हम किसानों की जमीन डूब चुकी है और हम सभी के सामने अब आगे के कार्य कैसे हैं यह समस्या खड़ी हो चुकी है।

### आपदा सूचना हेतु आपातकालीन कन्ट्रोल रूम स्थापित

**रायबरेली।** नोडल अधिकारी/उप जिलाधिकारी (न्यायिक) सदर, गौतम सिंह ने बताया है कि जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के अन्तर्गत संचालित जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (DEOC) में आपदा सूचना हेतु आवंटित आपातकालीन कन्ट्रोल रूम कलेक्ट्रेट रायबरेली में 24म7 क्रियाशील है। कन्ट्रोल रूम का हेल्प लाइन नम्बर 0535-2701702, 0535-2204086, 0535-2204089, 1077, (नोडल अधिकारी/उप जिलाधिकारी - न्यायिक), 9454418985, (सहायक नोडल अधिकारी/जिला कार्यक्रम अधिकारी) 9415897999 किसी भी आपात स्थिति के बारे में सूचना उपरोक्त नम्बरों पर दी जा सकती है।

### तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में बढ़ते अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में गुरुवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना कमरौली पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त हरिओम मिश्रा पुत्र अशोक मिश्रा निवासी ग्राम मछरिया थाना जगदीशपुर को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा व दो कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### प्रधानाध्यापक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, शव कमरे में पड़ा मिला



**महराजगंज (रायबरेली)।** नेवाजगंज प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक राम प्रकाश अवस्थी की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई। वह महराजगंज कस्बे के प्रकाश नगर में किराए के मकान पर अकेले रहते थे। बुधवार को परिजनों द्वारा फोन न उठाने पर जब पड़ताल की गई तो उनका शव कमरे में पड़ा मिला। राम प्रकाश अवस्थी पुत्र सम्पत कुमार मूल रूप से ग्राम शाह, थाना गाजीपुर, जिला फतेहपुर के निवासी थे। वह रायबरेली के बावन बुजुर्ग बल्ला स्थित नेवाजगंज प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात थे और अगले वर्ष मार्च 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले थे।बुधवार को उनके परिजनों ने कई बार कॉल किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इससे चिंतित परिजनों ने उनके पहले के किराए के मकान पर रहने वाले लोगों से संपर्क किया। स्थानीय लोगों की सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची तो राम प्रकाश अवस्थी का शव कमरे के अंदर मृत अवस्था में पड़ा मिला।मामले की जानकारी मिलते ही शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया। खंड शिक्षा अधिकारी रिचा सिंह ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि राम प्रकाश अवस्थी की मृत्यु हो गई है। वह नेवाजगंज विद्यालय में तैनात थे और आगामी वर्ष रिटायर होने वाले थे। कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में अध्यापक व शिक्षक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू महराजगंज रायबरेली में अध्यापक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। अभिभावकों ने अपने पाल्यों के क्रियाकलापों व प्रगति पर कक्षा- अध्यापक और विषय-अध्यापकों से चर्चा करते हुए परिणामों की समीक्षा की। शिक्षा को बेहतर बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए।

इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाई जिनमें विभिन्न विषयों पर मॉडल व प्रोजेक्ट प्रस्तुत किये साथ ही शिल्प कला प्रदर्शनी के माध्यम से स्वनिर्मित वस्तुओं की प्रस्तुती की गई तथा इनके बारे में अभिभावकों को अवगत भी कराया गया। छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु नृत्य व गीत प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया एवं विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य बच्चे की शैक्षणिक प्रगति और विकास पर चर्चा करना है।यह एक महत्वपूर्ण अवसर है जब माता पिता और शिक्षक मिलकर बच्चे के बारे में जानकारी साझा करते है।छात्रों के अनुशासन व प्रगति में माता पिता की महती भूमिका होती है। अगर समय समय पर शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बैठक आयोजित कर व सामंजस्य स्थापित कर बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की जाएगी तो निश्चित तौर पर बच्चे प्रगति के पथ पर अग्रसर होंगे।

### बछरावां पुलिस का गुड वर्क: अपराध के ग्राफ को कम करने का प्रयास कर रहे प्रभारी बछरावां




**रायबरेली।** योगी सरकार की नीतियों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है रायबरेली पुलिस, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के नेतृत्व में रायबरेली पुलिस लगातार अपराधियों पर लगाम लगाने का काम कर रही है बीते दिनों बछरावां का प्रभाव संभालते ही राजीव सिंह अपराध पर अंकुश लगाने का काम कर रहे हैं। पुलिस ने ऐसे शातिर चोरों के गैंग को पकड़ा है जिसके निशाने पर सोलर पैनल व सेट टॉप बॉक्स समेत बाहर लगे हैण्ड पम्प होते हैं। पिछले दिनों बछरावाँ थाना इलाके में नीमटीकर के पास चोरी हुई थी। पुलिस इसी चोरी के खुलासे में लगी थी तभी चार चोर उसके हत्थे चढ़ गए। पुलिस की पूछताछ में चोरों ने बताया कि वह लोग मुख्य रूप से सोलर पैनल चुराते हैं जो आसानी बिक जाता है। इसके अलावा अन्य जो भी सामान बाहर मिलता है उसी की वो लोग चोरी करते हैं। पुलिस ने इनके कब्ज़े से कई सोलर पैनल समेत हैण्ड पम्प, एलईडी व सेट टॉप बॉक्स बरामद किया है।

## जनमानस बारिश के दौरान सुरक्षात्मक तरीके अपनाएं: डीएम

- जलभराव वाले स्थानों व बिजली के खंभों से बनाएं दूरी
- मोबाइल में डाउनलोड करें दामिनी एप, आकाशीय बिजली से बचाएगा दामिनी एप: डीएम
- कलेक्ट्रेट सहित तहसीलों, स्वास्थ्य विभाग एवं बाढ़ खण्ड में कंट्रोल रूम सक्रिय

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने विगत दो-तीन दिनों से हो बारिश के दृष्टिगत जनसामान्य से अपील की है कि अतिवृष्टि के दौरान सतर्क रहें, ऐसे स्थानों पर ना जाएं जहां जलभराव की स्थिति बनती है, गहरे स्थानों, नदी, नालों, नहरों, तालाब, डैम, कुंए इत्यादि स्थानों पर जाने से बचें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को मानें और प्रशासन का सहयोग करें. पुराने, जर्जर भवन के नीचे निवास न करें। उन्होंने कहा कि बारिश और खराब मौसम के दौरान यथासंभव अति आवश्यक हो तभी घर से बाहर निकलें तथा जलभराव वाले स्थानों पर जाने से बचें। बारिश के दौरान बिजली के खंभों में करंट उतरने की संभावना अत्यधिक रहती है, इसलिए बिजली के खंभों के किनारे कतई न जाये। नदी, नालों, नहरों, तालाबों में कतई न जाएं तथा बच्चों पर विशेष निगरानी रखें कि वे जलभराव वाले स्थान पर न जाने पाएं। वहीं जिला आपदा प्रबंधन सीतापुर प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा बारिश के दृष्टिगत एडवाइजरी जारी कर बचाव व सुरक्षा के उपाय बताए गए हैं। जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा है कि खराब मौसम में आकाशीय बिजली गिरने/वज्रपात की घटनाएं घटित होने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं, जिससे जनहानि की घटनाएं भी हो सकती हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि आकाशीय बिजली से बचने के उपायों को अपनाया जाये ताकि वज्रपात से जनहानि एवं पशु हानि न होने पाये। उन्होंने कहा है कि जनसामान्य अपने मोबाइल में मौसम विज्ञान विभाग भारत सरकार द्वारा विकसित दामिनी एप डाउनलोड करें जिससे वज्रपात की पूर्व सूचना मिल सके ताकि जनहानि या घायल होने की घटनाओं से बचा जा सके।

**आपात स्थिति में इन नम्बरों पर कॉल करके लें मदद:** जिलाधिकारी के निर्देश पर संभावित बाढ़ एवं अन्य आपदाओं से निपटने के लिए जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट स्थित इमरजेंसी आपरेशन कक्ष में कन्ट्रोल रूम सक्रिय है। जिलाधिकारी ने बताया कि आपात स्थिति में जनपद स्तरीय इमरजेंसी ऑपरेशन सेन्टर के हेल्पलाइन नम्बर सीयूजी 9454416556, 05862-242400/05862-245753 अथवा टोल फ्री नंबर 1077 पर कॉल करके मदद ली जा सकती है। उन्होंने बताया कि कन्ट्रोल रूम 24 घन्टे सक्रिय हैं तथा शिफ्टवार ड्यूटी लगी हैं।

## कृषि यंत्र के लाभार्थियों का ई-लॉटरी से हुआ चयन

- कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कार्यकारी समिति के समक्ष ई-लॉटरी प्रक्रिया हुई सम्पन्न

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**




जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में गठित, जिला स्तरीय कार्यकारी समिति (डीएलईसी) के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार, सीतापुर में रु0-10,000 से अधिक अनुदान वाले कृषि यन्त्रों/कृषि रक्षा उपकरणों, यथा लेजर लैण्ड लेवलर, रोटावेटर, कम्बाइन हार्वेस्टर, सुपर सीडर, हैरो, मिनी राइस मिल, पावर चैफ कटर, कल्टीवेटर, मल्टी क्राप थ्रेसर, ऑयल मिल विद फिल्टर प्रेस, पोटैटो डिगर, पोटैटो प्लान्टर, पावर ट्रिलर, पावर वीडर, सुगरकेन पावर वीडर, ट्रैक्टर मॉउन्टेड स्प्रेयर, स्मॉल गोदाम, थ्रेसिंग फ्लोर, बैच ड्रायर मेज, एमबी प्लाऊ, स्ट्रा चापर/मल्चर इत्यादि के लाभार्थियों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से कराया गया। जनपद के विकास खण्डों में लक्ष्य के अनुरूप लाभार्थियों का चयन निर्विवाद रूप से पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया गया। चयन का संदेश मोबाइल पर मिलने से किसानों में खुशी का माहौल देखने का मिला, किसानों द्वारा ई-लॉटरी प्रक्रिया को सराहा गया। उप कृषि निदेशक, सीतापुर द्वारा बताया गया ई-लॉटरी के माध्यम से कृषि यंत्रों के लाभार्थियों का चयन किया गया है इससे जनपद के सभी किसानों को यंत्रों पर अनुदान पाने का समान अवसर प्राप्त होगा और यंत्र बुकिंग के समय सर्वर व्यस्त होने सम्बन्धी परेशानियों से निजात मिल सकेगी। ई-लॉटरी के समय समिति के सदस्यों सहित विभिन्न विकास खण्डों के किसान बंधु उपस्थित रहे।

### अटल पेंशन योजना के सफल क्रियान्वन के लिए सम्मान समारोह आयोजित



**सीतापुर।** अटल पेंशन योजना के प्रचार-प्रसार एवं सफल क्रियान्वयन को प्रोत्साहित करने हेतु पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा लखनऊ में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीतापुर जिले को अटल पेंशन योजना में लक्ष्य की उपलब्धि एवं उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु सम्मानित किया गया। जिले के इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) मनोज कुमार को पीएफआरडीए के मुख्य महाप्रबंधक प्रवेश कुमार एवं इंडियन बैंक के मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।अटल पेंशन योजना के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में सुनिश्चित पेंशन उपलब्ध कराने की दिशा में सीतापुर जिले ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस अवसर पर मनोज कुमार ने यह सम्मान समर्पित करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद को उनके सतत मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को उनके समर्पित सहयोग हेतु भी हार्दिक आभार प्रकट किया।

### ई-लॉटरी के माध्यम से 45 कृषकों का कृषि यंत्रों हेतु हुआ चयन



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में किसानों को कृषि यंत्रीकरण की दिशा में बढ़ावा देने हेतु सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन तथा सीआरएम काप रेज्ड्यू मैनेजमेंट योजनान्तर्गत कृषि यंत्रों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया। यह प्रक्रिया कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी द्वारा गठित कार्यकारी समिति की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। ई-लॉटरी प्रक्रिया के अंतर्गत कम्बाइन हार्वेस्टर विद सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट, कल्टीवेटर, हैरो, लेजर लैण्ड लेवलर, मिनी राइस मिल, मल्टीकॉप थ्रेशर, ऑयल मिल विद फिल्टर प्रेस, रोटावेटर, स्ट्रारीपर, बेलिंग मशीन, काप रीपर ट्रैक्टर माउंटेड, स्ट्रा रैक, सुपर सीडर एवं स्मॉल गोदाम जैसे आधुनिक कृषि उपकरणों हेतु 45 कृषकों का चयन किया गया, जिनमें विकासखंड गौरीगंज के भानुप्रताप सिंह को ऑयल मिल विद फिल्टर प्रेस, नन्द किशोर पाण्डेय को स्ट्रारीपर, तथा विकासखंड सिंहपुर के हंसराज को लेजर लैण्ड लेवलर हेतु चयनित किया गया। ई-लॉटरी में चयनित एवं प्रतीक्षारत कृषकों को एस.एम.एस. के माध्यम से उनके मोबाइल पर चयन की सूचना तथा बिल अपलोड करने की अंतिम तिथि की जानकारी पोर्टल के माध्यम से दी गई है। निर्धारित अवधि में यदि चयनित लाभार्थी यंत्र क्रय नहीं करते हैं, तो प्रतीक्षा सूची में शामिल कृषकों को क्रमशः लाभान्वित किया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ.राजेश कुमार, जिला अग्रणी बैंक के प्रबंधक सहित कार्यकारी समिति में सम्मिलित कृषकगण भी उपस्थित रहे।

### 62 ली अवैध कच्ची शराब बरामद, 3 पर मुकदमा



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी व उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में बृहस्पतिवार को जनपद में संयुक्त टीम उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह तथा क्षेत्राधिकार तिलोई दिनेश मिश्रा द्वारा ग्राम,शंकरगंज, ब्रम्हनी, कोहरा पसियान,हारी मऊ, सैठा,में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान आबकारी क्षेत्र- तिलोई में थाना-मोहनगंज व फुर्सतगंज के अंतर्गत ग्राम-शंकरगंज, ब्रम्हनी से कुल 62लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया व 350कि.ग्रा लहन मौके पर नष्ट किया गया इस कार्यवाही में 3अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया, साथ ही ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई और आबकारी दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। संयुक्त कार्यवाही में उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह, क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश मिश्रा रानी सागर आबकारी निरीक्षक क्षेत्र तिलोई मय स्टॉफ मनोज कुमार, सुबोध कुमार, कौशल सिंह, मनोज कुमार आदि दबिश में सम्मलित रहे।

## विभिन्न क्षेत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रवादी पार्टी ने सौंपा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



राष्ट्रवादी पार्टी ने स्थानीय समस्याओं के निदान हेतु पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को राष्ट्रवादी पार्टी के बैनर तले मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से जिला उपाध्यक्ष द्वारा क्षेत्र में शिक्षा की समस्या को उठाते हुए सरकारी व मान्यता प्राप्त स्कूलों में एक प्रदेश एक कोर्स व्यवस्था लागू करने को कहा। गरीब लोगों के लिए आवास दिलाए जाने हेतु ग्राम प्रधानों को मनमाने ढंग से अपने चहेतों की सूची जारी करने पर रोक लगाते हुए पात्र लोगों को सूची में शामिल करने की अपील की है। किसानों के खातों में अंश निर्धारण से लेकर एवं किसानों की घरौनी के सही निर्धारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने को कहा। ग्रामीणों की सुरक्षा तथा समस्याओं को लेकर जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह ने सरकार से अपील की है कि सरकार द्वारा पुलिस पर नियंत्रण रखा जाए ताकि शिकायतों पर निष्पक्ष कार्यवाही हो तथा ग्राम सभा की खुली बैठकें हो जिससे कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंच सके। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्रा, उपाध्यक्ष अजय सिंह, धर्म राज सिंह तथा टी एन मौर्या उपस्थित रहे।

## कर्ज का मर्ज

कभी देश की किसानी के लिये आदर्श कहे जाने वाले पंजाब के किसान आज कर्ज के मर्ज से इतना क्यों त्रस्त होते जा रहे हैं, यह गंभीर विमर्श का विषय होना चाहिए। निस्संदेह, मौजूदा हालात में कृषि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिये प्रभावी कदम उठाने की सख्त जरूरत है। हाल ही में लोकसभा में पेश की गई नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट की रिपोर्ट पंजाब के किसानों की गंभीर वित्तीय स्थिति को उजागर करती है। जो उन्हें देश में संस्थागत ऋण लेने वाले किसानों की सूची में शीर्ष पर रखती है। यह रिपोर्ट कई चौंकाने वाले खुलासे करती है। रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया है कि राज्य के लगभग पच्चीस लाख किसानों ने कृषि कार्यों के लिये विभिन्न बैंकों से ऋण लिया है। वहीं दूसरी ओर प्रत्येक किसान पर करीब तीन लाख रुपये का कर्ज चढ़ा है। इससे पहले देश की संसद को सूचित किया गया था कि पंजाब में वर्ष 2017 से 2021 तक करीब एक हजार किसानों ने अपनी जीवन लीला आत्महत्या करके समाप्त कर ली थी। दरअसल, जांच-पड़ताल में यह बात भी सामने आई थी कि इन आत्महत्याओं के मूल में कर्ज का भारी बोझ ही था। कर्ज न चुका पाने या कर्ज वसूली के तौर-तरीकों से आहत किसान मौत को गले लगाना अंतिम समाधान मानने लग जाते हैं। ऐसा भी नहीं है कि इस संकट से सिर्फकिसान ही जूझ रहे हैं, कमोबेश खेतिहर मजदूरों के लिये भी परिदृश्य उतना ही निराशाजनक है। दरअसल, पिछले साल अर्थशास्त्रियों के पटियाला स्थित एक थिंक टैंक द्वारा कराये गये एक अध्ययन में पाया गया कि पंजाब में खेतों में काम करने वाले मजदूरों पर उनकी वार्षिक आय से चार गुना कर्ज चढ़ा हुआ था। यह कर्ज औसतन चौबीस हजार रुपये बताया गया था। यह अध्ययन कई गंभीर मुद्दों की ओर ध्यान दिलाता है। इस अध्ययन में बताया गया कि वर्ष 2015 से 2019 के बीच 898 खेतिहर मजदूरों ने भी आत्महत्या करके जीवन लीला समाप्त कर ली थी। निस्संदेह, ये हालिया आंकड़े कृषि की चिंताजनक स्थिति की ओर इशारा करते हैं। वहीं दूसरी ओर ये आंकड़े उन कृषि नीतियों पर सवालिया निशान लगाते हैं, जो अनाज उत्पादक किसानों की आर्थिक परेशानियों को कम करने के लिये लागू करने की बात देश के नीति-नियंता करते हैं। पंजाब की आम आदमी सरकार विगत में दावे करती रही है कि वह अपनी किसान कल्याण नीति के निर्माण की दिशा में तेजी लायेगी। साथ ही यह भी कह रही है कि वह चुनाव के दौरान किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिये किये गये वायदे को पूरा करने के लिये प्रतिबद्ध है। यह साफहै कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान लाई गई ऋण माफी योजना के प्रभावी परिणाम सामने नहीं आये हैं। जो इस बात की ओर इशारा करते हैं कि किसानों की किस्मत बदलने के लिये सिर्फ राहत पैकेज से काम नहीं चलेगा। इसके लिये कुछ ठोस कदम उठाने की भी जरूरत होगी। दरअसल कृषि अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिये प्रभावी और महत्वपूर्ण स्थायी कदम उठाने की जरूरत है। मौजूदा ऋण संकट के अलावा नीति-नियंताओं को लगातार बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग के खतरों के बीच व्यापक रणनीति बनाने की जरूरत होगी। इसके अंतर्गत जहां पर्यावरण अनुकूल और अधिक उपज देने वाली फसलों की किस्मों के विविधीकरण पर बल देने की जरूरत है, वहीं भूजल संकट को भी नियंत्रित करने की आवश्यकता होगी। साथ ही फसलों के उन बीजों के शोध व अनुसंधान पर भी काम करना होगा जो कम बारिश व अधिक तापमान के बीच उत्पादकता को बढ़ा सकती हैं। अन्यथा हमारी खाद्य श्रृंखला संकट में पड़ सकती है। इसमें पराली जलाने से उपजे संकट का भी समाधान निकालना होगा। इसमें दो राय नहीं कि जो किसान देश के नागरिकों की थाली में भोजन पहुंचाने के लिये तन झुलसाती गर्मी, रक्त जमाती सर्दी और बारिश में कड़ी मेहनत करते हैं, वे बेहतर सुविधाओं के हकदार हैं। ताकि उनके लिये कृषि महज घाटे का सौदा साबित न हो।

# नाराज प्रकृति की नाराजगी से भयंकर सैलाब



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

प्रकृति और मानव का संबंध सदियों पुराना है। जहां एक ओर प्रकृति ने मानव को जीवन जीने के लिए आवश्यक सभी संसाधन- जल, वायु, मृदा, खनिज, वन, जीव-जंतु आदि- प्रदान किए हैं, मैं यह मानता हूं कि मानव ने अपने स्वार्थवश इन संसाधनों का दोहन किया। आज जब पृथ्वी जलवायु परिवर्तन, ग्लेशियरों के पिघलने, असमय बाढ़, सूखा, तूफान, भूकंप, भूस्खलन जैसी तमाम प्राकृतिक विपदाओं से जूझ रही है, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह केवल प्राकृतिक चक्र है या इसके पीछे कहीं न कहीं मानवीय हस्तक्षेप की भूमिका भी है? हम इसी प्रश्न की पड़ताल करेंगे और तथ्यों के आधार पर यह सिद्ध करेंगे कि धराली व किन्नौर में आपदा से तबाही- क्या यह आपदाएं प्राकृतिक चक्र है या इसके पीछे कहीं न कहीं मानवीय हस्तक्षेप की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता?

साथियों बात अगर हम,भारत के हिमालयी क्षेत्र, विशेषकर उत्तराखंड का धराली गांव और हिमाचल प्रदेश का किन्नौर, हाल ही में भीषण प्राकृतिक तबाही के साक्षी बने हैं, की करें तो बादल फटने, भूस्खलन, अचानक आई बाढ़, और गांवों का अस्तित्व मिटा देने वाली घटनाओं ने न केवल जन-धन का भारीनुकसान किया, बल्कि एक बड़ा सवाल भी खड़ा किया-क्या ये आपदाएं केवल प्रकृति की आपूर्ति थीं या मानवीय लालच, अंधाधुंध निर्माण, खनन और जलवायु परिवर्तन जैसे कारकों का नतीजा? भारत के हिमालयी क्षेत्र, विशेषकर उत्तराखंड का धराली गांव और हिमाचल प्रदेश का किन्नौर, हाल ही में भीषण प्राकृतिक तबाही के साक्षी बने हैं। बादल फटने, भूस्खलन, अचानक आई बाढ़, और गांवों का अस्तित्व मिटा देने वाली घटनाओं ने न केवल जन-धन का भारी नुकसान किया, बल्कि एक बड़ा सवाल भी खड़ा किया-क्या ये आपदाएं केवल प्रकृति की आपूर्ति थीं या मानवीय लालच, अंधाधुंध निर्माण, खनन और जलवायु परिवर्तन जैसे कारकों का नतीजा? इस लेख में हम धराली और किन्नौर की घटनाओं का विस्तारपूर्वक विश्लेषण करेंगे, और यह समझने की कोशिश करेंगे कि कैसे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन, असंवेदनशील विकास, और पर्यावरणीय चेतावनियों की अनदेखी ने इन शांत पर्वतीय क्षेत्रों को विनाश के मुहाने पर ला खड़ा किया। (1) बिना पर्यावरणीय मूल्यांकन के सड़कों और सुरंगों का निर्माण हो रहा है। (2) पहाड़ों को डायनामाइट से उड़ाकर हाईवे बनाए जा रहे हैं। (3) जलविद्युत परियोजनाएं नदियों के प्रवाह को रोककर क्षेत्रीय इकोसिस्टम को ध्वस्त कर रही हैं। (4) पेड़ कट रहे हैं, और कंक्रीट के जंगल उगाए जा रहे हैं। इनका परिणामः- (1) ज़मीन की पकड़ कमजोर हो जाती है। (2) पानी का स्तर गिरता है।(3) पारिस्थितिक असंतुलन बढ़ता है। (4) बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं आम हो जाती हैं। चार धाम सड़क परियोजनाः- उत्तराखंड में चार धाम सड़क परियोजना के नाम पर हज़ारों पेड़ों की कटाई की गई। पर्यावरणविदों ने पहले ही चेतावनी दी थी कि यह इलाका भूस्खलन-प्रवण है। फिर भी सड़कों को चौड़ा करने के लिए बड़े-बड़े हिस्सों को नष्ट कर दिया गया।पर्यटन का असंवेदनशील विस्तारः- किन्नौर और धराली जैसे क्षेत्र अब "टूरिज्म हॉटस्पॉट" बन गए हैं। इसके चलतेः- (1) अवैज्ञानिक होटल निर्माण हुआ। (2) जैविक अपशिष्ट नदियों में फेंका गया। (3) वॉटर रीसोर्सेज़ पर अतिरिक्त दबाव पड़ा।(4) स्थायी जनसंख्या से अधिक वाहनों का प्रवेश हुआ। अवैध खनन और निर्माण कार्य (1) किन्नौर के पहाड़ों में अवैध खनन बहुत वर्षों से चल रहा है। (2) स्थानीय लोगों की शिकायतों के बावजूद प्रशासनिक चुप्पी रही। (3) यह गतिविधियाँ भूगर्भीय अस्थिरता को और बढ़ावा देती हैं, जिसे रेखांकित करना होगा।



**धराली के बाद हिमाचल प्रदेश में भी हालात खराब दिखाई दे रहे हैं, उत्तरकाशी में नदी के बढ़े जलस्तर व आस-पास के क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। धराली उत्तरकाशी में सभी सरकारी एजेंसियां, विभाग और सेना आपसी समन्वय से राहत एवं बचाव कार्य में लगे हुए हैं। बीती रात 130 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया है। बंद रास्तों को खोला जा रहा है और प्रभावितों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उत्तराखंड के सीएम का कहना है, पूरा धराली आपदा की चपेट में आ गया है, और कल की घटना के बाद वहां कई चरणों में मलबा आया है। मैंने आज वहां जाकर लोगों से मुलाकात की, उनसे बात की और घटना की जानकारी ली, आपदा से सब कुछ तबाह हो गया, इसके साथ ही शाम तक सेना के जवानों ने करीब 190 लोगों को बचा लिया है, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है, अभी घायलों को भी वहां से रेस्क्यू कर उत्तरकाशी लाया जा रहा है, कई जगहों पर भूस्खलन से पूरा संपर्क मार्ग पूरी तरह प्रभावित हुआ है। सरकार सभी व्यवस्थाएं करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, प्रधानमंत्री ने भी हमें हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है, और उनके मार्गदर्शन में हम आपदा पीड़ितों की समुचित मदद करेंगे, यह स्पष्ट है कि पहाड़ी क्षेत्रों में हो रहे कटाव, भूस्खलन और सड़कों के धंसने जैसी आपदाओं के लिए प्रकृति नहीं, बल्कि मानव की अविवेकपूर्ण योजनाएं, लालची विकास मॉडल और पर्यावरणीय उपेक्षा ही मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। जब तक विकास की दिशा में संतुलन और संवेदनशीलता नहीं लाई जाती, तब तक ऐसी त्रासदियां दोहराती रहेंगी।**

साथियों बातें कर हम धराली उत्तराखंड के बाद किन्नौर हिमाचल प्रदेश में 6 अगस्त 2025 को बादल फटने की करें तो धराली के बाद हिमाचल प्रदेश में भी हालात खराब दिखाई दे रहे हैं, उत्तरकाशी में नदी के बढ़े जलस्तर व आस-पास के क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। धराली उत्तरकाशी में सभी सरकारी एजेंसियां, विभाग और सेना आपसी समन्वय से राहत एवं बचाव कार्य में लगे हुए हैं। बीती रात 130 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया है। बंद रास्तों को खोला जा रहा है और प्रभावितों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उत्तराखंड के सीएम का कहना है, पूरा धराली आपदा की चपेट में आ गया है, और कल की घटना के बाद वहां कई चरणों में मलबा आया है। मैंने आज वहां जाकर लोगों से मुलाकात की, उनसे बात की और घटना की जानकारी ली, आपदा से सब कुछ तबाह हो गया, इसके साथ ही शाम तक सेना के जवानों ने करीब 190 लोगों को बचा लिया है, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है, अभी घायलों को भी वहां से रेस्क्यू कर उत्तरकाशी लाया जा रहा है, कई जगहों पर भूस्खलन से पूरा संपर्क मार्ग पूरी तरह प्रभावित हुआ है।

सरकार सभी व्यवस्थाएं करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, प्रधानमंत्री ने भी हमें हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है, और उनके मार्गदर्शन में हम आपदा पीड़ितों की समुचित मदद करेंगे, यह स्पष्ट है कि पहाड़ी क्षेत्रों में हो रहे कटाव, भूस्खलन और सड़कों के धंसने जैसी आपदाओं के लिए प्रकृति नहीं, बल्कि मानव की अविवेकपूर्ण योजनाएं, लालची विकास मॉडल और पर्यावरणीय उपेक्षा ही मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। जब तक विकास की दिशा में संतुलन और संवेदनशीलता नहीं लाई जाती, तब तक ऐसी त्रासदियां दोहराती रहेंगी। साथियों बात अगर हम आज पृथ्वी पर पर्यावरण के संतुलनया पर्यावरण को अपने हिसाब से इस तरह महसूस करने की करें तो (1) हिमालय से ग्लेशियरों के पिघलने की तेज गति के चलते समुद्र का जलस्तर 1.5 मिली मीटर प्रतिवर्ष बढ़ रहा है, जिस कारण वायु प्रदूषण ग्रीन हाइड्रो गैसों के कारण यह सब हो रहा है, दूसरा धरती अपनी धुरी से एक डिग्री तक खिसक गई है,वन तेजी से कम हो रहे हैं व पर्यावरण कार्बन डाइऑक्साइड बढ़ रहा है (2) पांच जगह पर अधिक खनन हो रहा है,नदी के पास, पहाड़ की कटाई, खनिज धातु खनन, समुद्री इलाकोंमें खनन, पानी के लिए धरती क्षेत्र में बोरिंग रेत गिट्टी हीरा कोयला तेल पेट्रोल के लिए कई हजारों फीट खुदाई। (3) जलवायु में ऑक्सीजन का घटना भी कारण है, क्योंकि जंगलों में कटाई से ऑक्सीजन की मात्रा घटने स्वाभाविक ही है। (4) अल्ट्रा वायरस किरणों का खतरा भी बढ़ गया है। (5) सबसे बड़ा परिणाम हम देख रहे हैं कि जलसंकट गहराता जा रहा है क्योंकि विभिन्न प्रकार के बनाए गए बांध व मानवीय खुराफात के कारण जल अपव्यय हो रहा है। यह सबघटनाएं हम मानवीय खुरापात के कारण हो रही है और हम उन्हें रोकने में असमर्थ हो रहे हैं, अगर हमें पृथ्वी को बचाना है तो पर्यावरण को प्रदूषण से बचाना होगा, क्योंकि धरती मां को पर्यावरण प्रदूषण से बचाना परम मानवीय धर्म है, साथियों बातें अगर हम जलवायु परिवर्तन और मानवीय हस्तक्षेप की करें तो जलवायु परिवर्तन और उससे उत्पन्न प्राकृतिक आपदाएं अब केवल भविष्य की चेतावनी नहीं, बल्कि वर्तमान की सच्चाई बन चुकी हैं। हर वर्ष हम सैकड़ों जानें, करोड़ों रुपये की संपत्ति, और बहुमूल्य पर्यावरणीय संसाधन खोते जा रहे हैं। इन सबके पीछे यदि कोई सबसे बड़ा कारण है तो वह है-मानव का प्रकृति में अनियंत्रित हस्तक्षेप। अब भी समय है कि हम अपनी विकास की परिभाषा को पुनः गढ़ें-एक ऐसी परिभाषा जो सतत हो, समावेशी हो, और पारिस्थितिकी के अनुकूल हो। यदि हमने अब भी नहीं सीखा,तो प्रकृति का प्रतिशोध कहीं अधिक विनाशकारी होगा, जिसकी कीमत पूरी मानवता को चुकानी पड़ेगी।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि नाराज प्रकृति की नाराजगी से भयंकर सैलाब- प्रकृति की मानवीय कृतिय के लापरवाही की चेतावनी तो नहीं? प्रकृति ने मानव को जीवन जीने के लिए आवश्यक सभी संसाधन दिए-मानव ने अपने स्वार्थवश इन संसाधनों का दोहन किया? धराली व किन्नौर में आपदा से तबाही- क्या यह आपदाएं प्राकृतिक चक्र है? या इसके पीछे कहीं न कहीं मानवीय हस्तक्षेप की भूमिका भी है?

***संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यम सीए (एटीसी)।***

विचार

# मोबाइल खेल की हार, जीवन की हार क्यों बनी ?

*डॉ. सत्यवान सौरभ*

मोबाइल खेलों की बढ़ती लत बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रही है। इंदौर में एक तेरह वर्षीय बालक ने फ्री फायर खेल में 3000 रुपये हारने के बाद आत्महत्या कर ली, जो बताता है कि आज की पीढ़ी में हार सहने की क्षमता घटती जा रही है। यह केवल एक खेल की हार नहीं, बल्कि संवादहीनता, अभिभावकों की अनदेखी और भावनात्मक असुरक्षा की परतें खोलती है। बच्चों को तकनीकी उपकरणों से पहले भावनात्मक समर्थन, शिक्षा तंत्र में मानसिक स्वास्थ्य और परिवार में संवाद की ज़रूरत है। हार को जीवन की समाप्ति नहीं, सीख बनने देना होगा।

जिस उम्र में बच्चों के हाथों में किताबें, आँखों में सपने और जीवन में उमंग होनी चाहिए, उस उम्र में इंदौर के एक तेरह वर्षीय बालक ने आत्महत्या कर ली। कारण -एक मोबाइल खेल फ्री फायर में तीन हज़ार रुपये हार जाना। यह घटना केवल एक बालक की मृत्यु नहीं, बल्कि समाज की चुप्पी, माता-पिता की अनभिज्ञता और डिजिटल अंधकार की सच्चाई है।

यह बालक सातवीं कक्षा का विद्यार्थी था। एक दिन पहले ही उसका जन्मदिन मनाया गया था। घर में मिठाई की खुशबू, गुब्बारों की चमक और मासूम हँसी की गूँज बाकी थी। लेकिन अगले ही दिन उसने अपने ही घर में फाँसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। क्यों? क्योंकि उसने एक मोबाइल खेल में तीन हज़ार रुपये गँवा दिए थे, जो उसने अपनी माँ के बैंक खाते से ऑनलाइन निकाल कर खर्च किए थे।

इस घटना ने बहुत गहरे सवाल खड़े किए हैं- क्या मोबाइल खेल केवल मनोरंजन हैं या वे हमारे बच्चों की मानसिक शांति और आत्मसम्मान को निगलते जा रहे हैं? क्या हम बच्चों को तकनीकी ज्ञान तो दे रहे हैं, पर मानसिक सहारा, संवाद और संस्कार नहीं? बाल मन अत्यंत कोमल और संवेदनशील होता है। जब हम बच्चों को बिना दिशा-निर्देश और निगरानी के मोबाइल फोन थमा देते हैं, तो हम उन्हें एक ऐसी आभासी दुनिया में छोड़ देते हैं जहाँ हार का मतलब केवल हार नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की समाप्ति बन जाता है। फ्री फायर, पबजी, बीजीएमआई जैसे युद्धक खेलों में हर क्षण जीतने का दबाव, प्रतिस्पर्धा की भावना और नकली पहचान की दौड़ बच्चों के मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव डालती है। इन खेलों में हर विजय एक नकली आनंद देती है और हर पराजय एक गहरे दुःख का कारण बनती है। बच्चों को यह अनुभव नहीं हो पाता कि यह केवल एक खेल है, असली जीवन नहीं। जब वे इन खेलों में हारते हैं, तो वे इसे अपने जीवन की हार मान लेते हैं। यही हुआ अक्लंक के साथ।

माता-पिता की भूमिका इस पूरी घटना में सबसे महत्वपूर्ण है। माता-पिता बच्चों को मोबाइल देते समय यह समझने में असफल हो जाते हैं कि वह उपकरण केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि आज की पीढ़ी के लिए संपूर्ण संसार बन चुका है। बच्चा जब मोबाइल पर खेल में हारता है, और उस पर फटकार पड़ती है, तो वह डबल आघात सहता है- एक हार का और दूसरा उपेक्षा का। बालक की माँ ने जब उसे डांटा, तो वह उसके लिए सामान्य माँ की झिड़की नहीं थी, वह उसके लिए स्वयं के मूल्यहीन होने की मुहर थी। हम भूल जाते हैं कि बालक केवल हमारे शब्द नहीं, हमारे भाव भी ग्रहण करते हैं। माता-पिता यदि संवाद के स्थान पर केवल डांट और आदेश देंगे, तो बच्चे डर और अपराधबोध में जीने लगते हैं।

आज हर घर में मोबाइल है, पर क्या हर घर में भावनात्मक संवाद है? क्या माता-पिता दिन में पाँच मिनट भी यह पूछते हैं कि बेटा, तुम कैसा महसूस कर रहे हो? क्या स्कूल में कोई शिक्षक बच्चों से यह पूछता है कि तुम्हें कोई बात मानसिक रूप से परेशान तो नहीं कर रही? हम परीक्षा में अंकों पर ध्यान देते हैं, पर बच्चे के मन में उठते तूफानों पर नहीं। मोबाइल खेलों के माध्यम से बच्चों में जो मानसिक विकृति उत्पन्न हो रही है, वह केवल मनोरंजन की बात नहीं रह गई है। यह अब मानसिक स्वास्थ्य का गंभीर संकट बन चुकी है।

इन खेलों में लगातार खेलने से मस्तिष्क में डोपामिन नामक रसायन का उत्सर्जन होता है, जो आनंद की अनुभूति कराता है। लेकिन यह आनंद क्षणिक होता है, और उसकी लत लग जाती है। बच्चा फिर वास्तविक जीवन में संतोष नहीं पाता, और आभासी दुनिया में ही अपनी पहचान खोजने लगता है। इन खेलों में जब पैसे भी जुड़ जाते हैं, तो स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। एक बार मोबाइल में बैंक खाता या भुगतान माध्यम जुड़ जाए, तो बच्चा जाने-अनजाने में हजारों रुपये खर्च कर देता है। माता-पिता को इसकी जानकारी तब होती है जब नुकसान हो चुका होता है।

इसका समाधान केवल तकनीकी नियंत्रण नहीं है। समाधान है- संवाद, स्नेह, समझ और सतर्कता। माता-पिता को चाहिए कि मोबाइल में पालक नियंत्रण अनुप्रयोग, खेल समय सीमा, ऑनलाइन भुगतान रोकथाम, जैसे साधनों का प्रयोग करें। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि वे अपने बच्चों के जीवन में भागीदार बनें- उनसे बात करें, उनके साथ समय बिताएँ और उन्हें यह महसूस कराएँ कि वे केवल अंकों, उपलब्धियों या जीत से नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व से प्रिय हैं। विद्यालयों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक विद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता होना अनिवार्य किया जाना चाहिए। पाठ्यक्रम में भावनात्मक शिक्षा, हार-जीत की समझ, आत्मसम्मान और आत्मरक्षा जैसे विषयों को स्थान दिया जाना चाहिए। बच्चों को यह सिखाना चाहिए कि हार कोई अभिशाप नहीं, बल्कि सीखने का अवसर है। सरकार को भी मोबाइल खेलों पर नियंत्रण के कठोर नियम बनाने चाहिए। बारह वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए भुगतान वाले खेल प्रतिबंधित किए जाएँ, भुगतान प्रणाली में माता-पिता की स्वीकृति आवश्यक हो, और हर मोबाइल सेवा में बाल संरक्षण प्रणाली लागू की जाए।

यदि हम इन बातों पर समय रहते ध्यान नहीं देंगे, तो ऐसी घटनाएँ सामान्य होती जाएँगी। वर्ष 2023 में भी कई राज्यों से ऐसी घटनाएँ सामने आई थीं, जहाँ बच्चों ने केवल खेल में हारने के कारण आत्महत्या कर ली थी। यह एक राष्ट्रीय चिंता का विषय है। आइए, हम यह संकल्प लें कि हमारे घरों में मोबाइल भले हो, पर उससे बड़ी चीज़ संवाद हो। हम बच्चों को केवल उपकरण न दें, उन्हें अपना समय, सहारा और साथ दें। हम उन्हें बताएं कि कोई भी खेल, कोई भी परीक्षा, कोई भी गलती- जीवन से बड़ी नहीं होती। एक बालक की आत्महत्या से यदि हम सबक नहीं लेंगे, तो हम आने वाले पीढ़ियों के साथ अन्याय करेंगे। इसीलिए, आइए, एक नई शुरुआत करें- जहां मोबाइल हो, पर उस पर माता-पिता की दृष्टि हो; जहां खेल हो, पर जीत-हार से परे प्रेम हो और जहां बच्चे हों, वहाँ केवल मौन नहीं, संवाद भी हो।

***(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)***

साहित्य



## हर तरफ शोर है

**उज्जवल कुमार**

हर तरफ़ शोर है
आप भी ताली बजा लीजिए

मदाड़ी है बंदरो की
आप भी मजा लीजिए

कोई अब सिंगल न रहा
आप भी कोई फसा लीजिए

सब गम में हैं डूबे यहाँ
आप भी दिल अपना दुखा लीजिए

फ़रेबी हर तरफ छाई है
आप भी अपनी दाल गला लीजिए





## राशिफल

**मेषः-** आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको अपने कार्यो पर पूरा ध्यान देना होगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा।

**वृषभः-**आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्ण रहने वाला है। आपको वरिष्ठ सदस्यों की मदद से काफी कुछ मिलेगा। कोई शारीरिक समस्या होने से मन परेशान रहेगा।

**मिथुनः-** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपका कोई फैसला समस्या देगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोलें।

**कर्कः-** आज आपके ऊपर काम का दवाब अधिक रहने से परेशान रहेंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आपको जल्दबाजी में कोई काम करना नुकसान देगा।

**सिंहः-** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके मन में किसी काम को लेकर यदि उलझन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। राजनीति में कार्यरत लोग अपने विरोधियों से सतर्क रहें।

**कन्याः-** आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी शौक मौज की चीजों पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे।

**तुलाः-** आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपने सगे संबंधियों का पूरा साथ मिलेगा। नौकरी पैसा जातकों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा।

**वृश्चिकः-** आज का दिन आपके लिए सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप परिवार के सदस्यों के साथ मौज मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे।

**धनुः-** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको अच्छी सफलता मिलेगी, लेकिन आपको अपनी सेहत को लेकर थोड़ा एतियात बरतनी होगी।

**मकरः-** आज का दिन आपके लिए इनकम में वृद्धि लेकर आने वाला है। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी।

**कुंभः-** आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। यदि आपकी कोई परेशानी थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है।

**मीनः-** आज का दिन व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए काफी अच्छा रहने वाला है। आप अपने जरूरी कामो पूरा ध्यान देंगे। आपके कुछ नए प्रयास रंग लाएंगें।

# रिश्तों व अर्थतंत्र को छिन्न-भिन्न करता इंटरनेट व मोबाइल

*संजीव ठाकुर*

समाज मे आज मध्यम, निम्न वर्ग के लोगों के द्वारा मोबाइल, इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग से पारिवारिक व सामाजिक रिश्तो में सेंध पड़ गई है। बच्चे, युवा, पुरुष तथा महिलाएं मोबाइल तथा इंटरनेट के बेहद आदि हो गए हैं पुत्र-पुत्रीयों की इस आदत से पीछा छुड़ाना भी अभिभावकों के लिये सिरदर्द बन चुका है। परिवार में यदि चार सदस्य हैं तो चारों के पास आज की सामाजिक व्यवस्था के तहत मोबाइल होना अत्यंत आवश्यक है और यही आवश्यकता परिवार तथा समाज के रिश्तों में भारी कड़वाहट पैदा कर रही है। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग व्यक्तियों तक मोबाइल की आदत एवं एक ही कमरे में अलग-अलग बैठकर अलग-अलग अपने मित्रों, सहपाठियों और रिश्तेदारों के भेजे गए मैसेज का जवाब, लाइक, फॉलो करने में लगे हुए रहते हैं। और परिवार के सदस्यों की इस आदत के कारण बच्चों का माता-पिता के प्रति आदर सम्मान एवं स्नेह जैसे खत्म होता जा रहा है।

आपस में बात करने की न तो जरूर समझते हैं न ही गुंजाइश रह गई है। ऐसे वातावरण में पारिवारिक समरसता तथा एकता अब लगभग खत्म होती नजर आ रही है। छोटे बच्चे बिना मोबाइल देखें अब भोजन भी नहीं करते हैं। माताएं अपने बच्चों को दिल बहलाने और उन्हें खाना खिलाने के लिए मोबाइल तथा इंटरनेट का सहारा ले रही है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक तो है ही पर अब यह खतरनाक रूप ले चुकी है। पहले टेलीविजन ने फिर कंप्यूटर ने अब मोबाइल और इंटरनेट में सामाजिक व्यवस्था को छिन्न-भिन्न करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। इसके अलावा मध्यम वर्गीय परिवार में मोबाइल तथा इंटरनेट के भुगतान ने एक बड़ा आर्थिक बोझ डाल दिया है। जिससे निम्न मध्यम वर्गीय परिवार का बजट बिगड़ता नजर आ रहा है। अब परिवार में भोजन के बाद मोबाइल तथा इंटरनेट की सेवा सबसे आवश्यक हो गई है जो परिवार के लिए समाजार्थिक रूप से सर दर्द बन चुकी है। इस पर तुरंत अंकुश लगना चाहिए अन्यथा संयुक्त तथा एकल परिवार भी विघटन की स्थिति में आ जाएगें।

टेलीफोन, मोबाइल, इंटरनेट के अविष्कार के बाद मानवीय संचार माध्यम के अविष्कार के बाद संचार विज्ञान के इतिहास में अत्यंत तूफानी विकास है।

अमेरिका में एक दूसरे के सूचना माध्यमों को जोड़कर जानकारी गुप्त रूप से आदान-प्रदान करने के लिए 1969 में अमेरिका में कंप्यूटर में श्अपारनेटश् की स्थापना की गई थी। इसी परिकल्पना के साथ कंप्यूटर नेटवर्क, आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्क इंटरनेट के रूप में परिवर्तित हो गया। आज लोगों के शौक खेलना, पढ़ना ,संगीत सुनना, चित्र बनाना, फोटोग्राफी परिवर्तित होकर 90ः लोगों के इंटरनेट सर्फिंग, संगीत सुनना और चित्र बनाने जैसे शौक इंटरनेट से मोबाइल अथवा कंप्यूटर के माध्यम से पूरे किए जा रहे हैं। विश्व में जनसंख्या के हिसाब से 4 अरब लोग इंटरनेट कंप्यूटर तथा मोबाइल के माध्यम से सुबह शाम इस्तेमाल कर रहे हैं।

भारतीय संदर्भ में 142 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या वाले देश में लगभग 40ः लोग मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग कर एक दूसरे से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इंटरनेट एक ऐसा सेवक है जो मोबाइल के माध्यम से आपके सभी आदेशों का पालन करने के लिए दिन रात उपलब्ध है। हवाई जहाज की, होटल की, किताबों की और व्यापार बढ़ाने की योजनाओं की बुकिंग इंटरनेट द्वारा घर बैठे कंप्यूटर या मोबाइल से किया जा सकता है। सरकार की प्रशासनिक कार्यों से लेकर व्यापार ,शिक्षा के नव अवसर भी इंटरनेट के माध्यम से पूर्ण किए जाने लगे हैं। इंटरनेट ने पूरे विश्व को एक दूसरे के एकदम करीब लाने के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी में एक चमत्कारिक परिवर्तन लाया है।

गौरतलब है कि पूर्व में जहां गरीब उपभोक्ता 10 से लेकर 100 तक आसानी से रिचार्ज करा लिया करता था ,अब इंटरनेट की कंपनियां 200 से लेकर 1000 तक बात करने की सुविधा के साथ इंटरनेट की सुविधा भी साथ में उपलब्ध करा रहे हैं जो सीधे-सीधे आम उपभोक्ता के लिए उनकी आर्थिक स्थिति में सेंध मारने जैसा कार्य है और परिवार की समरसता पर कुठारा घात जैसा हमला कर रहा है। ये सेवाएं स्वैच्छिक हैं, उपभोक्ता इंटरनेट की सेवाएं लेना चाहे तो ले अन्यथा केवल बातचीत करने की सेवाएं सी ले सकता है, पर एक बार इंटरनेट इस्तेमाल करने की आदत पड़ने के बाद उपभोक्ता इसका आदी होने लगता है। अब स्थिति यह है कि सीधा 28,58,89 दिनों के लिए इंटरनेट के साथ बात करने की सुविधा महंगी दरों में उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे गरीब उपभोक्ता की जेबों में हमला कर उनका मासिक बजट बिगाड़ने का काम हो रहा है, इस तरह से बात करने की सुविधा के साथ इंटरनेट भी दिया जाना भारत के ग्रामीण क्षेत्र में गरीब व्यक्ति को और भी गरीबी के दलदल में धकेलने जैसा ही है। यह सभी कंपनियों का गरीब उपभोक्ता के जेबों में सीधे-सीधे पैसे निकालने का सुनियोजित षड्यंत्र की तरह कर रहीं हैं, इस पर प्रभावी नियंत्रण अति आवश्यक है।

इस तरह के मोबाइल रिचार्ज पर सरकार को कड़ा कानून बनाकर इस के नियमन पर नियंत्रण रखना होगा। यह एक तरह की उपभोक्ताओं की परोक्ष तथा अदृश्य भावनाओं से खेल कर उनके बजट से आर्थिक लाभ लेने की सुनियोजित योजनाएं हैं ,जिनमें तत्काल नियंत्रण की आवश्यकता होगी। भारत में इंटरनेट सेवा की शुरुआत भारत संचार निगम लिमिटेड ने वर्ष 1995 में की थी अब एयरटेल, रिलायंस, टाटा इंडीकॉम, वोडाफोन, जैसी दूरसंचार कंपनियां इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराती है। विज्ञान की प्रकृति के साथ-साथ सूचना संचार माध्यम में आशातीत वृद्धि हुई है। शिक्षा के क्षेत्र में कहा जाता है कि इंटरनेट दुनिया के सबसे बड़ा पुस्तकालय है यहां सभी पुस्तकें पढ़ने के लिए उपलब्ध हैं।

इंटरनेट की एक को ही देखकर हमें भारतीय संदर्भ में आम उपभोक्ताओं के आर्थिक बजट को भी ध्यान में रखकर इंटरनेट उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों पर नजर रख बातचीत करने के लिए सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ इंटरनेट उपलब्ध कराना एक विकल्प रखना चाहिए। अन्यथा सीधा-सीधा इंटरनेट कंपनियां भारतीय आम उपभोक्ताओं का बजट बिगड़ने का काम ही कर रही है। इसके अलावा इंटरनेट से बच्चों तक अवांछित नग्न दृश्य भी इंटरनेट आसानी से उपलब्ध कराकर उनके भविष्य से खिलवाड़ भी कर रहा है।

लोग इंटरनेट का दुरुपयोग कर अश्लील साइटों को देखने और सूचनाओं को चुराने में भी सकते इससे साइबर अपराधों में वृद्धि हुई है। भया दोहन की घटनाएं भी बार-बार इंटरनेट के माध्यम से आम उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है। अतः भारतीय उपभोक्ताओं को यह सलाह है कि इंटरनेट का ज्ञान की तरह उपयोग करें, कूड़ेदान की तरह नहीं। यदि इसका सही उपयोग ज्ञान के सागर में गोता लगाने के लिए किया जाए और ज्ञान उपलब्ध हो सके तो इससे अच्छी कोई बात नहीं हो सकती। बस इसके आर्थिक पक्ष पर भी समुचित नजर रखी जानी चाहिए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### बुंदेलखंड रक्तदान समिति के 3 योद्धाओं ने किया रक्तदान



**हमीरपुर।** जिला अस्पताल में भर्ती भरूआ सुमेरपुर निवासी प्रियंका सिंह पत्नी गोविंद सिंह को 3 यूनिट खून की जरूरत पड़ने पर बुंदेलखंड रक्तदान समिति के 3 सदस्यो रक्तदान किया रेशम अधिकारी मनोज कुमार सौरभ सिंह अश्वानी कुमार ने ए+ पॉजिटिव 3 यूनिट रक्तदान करके बचाई प्रियंका सिंह की जान बुंदेलखण्ड रक्तदान समिति रक्तदानी महादानी का दिल से आभार व्यक्त करती है।

### यादव महासभा ने शहीद के घर पहुंचे परिजनों को बंधाया ढांढस

**भरुआ सुमेरपुर।** लुधियाना में ड्यूटी के दौरान शहीद होने वाले हवलदार राजेश कुमार यादव के घर पहुंचकर यादव महासभा ने दुखी परिवार को ढांढस बंधाते हुए सांत्वना प्रदान की इसी तरह बिरखेरा गांव में जहरीले कीड़े के काटने से हुई किसान की मौत पर महासभा पोस्टमार्टम हाउस पहुंची और परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया लुधियाना में ड्यूटी दौरान शहीद होने के बाद गुरुवार को यादव महासभा शहीद जवान के पैतृक गांव कुण्डौरा पहुंची और परिजनों को ढांढस बंधाते हुए सांत्वना प्रदान की। इसके बाद महासभा पोस्टमार्टम हाउस पहुंची और जहरीले कीड़े के काटने से मृत किसान रज्जू प्रसाद यादव के परिजनों को सांत्वना देकर हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस मौके पर महासभा के जिलाध्यक्ष सुघर सिंह यादव, महासचिव रमाशंकर आचार्य, सचिव शारदादीन, शिवगोविंद यादव, अजय यादवस पूर्व प्रधान अवधेश यादव, प्रदीप यादव, धीरेंद्र यादव, बिरखेरा प्रधान अशोक यादव एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

### एंटी करप्शन टीम ने चकबंदी अधिकारी कार्यालय में छापा मारकर कनिष्ठ सहायक को रिश्वत लेते दबोचा



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** गुरुवार को दोपहर में एंटी करप्शन टीम ने मुख्यालय स्थित चकबंदी अधिकारी के कार्यालय में छापा मारकर कनिष्ठ सहायक को दाखिल खारिज के नाम पर किसान पुत्र से पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोचकर थाने ले आई। मुकदमा दर्ज कराने के उपरांत टीम आरोपी को साथ लेकर बांदा लौट गई है गुरुवार को दोपहर में एंटी करप्शन टीम के इंस्पेक्टर संजय त्रिपाठी के नेतृत्व में बांदा से आई टीम ने चकबंदी अधिकारी के कार्यालय में छापा मारा और किसान पुत्र जीतू निषाद निवासी चंदूपुर से दाखिल खारिज के एवज में पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोचकर कस्बे के थाने ले आई। यहां पर मुकदमा दर्ज कराने के बाद टीम आरोपी कनिष्ठ सहायक प्रमोद कुमार को साथ लेकर बांदा लौट गई है। एंटी करप्शन टीम ने 20 दिन के अंदर मुख्यालय में यह दूसरी कार्रवाई की है। गत 18 जुलाई को टीम ने सीएमओ कार्यालय में छापा मारकर स्वास्थ्य विभाग के लिपिक पुष्पेंद्र सिंह को 21 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा था।

### जन गण मन के रचयिता रवीन्द्र नाथ टैगोर की मनाई गयी पुण्यतिथि



**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे की वर्णिता संस्था के तत्वावधान में साहित्य के सूरमा रवीन्द्र नाथ टैगोर की पुण्यतिथि मनाई गई संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि इनकी देश के प्रति भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। इनका जन्म सात मई 1861 को कोलकाता में देवेन्द्र नाथ टैगोर एवं शारदा देवी के घर हुआ था। इनकी शिक्षा तो अधिक नहीं थी। लेकिन प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। वह जन गण मन नामक राष्ट्र गान के रचयिता तथा गीतांजलि नाम की अमर कृति के कृतिकार थे। इसी कृति के कारण साहित्य में नोबुल पुरस्कार के विजेता बने थे। इन्होने कई पुस्तकें लिखी। कालांतर में इनका सात अगस्त 1941 को कोलकाता में निधन हो गया था। कार्यक्रम में बाबूलाल, सिद्धा, प्रेम, रिचा, पंकज सिंह, महावीर, सागर, विकास, अशोक अवस्थी, रामनारायन, कमलेश सोनकर, दस्सी व राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

### संस्कृति बोध परियोजना की बैठक सम्पन्न



**हमीरपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में संस्कृति बोध परियोजना की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे संस्कृति बोध परियोजना के क्षेत्रीय प्रमुख राजेन्द्र देव त्रिपाठी के साथ संकुल के सभी प्रधानाचार्य बन्धुओ की बैठक सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में सभी विद्यालयो के गत वर्ष के संस्कृति बोध परियोजना अभियान की समीक्षा तथा वर्तमान सत्र के लक्ष्य के विषय में विस्तृत चर्चा हुई। तथा अभियान के बारे मे योजना बनाई गयी। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख ने विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता (संकुल प्रमुख) के साथ विद्यालय के पूर्व छात्र एवं मातृभारती अभिभावक एवं विद्यालय के आचार्यो के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक मे संकुल के सभी प्रधानाचार्य एवं प्रान्तीय सेवा संयोजक शिव सिंह एवं झांसी सम्भाग के सम्भाग निरीक्षक शिवकरण उपस्थित रहे। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्ल ने दी।

### अभियान के तहत दस वाहनों का हुआ चालान



**बांदा।** परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अनधिकृत रूप से संचालित सवारी/यात्री वाहनों के संचालन में मौजूद सुरक्षा खतरों, वाहन फिटनेस, मानकों का उल्लंघन एवं गैर कानूनी संचालन के वाहनों के विरूद्ध विस्तृत जाँच एवं प्रवर्तन अभियान चलाकर कार्यवाही की गयी। अभियान के दौरान परिवहन विभाग, बाँदा द्वारा विभिन्न 2 यात्री वाहनों को मंडी समिति चौकी कालू कुआं में निरूद्ध किया गया है वहीं 10 वाहनों का चालान किया।

### बीरा गांव में कच्चा मकान भरभरा कर गिरा 50 वर्षीय महिला की दबकर हुई मौत

**कमासिन ,बांदा।** विकासखंड कमासिन की ग्राम पंचायत वीरा में बुधवार की दोपहर लगभग 12 बजे एक कच्चा मकान भरभरा कर अचानक गिर गया जिसकी चपेट में आई एक पचास वर्षीय महिला की दबकर मौत हो गई ।कमला पत्नी राजू विश्वकर्मा उम्र लगभग 50 वर्ष जैसे ही अपने कच्चे खपरैल मकान के अंदर कुछ लाने हेतु प्रवेश किया ही था कि अचानक कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया जिसके मलबे के नीचे कमला दब गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। जैसे ही परिजनों ने देखा तो आस -पास के लोगों की मदद से कमला को बाहर निकाला गयाऔर एम्बुलेंस को फोन कर जानकारी दी गई परंतु एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंची लगभग दो घंटे बाद परिजनों ने निजी साधन से घायल कमला को कमासिन ले गए जहां प्राईवेट डाक्टर ने दर्द का टीका लगाया और जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजन गंभीर रूप से घायल कमला को तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन इलाज के पहले ही महिला ने दम तोड दिया। पड़ोसी लोगों ने बताया कि महिला मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करती थी। अचानक हुई इस घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतका के तीन लड़की एक पुत्र है जिनकी शादियां हो चुकी हैऔर वह मनरेगा का काम कर अपना परिवार पाल रही थी।

### हरपालपुर बाईपास मोड़ पर आमने-सामने बाइक की हुई भिड़ंत, दोनों बाइकसवार हुए घायल



**पनवाड़ी महोबा।** पनवाड़ी क्षेत्र के बृजेंद्र उम्र 28 बर्षपुत्र चेतराम निबासी दिदवारा थाना क्षेत्र महोबकण्ठ अपनी बहन सपना एवं पत्नी कंचना को अपने गाँव दिदबारा से पनवाड़ी बैंक आ रहें थे कि रास्ता में सामने से आ रही बाईक सवार शिवम पुत्र नरेश राजपूत निबासी ग्राम करौंन्धी थाना जरिया जिला हमीरपुर निबासी अपने चाचा की बाइक लेकर अपनी बहन को लिवाने नया गांव हरपालपुर जा रहा था सूचना पाकर 108 एम्बुलेंस गाड़ी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी लायी जहाँ पर डाक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है।

# छह दिन तक दिन-रात चली राहत रसोई

- मोदी रसोई का समापन, क्योंकि यमुना व बेतवा का जलस्तर लगातार कम हो रहा है और लोग अपने-अपने घरों की ओर वापस लौट रहे





**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

मैं सहयोगियों से, जिन्होंने भी मोदी रसोई के माध्यम से इस आपदा के समय में तन, मन व धन से सहयोग किया है मै उनका आभारी हूँ जिनकी वजह से हम इस कार्य के माध्यम बने मै आप सभी से कहना चाहता हूं कि नगर या जनपद के आस पास किसी भी जगह आयी किसी भी तरह की आपदा विपदा को किसी भी राजनीतिक दृष्टिकोण से न देखकर, इसे एक सामूहिक चुनौती के रूप में समझना चाहिए। हमें राजनीतिक दलों से ऊपर उठकर, शहर के हित में काम करना होगा नगर की अपनी सीमाएं हैं, लेकिन भविष्य में सुधार की योजनाएं बनाई जा रहीं हैं जो ऐसी आपदाओं से निपटने में मदद करेंगी। इसके लिए आम जनता, प्रशासन, और राजनीतिक दलों को मिलकर काम करना होगा आइए हम मिलकर जनपद को बेहतर बनाने के लिए काम करें और भविष्य में ऐसी आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए प्रयासरत रहें हमें शहर के विकास और सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा इस आपदा से प्रभावित हुए सभी लोगों के प्रति हमारी गहरी सहानुभूति है, जिन्होंने इस आपदा में भारी नुकसान का सामना किया है।

> उनकी पीड़ा और संघर्ष को समझना और उनके साथ खड़े रहना हमारा कर्तव्य है हमारी संवेदनाएं उनके साथ हैं और हम उनके शीघ्र उभार और पुनर्वास के लिए प्रार्थना करते है।
>
> **-कुलदीप निषाद चैयरमैन नगरपालिका हमीरपुर।**

# बाढ़ प्रभावित गांवों में बांटी राहत सामग्री



**हमीरपुर।** बाढ़ पीड़ितों की मदद का सिलसिला लगातार जारी है। गुरुवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में राहत सामग्री का वितरण किया गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि बाढ़ प्रभावित ग्राम चंदुलीतीर, चंदुलीतीर डेरा, हेलापुर, केसरिया डेरा,भोला डेरा आदि ग्रामों में राहत सामग्री वितरित की गई इस मौके पर पूर्व मंत्री बादशाह सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख शुभकरण सिंह परिहार, प्रदेश सचिव मुन्नीलाल निषाद, प्रदेश कार्य समिति सदस्य नंदकिशोर शिवहरे, घनश्याम साहू, शिवशरण यादव, युगांक मिश्रा, राघवेन्द्र यादव लकी, अवधेश यादव, विवेक यादव, लालता सिंह खंगार, प्रधान अनुज यादव, लालमन यादव, अभय परिहार, दीपक वर्मा आदि कार्यकर्ताओं ने वितरण में सहयोग किया।

# झूला झूलने को लेकर भाई से विवाद होने पर फांसी लगा ली

- परिजनों द्वारा अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया

**मौदहा (हमीरपुर)।** भाई से झूला झूलने को लेकर हुए विवाद में किशोरी ने दुपट्टे से फांसी लगा ली जिसे परिजनों द्वारा गंभीर हालत में इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहाँ पर किशोरी को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अरतरा निवासी नीलेश त्रिपाठी की तेरह वर्षीय पुत्री ललिता ने अपने भाई से झूला झूलने को लेकर हुए विवाद में कमरे में जाकर दुपट्टे से फांसी लगा ली। जिससे उसके दादा बसंत त्रिपाठी तत्काल प्रभाव से इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर आए जहां पर डाक्टरों ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने कोतवाली पुलिस को सूचना भेज दी। मृतका के बाबा बसंत त्रिपाठी ने बताया कि बच्ची झूला झूल रही थी उसी में भाई बहिन में विवाद हो गया उसी को लेकर इसने कमरे में फांसी लगा ली, जिसे हम अस्पताल लेकर आए लेकिन खेत में घर है इसलिए आने में समय लग गया। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**भरुआ सुमेरपुर।** हाईवे पर जेके सीमेंट के आगे पैदल जा रहे अज्ञात युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया है।

फैक्टरी चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह ने बताया कि सूचना मिली है कि एक व्यक्ति की जेके सीमेंट के आगे हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई है। लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी है। इसलिए शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया गया है। उन्होंने बताया कि शव के कुछ दूर पर एक बाइक की हेडलाइट टूटी पड़ी हुई है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है की बाइक ने ही युवक को टक्कर मारी है। जिससे उसकी मौत हो गई है।

# डीआरएम ने किया औचक निरीक्षण, गंदगी देख लगाई फटकार

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



औचक निरीक्षण में आये उत्तर मध्य रेलवे झांसी के डीआरएम ने स्टेशन पर गंदगी देखकर स्टेशन मास्टर को कड़ी फटकार लगाते हुए स्टेशन में कूड़ादान लगवाने के निर्देश दिए। प्लेटफार्म के सुंदरीकरण में जगह जगह टाइल्स टूटी पाए जाने पर कहा कि ठेकेदार से बगैर भुगतान दिए कार्य कराया जाये। इसके बाद वह बांदा के लिए रवाना हो गये।उत्तर मध्य रेलवे झांसी के डीआरएम अजय प्रताप सिंह ने दोपहर में रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। स्टेशन परिसर में गंदगी पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए स्टेशन मास्टर अमानुद्दीन को कूड़ा दान लगाने के निर्देश दिए। प्लेटफार्म के सुंदरीकरण के बाद जगह जगह टाइल्स टूटी देखकर उन्होंने ठेकेदार से बगैर भुगतान दिए कार्य कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि ने उन्हें 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिसमें हरिद्वार जबलपुर एक्सप्रेस को पुन शुरू कराने, इंटरसिटी एवं मेमू ट्रेनों की संख्या बढ़ाने, गरीब रथ एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित करने, प्लेटफार्म संख्या दो एवं तीन में तीन में टीनशेड लगवाने, स्टेशन से गेट संख्या 31 तक नाला निर्माण कराने तथा सभी प्लेटफार्मों में कोच पोजिशनल प्रणाली लगाने की मांग की है।

### विवाहिता ने आपसी मनमुटाव से घर में फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र की एक विवाहिता ने आपसी मनमुटाव से घर में फांसी लगाकर जान देने की कोशिश किया समय पर परिजनों ने फांसी से उतार आनंद-फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया कोतवाली क्षेत्र के करहिया गांव निवासी शीला 25 वर्ष पत्नी अनुरूध्द यादव घरेलू ग्रह कलह के दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश किया। परिजनों सही समय पर देख लिया फांसी से उतार कर कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# निकाय कर्मचारी महासंघ ने 10 सूत्री मांगों का अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- मांग पूरी न होने पर कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



निकाय कर्मचारी महासंघ के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को दस सूत्री मांगो का ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौपा। जिसमे उन्होंने मांग पूरी ना होने पर कार्य बहिष्कार कर कलेक्ट्रेट के गोल चबूतरे में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष लालू राम भारती के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि संविदा सफाई कर्मचारियों का भविष्य निधि वेतन से कटौती 2011 से बराबर कट रही है लेकिन 63 माह का रुपया भविष्य निधि में शो नहीं कर रहा है। नगर पालिका द्वारा शो कराया जाए एवं कटौती की गई धनराशि का ब्याज सहित रुपया वापस कराने, स्थाई कर्मचारी व संविदा कर्मचारी एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को ईएसआईसी पहचान कार्ड कार्यदाई संस्था द्वारा बनवाने, संविदा कर्मचारियों की मृत्यु होने पर उसके परिवार के किसी सदस्य को मृतक आश्रित नौकरी दिलाने, स्पेशल ग्रेड का लाभ दिलाने, नया शासनादेश के तहत वेतन का भुगतान करने, सहित दस सूत्री मांग की है। उन्होंने 22 अगस्त तक मांगे पूरी ना होने पर कार्य बहिस्कार कर गोल चबूतरे में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान राजीव कुमार, वीरेंद्र, सुनील, कामता, लक्ष्मी, संजीत कुमार, संतोष कुमार, कमल किशोर सहित समस्त सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# भोलेनाथ की धूमधाम से निकाली मूर्ति विसर्जन शोभा यात्रा



**बांदा।** सावन मास के पावन अवसर पर बोल बम कांवड़ ग्रुप-1, महेश्वरी देवी चौक के तत्वाधान में अध्यक्ष प्रेम मौर्य के नेतृत्व में भोलेनाथ की भव्य पूजा-अर्चना के उपरांत मूर्ति विसर्जन यात्रा का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। भोलेनाथ की प्रतिमा महेश्वरी देवी मंदिर से प्रारंभ होकर स्टेशन के पुल से होते हुए नदी तट पर सम्पन्न हुआ। इस दौरान भक्तों ने गाजे-बाजे, भजन-कीर्तन और उत्सव के माहौल में भगवान शिव की आराधना की। विसर्जन यात्रा में मोहल्ले की अनेक श्रद्धालु महिलाएं और युवक शामिल हुए।उपस्थित प्रमुख भक्तों में पूजा मौर्य, बबली मौर्य, अंकिता मौर्य, अनवी साहू,नंदनी धुरिया, सुनीता धुरिया आदि रही। सभी ने मिलकर कीर्तन-आरती की और शिवभक्ति में लीन हो गए। इस अवसर पर लालू राजपूत, सत्यम धुरिया, हर्षित साहू, अनुज, शिवकुमार, रामचंद्र चौरसिया, सुरेश साहू, नंदकिशोर, जितेंद्र धुरिया, सूर्याश धुरिया, सक्षम मौर्य आदि श्रद्धालुओं ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई। गौरतलब है कि बोल बम काँवड़ ग्रुप-1 द्वारा दीवानगंज में कांवड़ यात्रियों को विदा करने के बाद ही भोले बाबा की प्रतिमा की स्थापना की गई थी, जिसे विधिपूर्वक पूजन-अर्चन कर विसर्जित किया गया।

# बांदा के कवि दंपति मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न से सम्मानित




**बांदा।** जनपद के प्रसिद्ध साहित्यकार दंपति डा. बृजेश कुमार गुप्ता मेवादेव और उनकी अर्धांगिनी वर्षा गुप्ता संप्रभा को मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। यह आयोजन जयपुर के सियाम आडिटोरियम, दुर्गापुरा में हुआ, जिसमें देश भर के 23 राज्यों से साहित्यकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन अभाकाम संस्था द्वारा किया गया, जिसके महासचिव डा. अरुण कुमार सक्सेना ने बताया कि इस बार साहित्यकारों को पाँच श्रेणियों में कुल 1,48,357 की पुरस्कार राशि वितरित की गई। यह सम्मान पिछले तीन वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है, और इस वर्ष नगद पुरस्कारों की संख्या 15 से बढ़ाकर 57 कर दी गई। डा. बृजेश एवं वर्षा गुप्ता को शॉल, दुपट्टा ओढ़ाकर, प्रतीक चिन्ह व प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में संस्था अध्यक्ष अजीत सक्सेना सहित भामाशाह रतन सक्सेना, धर्मेंद्र कमठान, राधेगोविंद माथुर आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर लगभग 100 से अधिक साहित्यकारों, भामाशाहों व विशिष्ट अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। इस साहित्यिक समारोह में डा. बृजेश गुप्ता व वर्षा गुप्ता को काव्य पाठ के पश्चात शॉल, शील्ड और प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड, हैदराबाद, ओडिशा आदि राज्यों से भी कवियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में संयोजक व प्रवक्ता की भूमिका डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने निभाई। डा. बृजेश व वर्षा गुप्ता पूर्व में भी अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मानित हो चुके हैं।

# आरएलएम समूहों के बैंकों में लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करें: डीएम

- कलेक्ट्रेट सभागार में बैंक प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न हुई

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी बाँदा जे.रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैंक प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बैंक के शाखा प्रबन्धकों एवं प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं मुख्यमंत्री उद्यम विकास अभियांन, एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना ,आरएलएम समूहों के बैंकों में लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैंकर्स को निर्देश दिये कि सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के आवेदन पत्रों की जांच के उपरान्त ऋण हेतु आवेदन हेतु पायी जाने वाली कमियों को सम्बन्धित आवेदकों को सूचित करते हुए उनसे पूर्ण करायें। उन्होंने ओडीओपी योजना के, अवशेष लंबी आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश बैंकर्स को दिएस, उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड एवं फसल बीमा के करब पोर्टल पर लंबित आवेदनों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिएस उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत किसानों को शीघ्र ऋण दिये जाने के लिए निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत 21 से 40 वर्ष तक के 8वीं उत्तीर्ण आवेदक एमएसएमई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर, बैंको से ऋण प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे आवेदकों के बैंको में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के खातों को प्राथमिकता पर खोले जाने तथा समूहों को सीसीएल के आवेदनों का तेजी से निस्तारण किये जाने के निर्देश सम्बन्धित बैंक शाखा के प्रबन्धकों को दिये। उन्होंने बैंकर्स को निर्देश दिये कि जिन बैंको का सीडी रेसियो कम है, उसको कार्य योजना बनाकर शीघ्र बढाये जाने के निर्देश दिये। बैठक में सीडीओ अजय कुमार पाण्डेय, लीड बैंक मैनेजर सहित उप निदेशक कृषि, जीएम डीआईसी एवं सम्बन्धित योजनाओं के अधिकारीगण तथा बैंकर्स उपस्थित रहे।

# बाढ़ से पीड़ितों को तत्काल दिलाया जाये मुआवजा

- भाजपा नेता ने जलशक्ति मंत्री सहित डीएम को सौंपा ज्ञापन



**बांदा।** बांदा सहकारी क्रम विक्रय समिति संचालक व भाजपा नेता राकेश बाजपेई ने मंत्री सहित डीएम व सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में तत्काल सरकारी मदद व दवाओं को छिड़काव आदि की मांग की है।

मंत्री को दिये ज्ञापन में भाजपा नेता बाजपेई ने बताया है कि तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र के जसपुरा ब्लाक में पिछले दिनों आई भीषण बाढ़ के कारण क्षेत्र के चन्दवारा, अमचौरी, महबरा, लसड़ा, गोरगवां, तगड़ा डेरा, पंडवन डेरा, नांददेव, शंकरपुरवा आदि में कई दिनों तक जलभराव रहने के कारण संक्रामक बीमारियों को प्रकोप बढ़ सकता है। इसको ध्यान में रखते हुए दवाओं को तत्काल छिड़काव कराया जाये। बाढ़ के कारण किसानों की लगभग 80 प्रतिशत फसल बर्बाद हो चुकी है। जिसका सर्वे कराकर तत्काल मुआवजा दिलाया जाये।

# अपने बीएलए शीघ्र नियुक्त करें सभी राजनैतिक दल: डीएम

- इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र संबंधी बैठक सम्पन्न

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी जे रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में उत्तर प्रदेश विधान परिषद इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदान स्थलों की आलेख्य सूची 2025-2026 एवं आगामी पुनरीक्षण हेतु बीएलए नियुक्त किये जाने के सम्बन्ध में समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राजनैतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन हेतु अपने बीएलए शीघ्र नियुक्त करें। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदेय स्थलों की जानकारी देते हुए बताया कि कुल 18 मतदेय स्थल प्रस्तावित किये गये हैं। इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य का कार्यकाल 07 दिसम्बर, 2026 तक है। विधिक प्राविधानों के अनुसार जिस वर्ष खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचन होना है निर्वाचक नामावली निर्वाचन वर्ष के पूर्ववर्ती वर्ष 2025 में तैयार की जानी है।

उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार आगामी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण शीघ्र ही प्रारम्भ होने वाला है, इस हेतु प्रत्येक बूथ पर आपके द्वारा बूथ लेवल एजेन्ट (बीएलए) आयोग द्वारा नियत प्रारूप फार्म बीएलए-2 पर नियुक्त किया जाना है तथा पूर्व में बीएलए फार्म सहित पूर्ण जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन हेतु तैयार की गयी मतदेय स्थलों आलेख्य सूची 2025-26 इस अनुरोध के साथ उपलब्ध करायी जा रही है कि इस सम्बन्ध में आपका कोई सुझाव/आपत्ति हो तो लिखित रूप से 11 अगस्त, 2025 तक जिला निर्वाचन कार्यालय बॉदा में उपलब्ध करा दें तथा आपके दल द्वारा बूथ लेवल एजेन्ट को नियुक्त करते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय एवं सम्बन्धित उप जिलाधिकारी/ईआरओ को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि/रा/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुमार धर्मेन्द्र, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय सहित सम्बन्धित राजनैतिक दलों के पदाधिकारी/प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# विधायक निधि से होगा सरस्वती शिशु मंदिर के नवीन भवन का निर्माण

- 12 लाख 50 हजार की निधि प्रदान करने से विधायक दिनेश रावत की क्षेत्र वासियों ने की जमकर प्रशंसा
- प्रशंसाओं के बीच विधायक ने किया भूमि-पूजन

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

विधानसभा हैदरगढ़ की शैक्षिक और सांस्कृतिक धरोहर सरस्वती शिशु मंदिर का विधायक निधि से प्राप्त 12,50000 की धनराशि से नवीन भवन निर्माण का भूमि पूजन वैदिक मंत्रोचार के बीच विधायक दिनेश रावत द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अवध प्रांत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल जी के साथ राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा एवं जिले के कई बड़े नेताओं ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अवध प्रांत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल जी ने विधायक दिनेश रावत की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्या के मंदिर के पुनः निर्माण हेतु



आपके द्वारा किया गया उक्त कार्य अत्यंत सराहनीय है आपके द्वारा दी गई प्रोत्साहन राशि से नवीन भवन का निर्माण होगा और यह मात्र भवन ही नहीं संस्कार शिक्षा और राष्ट्र निर्माण का केंद्र भी होगा। इसके अतिरिक्त राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह आदि ने भी अपने अपने विचार प्रकट किये। भूमि पूजन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक वीरेंद्र जिला व्यवस्था प्रमुख राजकुमार शर्मा भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ब्लॉक प्रमुख आरती रावत वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया सरस्वती शिशु मंदिर के प्रबंधक राजकुमार अग्रवाल प्रधानाचार्य ओम प्रकाश सिंह नगर के प्रमुख व्यवसायी जितेंद्र सिंघल पूर्व उप बेसिक शिक्षा अधिकारी माता प्रसाद अवस्थी भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा राम तीरथ वर्मा युवा नेता विकास पांडे विक्की राम अनुज चौरसिया रामशरण साहू संतोष श्रीवास्तव अभिषेक चौरसिया सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

## सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2006 जिसका अनुक्रमांक 1726932 व इंटरमीडिएट वर्ष 2009 जिसका अनुक्रमांक 0845254 तथा बीएससी वर्ष 2012 जिसका अनुक्रमांक 232475 है, की मार्कशीट कहीं खो गयी हैं, मुझे मार्कशीट की दूसरी प्रति की आवश्यकता है। हरजीत सिंह पुत्र मलिखान सिंह निवासी जैतपुर, ब्लाक बढ़पुर, थाना जहानगंज, फर्रुखाबाद।

# राष्ट्र प्रेम, अनुशासन व भलाई का पाठ पढ़कर देश में नाम रोशन कर सकते हैं छात्र : संजय कुमार राय

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छंदवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान (बिरजू संस्थान) द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल में स्काउट दल एवं गाइड कम्पनी के प्रथम सोपान का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि स्काउट एवं गाइड के छात्र राष्ट्र प्रेम, अनुशासन और भलाई का पाठ पढ़कर देश में अपना नाम कमाने का अच्छा अवसर प्राप्त कर सकते हैं। जिन छात्र छात्राओं में अनुशासन होता है उन्हें कैरियर बनाने का अवसर अवश्य मिलता है। शिक्षक स्वयं प्रकाश एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सहायक देवेंद्र कुमार ने भी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी।



- चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल में तीन दिवसीय स्काउट गाइड के प्रथम सोपान प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

बाराबंकी के स्काउट लीडर ट्रेनर राम आसरे ने छात्रो को प्रथम दिन एकत्रीकरण, ध्वज शिष्टाचार, टोली निर्माण, स्काउटिंग की सामान्य जानकारी, प्रार्थना, प्रतिज्ञा नियम एवं सेल्यूट, बायां हाथ मिलाना, ध्वज प्रकार तथा झंडा गीत सिखाया। स्कूल के प्रबंधक ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया तथा छात्रों को स्काउट गाइड प्रशिक्षण प्राप्त करने की बधाई दी। स्काउट मास्टर शारदा रावत एवं गाइड कैप्टन वन्दना वर्मा ने छात्रों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण में डॉ अम्बेडकर स्काउट दल के 32 छात्र एवं रमाबाई गाइड कम्पनी की 32 छात्राएं भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनोद कुमार, शिक्षिका प्रिया मौर्य, सरिता यादव, पूनम रत्नाकर, प्रिंसी वर्मा, अनिता अर्चना एवं शिक्षणेत्तर कर्मी जियालाल, सरस्वती, सरोज ने प्रशिक्षण में योगदान दिया।

# प्रधान भानु बाजपेई ने आधार कार्ड कैंप लगवा कर बनवाएं बच्चों के आधार कार्ड



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

ग्रामीणों की आधार सम्बन्धी परेशानियो को दूर करने के लिए पोस्ट ऑफिस द्वारा गांव-गांव शिविर लगाकर आधार कार्ड बनाया जा रहा है। इसी क्रम में विकास खंड त्रिवेदीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत जरौली में प्रधान भानु वाजपेई के सहयोग से पोस्ट ऑफिस द्वारा प्राथमिक विद्यालय जरौली में शिविर लगाकर 0 से 5 वर्ष के 28 बच्चों का आधार कार्ड निशुल्क बनाया गया। इस अवसर पर कन्या सुमंगला योजना के 15 फॉर्म भी भरे गये।

जिन बच्चों के आधार कार्ड बनाएं गये।उनमें अल्फीशा बानो छवि बाजपेयी, सार्थक बाजपेयी व आदित्य यादव आदि शामिल है । इस अवसर पर पलक वर्मा, अब्दुल जब्बार, सिया वर्मा, मुख्तार अहमद, आरती देवी व वंदना मिश्रा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## कार्यालय नगर पंचायत कमालगंज- जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांकः 237/कमालगंज/2025-26 — दिनांक 07/08/2025

### -: निविदा सूचनाः-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, कमालगंज में नगरीय जल निकासी योजना में उपलब्ध धनराशि से शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अधीन निम्न सारणी अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/एजेन्सी/कम्पनी/ठेकेदार दिनांक 30/08/2025 समय 4.00 बजे तक सील बन्द निविदा दे सकते है। निविदा पत्र, निविदा आमंत्रण तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। प्राप्त निविदा दिनांक 01/09/2025 सायंकाल 4.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ आगंणन की 02 प्रतिशत जमानत धनराशि एवं शेष 08 प्रतिशत जमानत धनराशि अनुबन्ध के समय जमा करना अनिवार्य होगा। जमानत धनराशि अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, कमालगंज के नाम बन्धक होगी, जो एन0एस0सी0/ एफ0डी0आर0/ आर0टी0जी0एस0/आर0टी0जी0एस0/नगद जमा रसीद फार्म-5/टी0डी0आर0 के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। बिना जमा जमानत राशि व सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार नगर पंचायत के सक्षम अधिकारी को सुरक्षित रहेगा। नियम व शर्ते कार्यालय कार्य दिवस में अवलोकन कर सकते है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगंणन राशि | निविदा मूल्य + जी.एस.टी. | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | कार्य पूर्ण का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड-शास्त्री नगर-प्रथम में रेलवे तिराहे से मयंक इलैक्ट्रानिक की दुकान तक नाला निर्माण कार्य। | 660000.00 | 826.00 | 13200.00 | तीन माह |
| 2 | वार्ड-शास्त्री नगर-प्रथम में श्रद्रा इण्टरनेट सर्विसेज की दुकान से रामनिवास शर्मा की दुकान तक नाला निर्माण कार्य। | 626000.00 | 826.00 | 12520.00 | तीन माह |
| 3 | वार्ड-शास्त्री नगर-प्रथम में पवन गुप्ता दोना पत्तल की दुकान से रिंकू इलैक्टानिक की दुकान तक नाला निर्माण कार्य। | 636000.00 | 826.00 | 12720.00 | तीन माह |
| 4 | वार्ड-शास्त्री नगर-प्रथम में जे0पी0 कटियार की दुकान से कटियार ट्रेडर्स तक नाला निर्माण कार्य। | 660000.00 | 826.00 | 13200.00 | तीन माह |
| 5 | वार्ड-शास्त्री नगर-प्रथम में डा0 मन्नी सिंह के मकान से मोहन दुबे के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 693000.00 | 826.00 | 13860.00 | तीन माह |
| 6 | वार्ड-शास्त्री नगर-प्रथम में रचित टेलीकॉम की दुकान से मनोज मिष्ठान भण्डार की दुकान तक नाला निर्माण कार्य। | 667000.00 | 826.00 | 13340.00 | तीन माह |
| 7 | वार्ड-शास्त्री नगर-प्रथम में रवेन्द्र यादव की परचून की दुकान से रोहित-मोहित (सर्वेश पेड़ा) मिष्ठान की दुकान तक नाला निर्माण कार्य। | 441000.00 | 590.00 | 8820.00 | तीन माह |
| 8 | वार्ड-शास्त्री नगर-प्रथम में विधि चन्द्र वर्मा के मकान से शनि गुप्ता की दुकान तक नाला निर्माण कार्य। | 679000.00 | 826.00 | 13580.00 | तीन माह |
| 9 | वार्ड-शास्त्री नगर-प्रथम में अनिल कच्चे की दुकान से पाल परचून वाले की दुकान तक नाला निर्माण कार्य। | 671000.00 | 826.00 | 13420.00 | तीन माह |
| 10 | वार्ड-शास्त्री नगर-प्रथम में उज्जवल गुप्ता की दुकान से उज्जैर फुटवियर की दुकान तक नाला निर्माण कार्य। | 449000.00 | 590.00 | 8980.00 | तीन माह |
| 11 | वार्ड-शास्त्री नगर-प्रथम में इंतजार परचून की दुकान से आशू मोबाइल की दुकान तक नाला निर्माण कार्य। | 679000.00 | 826.00 | 13580.00 | तीन माह |
| 12 | वार्ड-शास्त्री नगर-प्रथम में चौरसिया टेलीकॉम की दुकान से कटियार बेल्डिंग स्टोर की दुकान तक नाला निर्माण कार्य। | 693000.00 | 826.00 | 13860.00 | तीन माह |
| 13 | वार्ड-शास्त्री नगर-प्रथम में आर0के0 डी0जे से शम्भू दयाल शर्मा की दुकान तक नाला निर्माण कार्य। | 675000.00 | 826.00 | 13500.00 | तीन माह |
| 14 | वार्ड-शास्त्री नगर-प्रथम में दिनेश शर्मा की दुकान से शंकर इलैक्ट्रिकल्स की दुकान तक नाला निर्माण कार्य। | 644000.00 | 826.00 | 12880.00 | तीन माह |
| 15 | वार्ड-शास्त्री नगर-प्रथम में नारायन स्कैल्स कम्पनी से ब्लाक तक नाला निर्माण कार्य। | 644000.00 | 826.00 | 12880.00 | तीन माह |
| 16 | वार्ड-शास्त्री नगर-प्रथम में बी0आर0सी0 के गेट से विनोद असौलिया की दुकान तक नाला निर्माण कार्य। | 666000.00 | 826.00 | 13320.00 | तीन माह |
| 17 | वार्ड-शास्त्री नगर-प्रथम में मुन्नालाल की दुकान से मंसूरी साईकिल स्टोर तक नाला निर्माण कार्य। | 700000.00 | 826.00 | 14000.00 | तीन माह |
| 18 | वार्ड-शास्त्री नगर-प्रथम में बाला जी फर्नीचर की दुकान से श्री पाल की दुकान तक नाला निर्माण कार्य। | 655000.00 | 826.00 | 13100.00 | तीन माह |
| 19 | वार्ड-अम्बेडकर नगर में बाम्बे कालोनी से शराफत के खेत तक नाला निर्माण कार्य। | 691000.00 | 826.00 | 13820.00 | तीन माह |
| 20 | वार्ड-अम्बेडकर नगर में कल्लू के खेत से कोकिला देवी के खेत तक नाला निर्माण कार्य। | 660000.00 | 826.00 | 13200.00 | तीन माह |
| 21 | वार्ड-अम्बेडकर नगर में मल्लू के खेत से अन्ना प्रधान के खेत तक नाला निर्माण कार्य। | 687000.00 | 826.00 | 13740.00 | तीन माह |
| 22 | वार्ड-अम्बेडकर नगर में क्यामुद्दीन के खेत से दुर्जनलाल के खेत तक नाला निर्माण कार्य। | 660000.00 | 826.00 | 13200.00 | तीन माह |
| 23 | वार्ड-अम्बेडकर नगर में रामचन्द्र मिश्रा के खेत से पुत्तु खां के खेत तक नाला निर्माण कार्य। | 701000.00 | 944.00 | 14020.00 | तीन माह |
| 24 | वार्ड-आजाद नगर में हाकिम के खेत से वाया पुलिया वासू चतुर्वेदी मेडिकल तक सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 990000.00 | 1180.00 | 19800.00 | तीन माह |
| 25 | वार्ड-आजाद नगर में जे0एस0एम0 स्कूल से हाकिम के खेत तक सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 990000.00 | 1180.00 | 19800.00 | तीन माह |

**(विनोद कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, कमालगंज।**

**(राजबेटी शंखवार)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत, कमालगंज।**

## खबरें एक नजर में

### सांसद पुत्र अनुराग ने बाटी राहत सामग्री



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** चकरनगर ब्लॉक में विभिन्न ग्रामों में बाढ़ पीड़ित परिवारों को ब्लाक प्रमुख महेवा के प्रतिनिधि एंव सांसद जितेंद्र दोहरे के पुत्र अनुराग दोहरे ने राहत सामग्री वितरित की। सांसद पुत्र अनुराग दोहरे अपनी टीम ले साथ चकरनगर के बाढ़ प्रभावित गांव में पहुंचे और उन्होंने बाढ़ से प्रभावित हुए परिवारों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी हासिल की, अनुराग दोहरे ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को हर सम्भव सहायता करने का भरोसा दिलाया। ब्लाक प्रमुख महेवा के प्रतिनिधि एंव सांसद जितेंद्र दोहरे के पुत्र अनुराग दोहरे ने टीम के साथ चकरनगर ब्लॉक में विभिन्न ग्रामों में बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। इस अवसर पर हाजी मुईनउद्दीन गुड्डू मंसूरी अध्यक्ष भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन, अखिलेश वर्मा अहेरीपुर प्रधान, हेमरूढ़ सेंगर ब्लॉक अध्यक्ष चकरनगर, विशम्भर यादव वरिष्ठ नेता सपा, लंकू यादव पूर्व प्रत्याशी ब्लॉक प्रमुख चकरनगर, दीपेंद्र दोहरे, किशन यादव अध्यक्ष लोहिया वाहिनी इटावा, सौरभ दोहरे, गोविंद यादव नेता सपा, महेंद्र प्रधान बहलियापुरा, मिथुन पांडेय, रोहित जाटव, बंटी, जैनुल आबेदीन, नूरेन आदि मौजूद रहे।

### संदिग्ध हालत में युवक की मौत



**इकदिल, इटावा, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में संदिग्ध हालात में युवक की मौत हो गई । परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। गांव कांकरपुर के नगला खादर में रहने वाले संतोष पटेल के 28 वर्षिय बेटे सूरज गुरुवार देर शाम को खाना खाकर सो गया तभी रात दस बजे पर उसकी अचानक तबियत बिगड़ने पर उसे परिजन लोग अस्पताल ले गए सैफई अस्पताल पंहुचते ही डॉक्टरों ने चौकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक चार भाइयों में घर का बड़ा बेटा था, उसकी शादी तीन माह पहले 30 अप्रेल 2025 को चित्रकूट के गांव रुनारपुर से हुई थीं। मृतक युवक के पिता संतोष ने बताया कि बेटा टाईल्स लगाने का काम करता था और उसके बाद कई महीनों से वह बीमार चल रहा था देर रात हालात ज्यादा बिगड़ने पर अस्पताल ले गए थे। उन्होंने संदेह पर बेटे का पोस्टमार्टम कराया है। युवक की मौत के बाद पत्नी ममता के साथ परिजनों का रोरोकर हाल बेहाल हैं।

### करंट की चपेट में आकर महिला झुलसी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम जोगीकोट निवासी बंशीलाल शर्मा की पत्नी सोनकली 55 वर्ष आज़ गुरुवार को घरेलू काम कर रही थी। तभी अचानक घर की विद्युत लाइन के खुले तार में दौड़ रही तेज करंट की चपेट में आकर झुलस गई। परिजन आनन-फानन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाज़ुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### गंदगी देख डीएम ने जताई नाराजगी

**ऊसराहार, इटावा, समृद्धि न्यूज।** हजारी महादेव मंदिर परिसर में सावन मेले के समापन के बाद सफाई व्यवस्था बदहाल मिलने पर डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने गहरी नाराजगी जताई। मंदिर परिसर और आस-पास की सड़कों पर फैली गंदगी, प्लास्टिक, कूड़ा और गंदे पानी के जमाव को देखकर डीएम का पारा चढ़ गया। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान डीएम ने मेला कमेटी को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सावन जैसे बड़े धार्मिक आयोजन के बाद साफ-सफाई में लापरवाही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने भी गंदगी की शिकायत करते हुए बताया कि मेले के बाद से अब तक कोई सफाई नहीं हुई है। डीएम ने आश्वस्त किया कि नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएगे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्वेता मिश्रा, तहसीलदार जावेद अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### सर्पदंश से वृद्धा की हालत गंभीर

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जहरीले सर्प ने वृद्ध महिला को काट लिया हालत बिगड़ते देख परिजनों ने मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया जहां से डॉक्टर ने गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव रजापुर गांव निवासी इन्द्रानी (60) पत्नी ईश्वरीलाल बृहस्पतिवार को सुबह करीब 7 बजे अपने घर में तख्त पर सो रही थी तभी अचानक किसी जहरीले सर्प ने काट लिया हालत बिगड़ते देख परिजनों ने मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### आवारा कुत्ते के हमले से मासूम मरणासन्न

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मल्हपुर निवासी रामबाबू का बेटा विकास 9 वर्ष आज गुरूवार को दोपहर के समय स्कूल से पढ़कर वापस अपने घर लौट रहा था। तभी रास्ते में आवारा कुत्ते ने मासूम छात्र पर हमला कर उसे पैने दांतों से लहूलुहान कर दिया। यह देखकर राहगीर दौड़े और बमुश्किल खूंखार कुत्ते से किसी तरह बच्चे को बचाया। सूचना पर पहुंचा पिता रामबाबू अपने बेटे को आनन-फानन यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सकों ने बच्चे के घावों पर टांका लगाने के बाद हालत नाज़ुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# पुलिस ने फर्जी ऊर्जा मंत्री को किया गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

सिविल लाइन थाना पुलिस ने फर्जी ऊर्जामंत्री को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

अभियुक्त द्वारा एमपी सरकार के ऊर्जामंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के नाम से प्रोफ़ाइल बनाकर उनकी फोटो लगाकर फर्जी प्रोफाइल से 2 दिनों से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के सरकारी नंबर पर कॉल कर स्वयं को मंत्री के रुप मे प्रस्तुत कर थाना सहसों में पंजीकृत नामित अभियुक्त के पक्ष मे पैरवी की जा रही थी साथ ही अभियुक्त द्वारा हल्का प्रभारी को तत्काल प्रभाव से हटाने के लिए भी एसएसपी पर प्रभाव डालने का प्रयास कर रहा था। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस से जांच कराई गई तो अभियुक्त की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं थाना सिविल लाइन में मुकदमा दर्ज किया



गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार थाना सिविल लाइन, उ.नि. समित चौधरी पीआरओ, प्रभारी मीडिया सेल, उ.नि. मोहनवीर, उ.नि. राजेश मौर्य, उ.नि. संजय यादव रहे। पुलिस द्वारा नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो अभियुक्त अंकित सिंह परिहार पुत्र राकेश सिंह परिहार के कब्जे मोबाइल फोन बरामद किया गया, जिसमें कई लोगों के आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त हुई हैं, जो उसके साइबर अपराध में संलिप्तता को दर्शाती हैं। पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त ने उपरोक्त आपराधिक कृत्य को स्वीकार किया। प्रारंभिक छानबीन में अभियुक्त के पूर्व आपराधिक इतिहास की भी जानकारी सामने आई है। पुलिस द्वारा जनता से अपील की जाती है कि कोई भी संदिग्ध गतिविधि अथवा तकनीकी माध्यम से ठगी या प्रतिरूपण की जानकारी प्राप्त हो तो तत्काल नजदीकी थाना या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचित करें। आरोपित ने अपना नाम अंकित सिंह परिहार पुत्र राकेश सिंह परिहार निवासी पिपरौली की गढ़िया थाना सहसों बताया।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाया गया अलौकिक रक्षाबंधन पर्व



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

आज प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नंदनवन उन्नाव के सभागार में अलौकिक रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। केंद्र संचालिका बीके कुसुम ने रक्षाबंधन पर्व के आध्यात्मिक रहस्य को उजागर करते हुए बताया कि भारतवर्ष में मनाए जाने वाले पर्व त्यौहार वैज्ञानिक आध्यात्मिक रहस्य से भरे हुए हैं। रक्षाबंधन पर्व एक बहन द्वारा भाई को रक्षा सूत्र बांधकर अपने जीवन की सुरक्षा की गारंटी प्राप्त हो जाने का नहीं है क्योंकि क्या भाई सदा अपनी बहन की भौतिक रूप से सुरक्षा देने में सक्षम व व्यावहारिक है।

विवाह बंधन में बंध जाने के बाद वह और भाई तो पृथक पृथक ही रहते हैं और एक अल्पायु का भाई बड़ी बहन के साथ होते हुए भी दुष्टों से रक्षा करने में क्या सक्षम है? सनातन धर्म में मनाए जाने वाले पर्व कलयुग अंत और सतयुग आदि के संगम युग में परमात्मा के कर्तव्यों से संबंधित है। आज वर्तमान समय सृष्टि के संगम युग की बेला है। हर कल्प में संगम युग में परमात्मा शिव अवतरित होकर विषय विकारों के बंधनों में फंसी आत्मा को उनकी सत्य पहचान बताकर और कर्मो के गहन गति का ज्ञान देकर राज योग की शिक्षा देकर कर्मेंद्रियों को संयमित नियंत्रित करने की विधि बताकर स्नेह पवित्रता सूचक रक्षा सूत्र राखी शिव शक्तियों ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा बंधवाते हैं और बहने सभी आत्माओं भाई व बहनों से पवित्र और आत्मिक स्वरूप में रहने का व्रत लेती हैं। वास्तव में आत्मा ही विषय विकारों के बंधन में है और विकार ग्रस्त मनुष्य अन्य बहन बेटी को पराया और भोग वस्तु समझ कुकृत्य कर बैठता है। संसार में एक बहन अपने भाई को राखी बांधते समय व्रत प्रतिज्ञा कराए कि जैसे मैं तुम्हारी बहन हूं और मुझे पवित्र भावना की दृष्टि से देखते हो वैसे समाज की हर बहन को अपनी सगी बहन व बेटी की नजर दृष्टि भाव रखना तो समाज से पापाचार व भ्रष्टाचार का काफी हद तक अंत हो सकता है। ब्रह्माकुमारी बहने आत्म स्मृति का तिलक देकर मुख मीठा कराती हैं और बताती है कि आप सभी के साथ मीठा बोल व्यवहार रखेंगे और कोई एक कमी कमजोरी अवगुण अथवा व्यसन छोड़ने का दान करवाती है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक श्री तेजवंत सिंह नगर पालिका परिषद के प्रतिनिधि के रूप में भानु मिश्रा हरिप्रसाद साहू निम्मी अरोड़ा आदि महानुभाव उपस्थित रहे। सभी ने दीदी जी से राखी बंधवाई और पवित्र जीवन जीने के संकल्प के साथ प्रतिज्ञा की। सभी ने भोग प्रसाद ग्रहण कर मुख मीठा किया। केंद्र प्रबंधक बीके रामपाल जी ने सभी आगंतुक भाई बहनों को धन्यवाद दिया।

### युवती के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बारासगवर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने थाने में लड़की को बहला-फुसलाकर कर भगा ले जाने पर युवक पर मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी भाई ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसकी 25 वर्षीय बहन को मंगलवार शाम पड़ोस के गाँव के रहने वाले सतीश कुशवाहा बहला फुसलाकर भगा ले गया है। थानाध्यक्ष धर्मेंद नाथ मिश्रा ने बताया की प्रार्थना पत्र पर युवक के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-745/ई.ई.-3/जी.एल.-7/25-26 — दिनांक- 07.08.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु पृथक- पृथक निविदायें इस कार्यालय में दिनांक 14.08.2025 अपरान्ह 2:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 14.08.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सम्बन्धित कार्य के निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के कैश काउन्टर से निर्धारित शुल्क (नॉन रिफंडेबल) जमा करके प्राप्त किये जा सकते है। निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लेखित है, जोकि भी कार्यदिवस में अवलोकित की जा सकती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। किसी भी दशा में समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Replacement of 90mm Dia Damage Pipe Line from H.No.-532Ka/24 To H.No.-532Ka/47 Pandey Tola Vivekanand Puri Ward Lko. | रू. 450/- | रू. 8400/- | 07 दिवस |
| 2. | Replacement of 90mm Dia Damage Pipe Line in Vivekanandpuri Ward, Pandey Tola From H.No.-531 To Purva Parshad Shri Salim Ji Office. | रू. 250/- | रू. 5000/- | 07 दिवस |
| 3. | Replacement of 110mm Dia Damage Pipe Line in Vivekanand puri Ward, Chaudhry Squire Colony Near House No-2, Lko. | रू. 250/- | रू. 4700/- | 07 दिवस |
| 4. | Replacement of 90mm Dia Damage Pipe Line in Vivekanand puri Ward, Purana Mahanagar From H.No.-525Ka/21/03 To H.No-525/Ka/218/01, Lko. | रू. 350/- | रू. 6100/- | 07 दिवस |

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3**
**जलकल विभाग, नगर निगम,**
**लखनऊ**

# मिलावटी खाद्य पदार्थों पर खाद्य विभाग की छापेमारी

▸ 11 नमूने संग्रहित, एक कुंतल दूषित मिठाई करायी गई नष्ट

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



नमूना संग्रहित करते खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी

रक्षाबंधन पर्व पर आमजन को गुणवत्तापरक एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण अनिल कुमार राठौर, सर्वेश कुमार, अरविंद कुमार साहू, मंजरी मिश्रा एवं विमलेश कुमार की छापामार टीम ने तिर्वा एवं छिबरामऊ तहसील क्षेत्रों के विभिन्न बाजारों में अभियान चलाकर निरीक्षण किया।

तिर्वा क्षेत्र में फ़तुआपुर से संजय राठौर/ अनूप राठौर के प्रतिष्ठान से मिल्क केक, रवा, स्किम्ड मिल्क पाउडर, बर्फी, सोयाबीन रिफाइंड तेल के नमूने, जदईपुर में राजीव डेयरी से मिश्रित दूध, मुकेश से मिश्रित दूध, विनोद से छेना का नमूना,वारिस किराना तिर्वा गुरसहायगंज रोड से बेसन और सेवई के नमूने, छिबरामऊ तहसील क्षेत्र में महमूदपुर से सोन पापड़ी, पॉम ऑयल, मैदा, खाद्य रंग एवं सोन पापड़ी कारखाने से नमूने लिए गए। अभियान के दौरान लगभग एक कुन्तल दूषित मिठाई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 20,000/- की खाद्य कारोबारी द्वारा स्वेच्छा से नष्ट कराई गई। अधिकारियों द्वारा कुल 11 नमूनों को संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने खाद्य कारोबारियों एवं आमजन को मिलावट की पहचान, रंगीन एवं दूषित खाद्य पदार्थों से हानियों, तथा सतर्कता बरतने के लिए जागरूक किया। उन्होंने सरल परीक्षण विधियों की जानकारी देकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया।

## चार वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश पर अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि यह कार्रवाई उद्घोषणा, हुक्म कुर्की, वसूली वारंट और बकाया भरण-पोषण से संबंधित बिना जमानती गिरफ्तारी वारंट के तहत की गई। कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश त्रिपाठी, गजेंद्रपाल सिंह, कांस्टेबल पंकज कुमार, सतीश कुमार, अनुराग सिंह और महिला कांस्टेबल पूजा देवी की टीम ने अभियुक्तों के घरों और संभावित ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान ग्राम नौगाई निवासी सोबरन पुत्र कैलाश नाथ, सोनू शाक्य पुत्र सोबरन शाक्य, विपिन कुमार पुत्र सर्वेश कुमार यादव और हयातनगर चंदरपुर निवासी चंद्रपाल पुत्र रामेश्वर को गिरफ्तार किया गया।

# जन भागीदारी से प्राप्त होंगे स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्य

▸ नगर पालिका में सफाई कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका परिषद के सभागार में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सूचना, शिक्षा, संचार (आईईसी) और व्यवहार परिवर्तन विषय पर आयोजित कार्यशाला में बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्य जन भागीदारी से ही प्राप्त हो सकते हैं। कार्यशाला में स्वच्छ भारत मिशन की मंडल प्रबंधक पलक शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवम सिंह और सोशियोविटाल नेटवर्क फाउंडेशन के प्रतिनिधि विवेक सिंह व रजत तिवारी ने कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षकों ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को जनभागीदारी से ही प्राप्त किया जा सकता है। नागरिकों के व्यवहार में बदलाव लाने के लिए कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्य, और स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से कार्य को प्रभावी ढंग से लागू कर सकते हैं। व्यवहार परिवर्तन के बाद कूड़ा संग्रहण और निस्तारण की प्रक्रिया को शासन की मंशा के अनुरूप सुचारू रूप से लागू किया जा सकेगा।

कार्यशाला में अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह, सफाई प्रभारी अमरदीप, सभी जोनल सफाई प्रभारी, और अन्य सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# सपा की बैठक में उठे किसान समस्याओं के मुद्दे

▸ समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



अपने कैंप कार्यालय में आयोजित समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में पूर्व सपाविधायक अरविंद सिंह यादव ने किसानों की समस्याओं पर जोरदार चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी अपर्याप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक प्रमुख भाजपा नेता का पुत्र खाद की कालाबाजारी में संलिप्त है, जिसके कारण खाद सीधे बड़े व्यापारियों के स्टॉक में जा रही है। इसके अलावा यहां के सौ शैया अस्पताल में डॉक्टरों की अनुपस्थिति का मुद्दा उठाया, जहां मरीजों को रेफर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार संविधान के तहत काम नहीं कर रही है। कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए उन्होंने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को मजबूत करने और आपसी भेदभाव भूलकर बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त करने का आह्वान किया।

विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल की अध्यक्षता एवं आदिल परवेज के संचालन में हुई बैठक में पूरनमल शाक्य, प्रधान धर्मेंद्र शाक्य, विनोद प्रधान, देवेंद्र प्रधान, अमन खान, मुकीम खान, नगर अध्यक्ष गुरसहायगंज राजेश गुप्ता, शादाब अली, शेर राजा, नाहर सिंह, साकेत जाटव, अनुराग बाजपेई, अजय यादव, सलीम खान, अंकुर यादव, हिमांशु सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## फ्री तिब्बे यूनानी मेडिकल कैम्प में पहुंचे 110 मरीज़



**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला बिरतिया आजाद मकतब पाठशाला के पास फ़ातहे बिलग्राम मिशन की तरफ से फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन सुबह 11 बजे से शाम 7 तक चला, जिसमें 110 मरीज पहुंचें। हुजूर अनीसुल मशायख हज़रत मौलाना पीर सय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी साहब की सरपरस्ती में कमेटी के द्वारा फ़ातहे बिलग्राम मिशन तिब्बे यूनानी फ्री मेडिकल कैम्प में बरेली के मशहूर हकीम अब्दुल हक व शोएब रजा द्वारा मरीजों को देखा गया और मर्ज के हिसाब से मरीज को फ्री में दवाईया दी गई।

# स्वयं सहायता समूहों को साठ लाख का बांटा ऋण

▸ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सीसीएल लिंकेज हेतु शिविर का आयोजन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



महिलाओं को ऋण प्रदान करते बैंक के अधिकारी

सदर विकास खंड की ग्राम पंचायत सहिल्लापुर में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को कैश क्रेडिट लिमिट (सीसीएल लिंकेज के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान करना एवं नवगठित समूहों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना था। शिविर के दौरान उपायुक्त स्वतः रोजगार राजकुमार लोधी ने जानकारी दी कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस शिविर के माध्यम से कुल 5 महिला स्वयं सहायता समूहों को 60 लाख का ऋण वितरित किया गया। लाभान्वित समूहों में कृष्णा महिला एसएचजी (चौराचांदपुर), वंशी वाले महिला एसएचजी (सहिल्लापुर), लक्ष्मी महिला एसएचजी, आदर्श महिला एसएचजी (देवधरापुर) एवं उजाला महिला एसएचजी (दुर्गापुर) शामिल रहे।

इस अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्र प्रमुख रजत कुमार नंदा, ब्लॉक मिशन मैनेजर विजय, शाखा प्रबंधक राजीव विश्वास, ग्रामीण विकास अधिकारी सोमेइया पटेल, सहायक प्रबंधक राहुल सिंह, समूह सखी शिखा सिंह एवं पूजा सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

यह आयोजन ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। इस पहल से महिलाओं को न केवल स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, बल्कि वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी आगे बढ़ सकेंगी।

# सड़क दुर्घटना में घायल दूसरे कांवड़ यात्री की भी हुई मौत

▸ रविवार की रात कानपुर के खेरेश्वर से जल भरकर लौटते समय हुई थी घटना

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



कानपुर के खेरेश्वर से जल भरकर वापस लौट रहे प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के निवासी तीन कांवड़ यात्रियों को बिल्हौर और मकनपुर के बीच ट्रक ने टक्कर मार दी थी जिससे एक की मौके पर मौत हो गई थी जबकि गंभीर रूप से घायल दो में से एक और यात्री की आज मौत हो गई। मालूम हो कि प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम भुलभुलियापुर निवासी विपिन यादव पुत्र रामसनेही यादव, प्रदीप पुत्र रामनारायण और विजय पुत्र विक्रम सिंह कांवड़ लेकर कानपुर के खेरेश्वर से जल भरने गए थे। वहां से बापस बाइक से लौटते समय रविवार की देर रात बिल्हौर और मकनपुर के बीच अज्ञात ट्रक की टक्कर से विपिन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी, जबकि गंभीर रूप से घायल प्रदीप और विजय में से जिंदगी और मौत की जंग लड़ते हुए प्रदीप ने भी चौथे दिन गुरुवार को दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों सहित पूरे गांव में मातम छा गया।

# छात्र- छात्राओं को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

**कानपुर पब्लिक स्कूल में जागरूकता शिविर आयोजित, दिया उपयोगी ज्ञान और उपहार**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



छात्रा से नियमों की जानकारी लेते यातायात प्रभारी

पुलिस लाइन रोड स्थित कानपुर पब्लिक स्कूल में प्रभारी यातायात आफाक खां द्वारा विशेष यातायात जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या कामरान का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र- छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। प्रभारी यातायात आफाक खां ने बच्चों को बेहद सरल और प्रभावशाली तरीके से सड़क सुरक्षा से जुड़ी अहम जानकारियाँ दीं। उन्होंने बताया कि भारत में सड़कें कितने प्रकार की होती हैं, एक्सप्रेसवे और नेशनल हाईवे में क्या अंतर होता है, ब्लैक स्पॉट और हॉटस्पॉट क्या होते हैं तथा इनसे दुर्घटनाओं को कैसे रोका जा सकता है। इसके अलावा उन्होंने शराब पीकर गाड़ी चलाने, ओवर स्पीडिंग, सीट बेल्ट न लगाने, हेलमेट न पहनने, अनफिट वाहनों और बिना परमिट स्कूल वैन के उपयोग से होने वाले गंभीर परिणामों पर भी विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी ने बच्चों से कई रोचक सवाल पूछे। सही जवाब देने वाले छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह की लहर दौड़ गई। बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता साफ झलक रही थी। विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं शिक्षकों ने यातायात पुलिस के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता अभियान विद्यार्थियों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होते हैं।

# ई-लॉटरी से कृषि यंत्रों पर अनुदान पर लाभार्थियों का चयन आज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

उप कृषि निदेशक सन्तोष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषकों को कृषि यंत्रों पर अनुदान दिए जाने के उद्देश्य से सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन , प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू तथा नेशनल फूड सिक्योरिटी मिशन योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। यह चयन प्रक्रिया आज दोपहर 12:00 बजे कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में किया जाएगा। चयन प्रक्रिया जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति की उपस्थिति में संपन्न होगी। इस समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी होंगे जबकि उप कृषि निदेशक सदस्य सचिव होंगे। इसके अतिरिक्त जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, नामित प्रगतिशील कृषकगण एवं स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधि, कृषि विज्ञान केंद्र/कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, नाबार्ड/ लीड बैंक प्रतिनिधि, तथा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी भी विशेषज्ञ सदस्य के रूप में उपस्थित रहेंगे। नामित प्रगतिशील कृषकों में ग्राम किल्वापुर के वीरेन्द्र सिंह, ग्राम विसंधुआ के अरुण कुमार, ग्राम सदिकापुर राकेश कटियार, ग्राम कलुआपुर यश करन सिंह तथा ग्राम पिडारीखेड़ा सरवन सिंह राजपूत शामिल हैं। वहीं स्वयं सहायता समूहों से शशि देवी (जय माता दी स्वयं सहायता समूह, भिदासिन) एवं सौरभ दुबे (अध्यक्ष, विशाल चेरीटेबल फाउंडेशन, जलालपुर, पनवारा) प्रतिनिधित्व करेंगे।

# गली में भैंस नहलाने का विरोध करने पर दबंग ने मां-बेटी को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

गली में भैंस नहलाने का विरोध करने पर दबंग ने युवक के साथ मारपीट कर दी। बचाने आयी बेटी को भी मारापीटा। पीड़ित ने दबंग के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सिरौली निवासी महेश पाल के घर के पास बुधवार शाम लगभग 5 बजे परिवार का ही एक युवक गली में अपनी भैंसों को नहला रहा था। जिसका पानी सड़क पर भरने लगा। महेश पाल ने युवक से गली में पानी न भरने को कहा और भैंसों को कहीं और नहलाने के लिए बोला, तो युवक महेश को गाली-गलौज करने लगा। महेश ने गाली-गलौज करने से मना किया, तो युवक व उसके परिजनों ने महेश के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। मारपीट में महेश पाल गंभीर रूप से घायल हो गए। बचाने आई महेश की पत्नी रामबेटी को भी मारापीटा। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने जांच पड़ताल की। देर रात थाना पुलिस को महेश के परिजनों ने युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

## शराबी पुत्र ने दिव्यांग माता-पिता को घर से निकाला

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली पहुंचे दिव्यांग व्यक्ति व उनकी पत्नी ने अपने शराबी पुत्र पर मारपीट करके घर से निकाल देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर बनवारी निवासी रामस्वदेश उर्फ गुड्डू पुत्र गुलजारीलाल ने बताया कि वह दिव्यांग है। और उनका पुत्र शराब पीकर उनके तथा अपनी मां के साथ गाली गलौज करके घर से निकाल देने की धमकी देता है। गुरुवार को वह नशे में धुत होकर आया और हम दोनों को घर से निकाल दिया।

## विधायक प्रतिनिधि ने पीड़ितों को वितरित की राहत सामग्री

**कालपी,जालौन।** बाढ़ पीड़ितों को सरकारी मदद पहुंचाने का प्रशासन का सिलसिला जारी है। बुधवार को विधायक प्रतिनिधि की मौजूदगी में गुलौली समेत कई गांवों में राहत सामग्री वितरित की गयी। विगत 28 जुलाई से शुरू हुई बाढ़ से क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक गांवों के सैकड़ों लोग प्रभावित हुए हैं हालांकि अब बाढ़ का प्रकोप खत्म हो गया है और प्रशासनिक का बाढ़ पीड़ितों को सरकारी मदद पहुंचाने का अभियान जारी है। प्रशासन के आंकड़ों की माने तो प्रदेश के जलशक्ति मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में मंगरौल, पड़री, रायढ़ दिवारा तथा नगर के प्रभावित क्षेत्र के वाशिंदों को राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है।

# तिरूपति हुण्डई के नए शोरूम का हुआ भव्य उद्घाटन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



सौरिख रोड पर तिरूपति हुण्डई के नए शोरूम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री श्रीमती अर्चना पाण्डेय ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा यह शोरूम क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। तिरूपति हुण्डई की यह पहल न केवल ग्राहकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करेगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगी। मैं इस प्रयास के लिए तिरूपति हुण्डई को बधाई देती हूं और ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने के लिए शुभकामनाएं देती हूं। एरिया मैनेजर प्रशान्त कुमार ने बताया कि यह शोरूम छिबरामऊ क्षेत्र के ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए शुरू किया गया है। उद्घाटन से पहले आचार्य सुंदरम पाठक ने हवन-पूजन कराया। तिरूपति हुण्डई के सीईओ शैलेन्द्र कुमार तिवारी ने सभी ग्राहकों का आभार व्यक्त करते हुए उच्च गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता जताई और कहा यह शोरूम क्षेत्र में ऑटोमोबाइल सेक्टर को नई दिशा देगा। इस मौके पर मैनेजिंग डायरेक्टर विनीत चन्द्रा, सेल्स मैनेजर जितेन्द्र कुशवाहा, हुण्डई के एरिया मैनेजर अभिषेक जसवाल, महीप तिवारी, डॉ. सरित द्विवेदी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## होटल पर खाना खा रहे मजदूर की साइकिल हुई चोरी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** होटल पर खाना खा रहे मजदूर की बाहर खड़ी साइकिल चोरी कर ली गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सराय दायमगंज निवासी मूलचंद पुत्र रामनाथ ने बताया कि वह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। गुरुवार को वह मजदूरी करने के लिए गया था। लौट कर देखा तो उसकी साइकिल चोरी हो चुकी थी।

## उधारी के पैसे लेनदेन के मामले में मारपीट

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुरानी गल्ला मंडी के पास उधारी के पैसे मांगने पर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आवास विकास कॉलोनी निवासी नीलू दुबे पुत्र श्याम बाबू दुबे ने बताया कि मोहल्ला गणेश चौधरी निवासी एक व्यक्ति को उन्होंने 20 हजार रुपए उधार दिए थे। समय निकल जाने पर पैसे वापस मांगने पर उक्त व्यक्ति टालमटोल करता रहा। गुरुवार को पुरानी गल्ला मंडी के पास उससे पैसे मांगे तो वह उग्र हो गया और मारपीट करने लगा। पीड़ित नीलू दुबे ने मामले की शिकायत पुलिस से की, जिस पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार करके पूछताछ कर रही है।

# वन ब्लॉक वन क्रॉप कार्यक्रम अन्तर्गत संगोष्ठी आयोजित

**उरई ,जालौन समृद्धि न्यूज।**



आज कृषि विज्ञान केन्द्र रूरामल्लू जालौन के सभागार में वन ब्लॉक वन क्रॉप कार्यक्रम अन्तर्गत प्रदेश की इकॉनोमी को वन ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर ले जाने हेतु एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में प्रतिभाग कर रहे प्रगतिशील कृषक श्री लक्ष्मीनारायण चतुर्वेदी ग्राम सालाबाद वि.ख. जालौन द्वारा कृषकों की आमदनी बढ़ाने हेतु अधिक से अधिक पेड़ पौधों के रोपण की आवश्यकता पर बल देते हुए अवगत कराया कि पेड़ की बढ़वार/आच्छादन के आधार पर दो वर्ष पश्चात् प्रति पौधा 5-15 डॉलर की आमदनी प्राप्त की जा सकती है। साथ ही कार्बन क्रेडित संकल्पना पर विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गयी। डॉ. मो. मुस्तफा द्वारा हाईटेक नर्सरी में तैयार सब्जी बेहन की गुणवत्ता पर विस्तृत जानकारी देते हुए शाकभाजी पौध तैयार कराने का अनुरोध प्रतिभागी कृषकों से किया गया। तथा लम्बे समय तक कृषक आमदनी में स्थायीत्व प्रदान करने हेतु आधुनिक तकनीकी के साथ उद्यान रोपण की सलाह भी दी गयी। डॉ. विस्टर जोशी वि.व. विशेषज्ञ कृषि विज्ञान केन्द्र रूरामल्लू द्वारा कृषकों के आर्थिक स्वावलम्बन हेतु किये जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया कि सीड हब योजना अन्तर्गत बीज उत्पादन पर बाजार मूल्य से 20 प्रतिशत अधिक दर पर बीज क्रय किया जायेगा।

संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे उपनिदेशक उद्यान श्री विनय कुमार यादव द्वारा जनपद में पैदा हो रही हरी मटर के विपणन व संग्रहण हेतु सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं में जनसहभागिता बढ़ाने का आह्वान करते हुए क्लस्टर अप्रोच में कार्य करने से होने वाले लाभों पर विस्तृत चर्चा की गयी। उन्होंने वि.ख. नदीगांव में खरीफ प्याज बढ़ाने पर प्रति किलोग्राम 2-3 गुना अधिक आमदनी प्राप्त होने की संभावना पर विस्तृत जानकारी देते हुए इसे अपनाने का आह्वान किया गया। गोष्ठी के अन्त में श्री गौरव तिवारी द्वारा प्रतिभागी कृषकों व वैज्ञानिकों का आभार व्यक्त किया गया।

## दुकान आवंटन का झांसा देकर हजारों नकारने में पालिका के चर्चित लिपिक निलंबित

**कालपी,जालौन।** दुकान आवंटन के नाम पर 35000-35000 की रसीदें काटकर उन्हें पालिका के खाते में जमा न किये जाने का मामला तूल पकड़ गया है। ईओ के सहमति पत्र के आधार पर बुधवार को पालिका अध्यक्ष ने संदेह के घेरे में आए चर्चित लिपिक को निलंबित कर दिया है। विदित हो कि गत दिनों नगर के लगभग एक दर्जन लोगों ने पालिका द्वारा टरननगंज बाजार में निर्मित दुकानों की 35000-35000 हजार रुपए की रसीदें काटकर उन्हें दुकानें न देने का आरोप लगाया था जिसकी शिकायत उन्होंने जिले के आला अफ़सरों से की थी जिस पर जांच हुई तो पता चला कि पालिका परिषद द्वारा तीन दुकानें बनाई गई थी।

# मनरेगा श्रमिकों के नाम पर फर्जी भुगतान की फिराक में जिम्मेदार

**कदौरा,जालौन समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड में विभिन्न मनरेगा कार्यों में कई मनरेगा श्रमिकों के नाम पर फर्म बनाकर ग्राम रोजगार सेवक एवं तकनीकी सहायकों, कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा सिंडीकेट बनाकर कर करोड़ों रूपये के फर्जी भुगतान की तैयारी की जा रही है। जबकि फर्जी फर्मो की शिकायत 14 व 19 जून 2025 को शासन स्तर पर हो चुकी है। जिसकी जांच के लिए टीम भी गठित है लेकिन जिले के अधिकारी जांच को दबाएं बैठे हैं। कदौरा विकास खंड के ग्राम पंचायत मवई अहीर के रोजगार सेवक ने अपने सगे, चचेरे भाइयों और रिश्तेदारों के जॉब कार्ड बनाए, फिर उनका कारीगर में रजिस्ट्रेशन कराया, उनके नाम से फर्जी फर्म बनाकर 4 वर्षों में करोड़ों रुपयों का भुगतान कर लिया, इस समय करीब 60 कार्यों के टेंडर 20 ग्राम पंचायतों एवं क्षेत्र पंचायत पर फर्जी बिल फीड कराए है। भुगतान से पहले राजनीतिक पहुंच और क्षेत्रीय होने की धौंस दिखाकर ब्लॉक के अधिकारियों को 20 प्रतिशत एडवांस कथित कमीशन देता है। अक्टूबर 2024 में तत्कालीन बीडीओ ने तत्कालीन सीडीओ के आदेशों का उल्लंघन करते हुए रोजगार सेवक की फर्म में करोड़ों रुपयों का भुगतान कर दिया था। वही इस बार फिर रोजगार सेवक करोड़ों रूपये के भुगतान कराने के लिए सिंडीगेट मेंबरों और अजारकतत्वों के साथ ब्लॉक कार्यालय में डेरा जमाए रहता है।

**सूचना**

हमने अपने पुत्र शिवम सक्सेना व पुत्रवधू राधा का आचरण अच्छा न होने के कारण दोनों से संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी कार्य या लेन देन की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**राजेश सक्सेना पुत्र स्व. मुरारीलाल सक्सेना व आराधना सक्सेना पत्नी राजेश सक्सेना निवासी मोहल्ला कानूनगोयान, छिबरामऊ (कन्नौज)**

# ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा में मारी जबरदस्त टक्कर, महिला घायल

- सीएचसी में नहीं मिला स्ट्रेचर, परिजनों ने हाथ में पकड़ी ड्रिप
- निजी कार से घायल को ले जाया गया लोहिया अस्पताल
- सीएचसी अधीक्षक सरकार के आदेशों को लगा रहा पलीता

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद के ग्राम भुक्सी निवासी रुखसार अपनी पत्नी के साथ ई-रिक्शा में बैठकर शमशाबाद के लिए आ रहे थे। रास्ते में सुल्तानगंज खरेटा टॉवर के पास ट्रैक्टर से मिट्टी एक तार कर रहे ट्रैक्टर चालक ने आपा खोते हुए ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पलट गया और ई-रिक्शा में बैठी रुखसार की पत्नी फरजाना उम्र 45 वर्ष के सिर में गंभीर चोट आई। टक्कर लगने से वह नीचे गिर गई। महिला को आनन-फानन में मौके पर मौजूद लोगों ने उठाकर दूसरे ई-रिक्शा में बैठाकर शमशाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने महिला को ड्रिप लगाकर स्ट्रेचर तक उपलब्ध कराना मुनासिब नहीं समझा। घायल महिला के परिजन ड्रिप लगी हुई महिला को पैदल लेकर जाते हुए कैमरे में कैद हो गए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है/। सबसे मजेदार बात यह है कि घायल महिला के परिजन द्वारा डायल 108 पर भी कॉल किया गया, लेकिन एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो सकी। घायल महिला के परिजन महिला को अपने निजी वाहन से लेकर लोहिया चले गए। एक तरफ जहां सरकार बड़े-बड़े दावे कर रही है, तो वहीं सीएचसी अधीक्षक सरबर इकबाल सरकार के आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए नजर आ रहे हैं।


घायल महिला को लेकर जाते परिजन

# दर्जन भर से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में, नाव बनी आवागमन का साधन

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

गंगा के तटवर्ती गांव पथरामई, बहबलपुर, धीमर नगला, टपुआ चौडेरा, मंतपुरा, पालीतपुरा, पुंथर देहामाफी, कारव, सींगनपुर, मधवापुर, हमीरपुर मजरा जाति, गढ़ी, शेखपुरा सहित दर्जन भर से अधिक गांवों में बाढ़ से स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। जिससे ग्रामीण काफी परेशान हैं और वह नाव और बैलगाड़ियों के सहारा आवागमन करने को मजबूर हैं। गुरुवार सुबह ही अटैना मार्ग सड़क पर पानी पहुंच गया है। गांव की सड़कों पर बह रहे बाढ़ के पानी में जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। जिससे ग्रामीण भयभीत हैं। लोग बैलगाड़ियों और नावों के सहारे ही आवागमन कर पा रहे हैं। वह भी केवल अत्यंत जरूरी कामों के लिए निकल रहे हैं। कायमगंज की गंगा कटरी क्षेत्र में बाढ़ का सैलाब कटरीवासियों का पीछा नहीं छोड़ रहा है। बार-बार आने वाली बाढ़ यहां लोगों के लिए तबाही का कारण बनी हुई है। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों के घर मकान पहले ही बाढ़ से बर्बाद हो चुके हैं। खेत-खलिहान भी नष्ट हो गए हैं। किसानों की फसलें जलभराव के कारण बर्बाद हो गई हैं। अब जलभराव के कारण संक्रामक बीमारियां भी फैलने लगी हैं। गंगा में विभिन्न बांधों से छोड़े जा रहे लाखों क्यूसेक की मात्रा में पानी ने लोगों के लिए एक बार भीषण तबाही का ऐलान किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की ओर से बाढ़ की रोकथाम के कई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए है और न ही अभी तक किसी भी अधिकारी या कर्मचारी ने उनकी सुधि ली है। जिससे उन्हें अधिक चिंता सता रही है।


सड़क पर जलभराव से गुजर हे लोग

## गैर जमानतीय वारंट में फरार चल रही महिला आरक्षी हिरासत में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गैर जमानतीय वारंट में फरार चल रही महिला आरक्षी को न्यायाधीश के आदेश पर हिरासत में लिया गया।

जानकारी के अनुसार शहर के बढ़पुर क्षेत्र की निवासी युवती ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष एक परिवाद दायर किया था। जिसमें बताया कि पीड़िता एक मुकदमे में 17 जनवरी 2019 को दोपहर दो बजे महिला सिपाही नीरू यादव के साथ न्यायालय में बयान दर्ज कराने के लिए आई थी। महिला सिपाही नीरू यादव ने धमकी दी कि अगर तूने बयान दिया तो मैं तुझे कचहरी के बाहर निकलने पर मरवा दूंगी। पीड़िता ने विरोध किया, तो नीरू ने तमाचा मार दिया। पीड़िता की मां ने बचाया। उक्त पुलिसकर्मी बयान न देने का बराबर दबाव बनाती रही तथा धमकी देती रही। पीड़िता ने भयभीत होकर पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रार्थना पत्र भेजा। कार्यवाही न होने पर न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की। सुनवाई के बाद न्यायालय में परिवाद दर्ज हो गया। महिला सिपाही नीरू यादव के खिलाफ न्यायालय ने गैर जमानतीय वारंट जारी किये। जिसमें पुलिस ने जारी आदेशिकाओं में रिपोर्ट लगाकर भेज दी की वह मौके पर नहीं मिली। महिला सिपाही गुरुवार को अपने भाई शिवम यादव के साथ अपने अन्य किसी कार्य के लिए सीजेएम न्यायालय में आयी थी। जिसकी जानकारी उक्त परिवादी युवती के अधिवक्ता ने न्यायाधीश को मौखिक रुप से दी कि महिला आरक्षी नीरू यादव के विरुद्ध वारंट चल रहे हैं। अधिवक्ता की सूचना पर न्यायाधीश ने महिला सिपाही को पुलिस कस्टडी में ले लिया। उसके बाद महिला सिपाही के अधिवक्ता ने जमानत याचिका पेश की। न्यायाधीश के समक्ष दलील पेश की। सुनवाई के बाद महिला सिपाही की जमानत याचिका मंजूर हो गई।

# छात्राओं ने मंडल स्तर पर तैराकी प्रतियोगिता जीतकर राज्य स्तर पर स्थान किया पक्का

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मण्डल स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन कानपुर में किया गया। जिसमें शकुन्तला देवी बालिका इण्टर कालेज की दो छात्राओं ने राज्य स्तर पर अपना स्थान बनाया।

माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा मण्डल स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन कानपुर में किया गया था। जिसमें कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। जिसमें शकुन्तला देवी बालिका इण्टर कालेज की दो छात्राओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चत किया। लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने इस तैराकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। जिसमें दो वर्गों में यह प्रतियोगिता रखी गयी। जिसमें पहला वर्ग बालक वर्ग तथा दूसरा वर्ग बालिका वर्ग रखा गया। बालिका वर्ग में 60 छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें विद्यालय की छात्रा अक्षरा गंगवार और अनुष्का गंगवार ने 50 मीटर बटरफ्लाई और 100 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तैराकी प्रतियोगिता के निर्णायक कानपुर तैराकी अध्यक्ष व अन्तर्राष्ट्रीय रैफरी प्रकाश अवस्थी रहे। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबन्धक लक्ष्मी नारायण अग्रवाल व प्रबन्धिका मोनिका अग्रवाल ने छात्राओं को शुभकामनायें दीं तथा इन छात्राओं के तैराकी कोच सुन्दरम सिंह तथा टीम मैनेजर शोभा यादव का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने दोनों छात्राओं तथा टीम के सभी सदस्यों कार्यो की प्रशंसा की तथा शुभकामनाओं के साथ आर्शीवाद के साथ पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सन्तोष शर्मा, ममता सिंह, लक्ष्मी गंगवार, शिल्की मिश्रा, विकास श्रीवास्तव, अक्षिता यादव, मनोज कुमार, सुरभि श्रीवास्तव, शायना खान सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकायें मौजूद रहे।


मंडल स्तर पर तैराकी प्रतियोगिता विजेता छात्रायें व साथ में कोच आदि

# जाहरवीर गोगाजी महाराज के मेले को लेकर एडीएम ने ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जाहरवीर गोगाजी महाराज के मेले को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें समाज के लोगों ने अपने सुझाव रखे। फतेहगढ़ चौराहा स्थित एक पेट्रोल पम्प के पास स्थित जाहरवीर गोगाजी महाराज के मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य मेला लगेगा। जिसकी तैयारी को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें समाज के कई लोगों ने अपने-अपने सुझाव रखे। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष बिजली की केबिलें नहीं काटी जायेंगी। जिस पर मेला समिति ने अपनी सहमति जतायी। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देश है कि आम जनमानस को कोई दिक्कत न हो। जहां-जहां केबिलें होंगी निशान को वहां से झुकाकर निकाला जाएगाष। इस दौरान विद्युत आपूर्ति को शट डाउन दिया जाएगा। हिंदू महा सभा के जिला अध्यक्ष हरिओम वाल्मीकि ने बताया इस वर्ष निशानों की लंबाई में कोई परिवर्तन नहीं होगा। अपर जिलाधिकारी ने सभी से मेले में सौहदापूर्ण वातावरण बनाये रखने की अपील की। बैठक में अपर जिलाधिकारी के अलावा नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल, एसडीएम रजनीकांत पांडेय, सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय, आबकारी नगर आयुक्त सुधीर कुमारक और फतेहगढ़ कोतवाल मौजूद रहे। आबकारी अधिकारी ने बताया कि मेले वाले रास्ते में मौखिक रूप से मदिरा की दुकानें 2-3 घंटे के लिए बंद रहेंगी।

## खबरें एक नजर में

### बदमाशों की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला नगला झब्बू सिंह निवासी कुछ लोग बुधवार रात लगभग 2 बजे मोहल्ले के बाहर खेतों में शौच के लिए गए, तो लोगों ने खेतों में एक दर्जन से अधिक बदमाशों को चहल कदमी करते हुए देखा। रात एकाएक खेतों में बदमाशों को देख लोग भागकर घरों की ओर आ गए। लोगों ने छतों पर चढ़कर शोर शराबा किया और पुलिस को घटना की सूचना दी। मोहल्ले के तमाम लोग हाथों में लाठी-डंडे लेकर खेतों की ओर मोर्चाबंदी किए रहे। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से पूछताछ की। लोगों के साथ पुलिस खेतों की ओर गई और इधर उधर टॉर्चों से रोशनी कर खेतों में छानबीन की, लेकिन मौके पर कोई नहीं मिला। पुलिस छानबीन कर मोहल्ले के लोगों को सतर्क रहने की बात कहकर वापस लौट आई। बदमाशों की चहल कदमी से मोहल्ले के लोग भयभीत नजर आए।

### गांव के युवक पर घर में चोरी करवाने का लगाया आरोप

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव उम्मरपुर निवासी दिलीप कुमार अपने परिजनों के साथ नोएडा में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है।गांव में कोई न रहने के कारण घर में ताला लगा है। दिलीप ने मंगलवार को थाना पुलिस को दिए शिकायती पत्र देकर कहा कि 3 अगस्त को गांव के ही एक युवक ने अपने साथियों को सूचना देकर मेरे बंद पड़े घर में चोरी करवा दी। चोरों ने घर के दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे दो हाथ फूल, एक जोड़ी पायल, एक कमर गुच्छा, 2 जोड़ी चांदी के खड़ुआ, एक बेशर, एक जोड़ी सोने के कान के झाले, एक बोरी गेहूं चोरी कर लिया। 4 अगस्त की सुबह किसी ने घर का ताला टूटा देख फोन द्वारा घटना की जानकारी दिलीप को दी। 5 अगस्त की दोपहर दिलीप ने थाने पहुंचकर युवक व उसके अज्ञात चोर साथियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

### महिला को गंभीर हालत में लोहिया लेकर पहुंचे ससुरालीजन, मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महिला को गंभीर हालत में ससुरालीजन लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के स्वजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मृतक के पति को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम नीबकरोरी निवासी पंकज पुत्र हरीराम वर्तमान में कोतवाली फतेहगढ़ के तीन तालाब तिर्वा के निकट मकान बनाकर रह रहा है। उसका विवाह बीते 2016 को 27 वर्षीय नीलम निवासी सिकन्दरपुर कन्नौज के साथ हुआ था। गुरुवार को दोपहर लगभग दो बजे लोहिया अस्पताल में पंकज ने नीलम को गंभीर हालत में भर्ती कराया। जहाँ उसे ईएमओ अभिषेक चतुर्वेदी ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के चाचा प्रवीन कुमार नें बताया कि ससुराली नीलम के साथ आये दिन मारपीट करते थे। उसने इसकी जानकारी अपने मायके में फोन से दी थी। सुबह 10 बजे पंकज ने नीलम के भाई को फोन पर जानकारी दी कि नीलम की हालत ठीक नहीं है। जिसके बाद उसकी मौत की सूचना मिली। स्वजन लोहिया अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने लोहिया अस्पताल से ही मृतका के पति पंकज को हिरासत में ले लिया।

# बकरी चुराकर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने दबोचा

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

बकरी चुराकर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने दबोच लिया। ग्रामीणों ने उसके साथ मारपीट कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस युवक को थाने ले आई। पीड़ित की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर पलनापुर निवासी सुलेहमान ने दी तहरीर में बताया कि गुरुवार की बीती रात घर के दरवाजे पर सो रहा था। गांव निवासी एक युवक झोपड़ी में घुस आया। युवक झोपड़ी में बंधे दो बकरे खोलकर चोरी कर ले गया। खटपट की आवाज सुनकर वह जाग गया। झोपड़ी में जाकर देखा तो बकरे गायब थे। पीड़ित ने आसपास युवक की छानबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। युवक बकरे चुराकर गांव कटिया की तरफ ले गया। कटिया निवासी ग्रामीणों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को बकरे ले जाते हुए देखा। ग्रामीणों के शोर मचाने पर वह भागने लगा। ग्रामीणों ने युवक की घेराबंदी कर पकड़कर मारपीट कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस उसे थाने ले आई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम गड़बड़ निवासी सुल्तानपुर पलनापुर बताया। पीड़ित की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# ढाईघाट-शाहजहांपुर मार्ग पर सड़कों पर हो रहा शवों का दाह संस्कार

**ग्रामीण ट्रैक्टर ट्राली में चूल्हा रख पॉलीथिन तानकर रहने को मजबूर**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ढाईघाट-शमशाबाद की गंगा कटरी क्षेत्र में बाढ़ का सैलाब कटरीवासियों का पीछा नहीं छोड़ रहा है। रह-रहकर आने वाली बाढ़ यहां लोगों के लिए तबाही का कारण बनी हुई है। बताते हैं इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों के घर मकान पहले ही बाढ़ से बर्बाद हो चुके हैं। खेत खलिहान भी बर्बाद हो चुके हैं।

किसानों के खेतों में फसलें भी जलभराव के कारण बर्बाद हो गईं। अब जलभराव के कारण संक्रामक बीमारिया मुंह बाए खड़ी हैं। आम लोगों को अपना शिकार बना रही है खैर किसी तरह जब लोगों को राहत मिली तो एक बार फिर बाढ़ की तबाही ने दस्तक देनी शुरू कर दी। बताते हैं इस वक्त गंगा में विभिन्न बांधों से छोड़े जाने वाले लाखों क्यूसेक पानी जो लोगों के लिए एक बार फिर तबाही का पैगाम लेके आ गया है। शमशाबाद की ग्राम पंचायत समैचीपुर चितार, बाँसखेड़ा, भगवानपुर, मुंशी नगला, नगला बसोला, गुटैटी दक्षिण, शरीफपुर छिछनी, चौराहार, बेहटा निहाल, कटरी तौफीक, अजीजाबाद, हुसैनपुर तराई, गढ़िया हैवतपुर, चमपतपुर, परसादी की मड़ैया आदि ग्राम पंचायतों के लोगों ने बीते दिन अधिकारियों से अपनी बर्बादी और इस पानी से भरे घरों और टूटे मार्ग से निजात पाने की गुहार लगाई है।


पानी से होकर निकलता बालक


सड़कों पर हो रहा दाह संस्कार

# ब्रह्माकुमारी केंद्र पर धूमधाम से मना रक्षाबंधन का पर्व

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उपसेवा केन्द्र शिव दर्शन भवन सुभाषनगर कमालगंज में गुरुवार को रक्षाबन्धन के पावन पर्व का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव कुमार थानाध्यक्ष कमालगंज द्वारा की गई। उप संचालिका बी0के0 ऊषा बहन ने कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथियों का स्वागत किया। अलौकिक विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को रक्षा सूत्र भी बांधा। सभी से जीवन पवित्रता का व्रत लेने का संकल्प भी करवाया। उन्होंने कहा अगर हम पवित्र मर्यादा, अनुशासन में रहकर जीवन जियेंगे तो परमात्मा अवश्य ही हमारी रक्षा करेगा। परमात्मा सभी की रक्षा करता है। जो लोग उनका अनुसरण करते हैं। मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष राजीव ने अपने वक्तव्य में कहा योग ही हमारे जीवन का आधार है। हमें अपनी जीवन शैली बदलनी होगी। संयमित होकर जीवन जीना होगा। मातृ शक्ति को जागृत कर बच्चों को अच्छे संस्कार भी देने होंगे। नेहा, पलक ने नृत्य मनोहारी नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव ने कहा कि ब्रह्माकुमारी के जितने भी केंद्र वह शांति के केंद्र हैं। ऐसे स्थलों पर जाने से मन को शांति मिलती है और हमारे शरीर से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है। बीके बहनों ने सभी के तिलक लगाकर सभी का स्वागत किया।


थानाध्यक्ष को रक्षा सूत्र बांधतीं बी.के. बहन

# मकान के बंटवारे के विवाद में कारपेन्टर में फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बढ़ईगीरी का कार्य करने वाले युवक ने बंटवारे के विवाद में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम बहादुर तराई निवासी 35 वर्षीय दिलीप शर्मा कारपेंटर का कार्य करता था। वह तीन भाई व एक बहन में सबसे बड़ा था। बीती रात उसने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। छोटे भाई विकास की पत्नी रोली ने जब देखा तो दिलीप फांसी के फंदे पर झूल रहा था। दिलीप को आनन-फानन में फांसी के फंदे से उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जिससे परिजनों में चीख पुकार मच गयी। मां उर्मिला देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के परिजनों के अनुसार दिलीप की पत्नी अपने मायके पंचगामा शाहबाद में ही रहती है। मृतक अपना मकान बिक्री करना चाहता था, लेकिन मकान में उसके भाईयों का हिस्सा होने के चलते वह बिक्री नहीं कर पा रहा था। वह शराब पीने का आदी था। जिसके चलते भाइयों में अक्सर विवाद होता रहता था। माँ उर्मिला नें बताया कि पुत्र दिलीप ने उससे मकान के कागजात मांगे, जब कागजात देने से मना कर दिया, तो दिलीप ने तनाव में आकर फांसी लगा ली। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## झोलाछाप के इलाज से बच्चे की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बराबिकू निवासी सूर्यांश उम्र 2 वर्षीय पुत्र आनन्द को दस्त होने पर गाँव के झोलाछाप के यहाँ से उपचार चल रहा था। गुरुवार को अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन उसे झोलाछाप के यहाँ लेकर पहुँचे। जहां उसने गम्भीर हालत होने पर फर्रुखाबाद ले जाने की सलाह दी। परिजन उसे लेकर कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार मे कोहराम मच गया। परिजन मासूम का शव घर ले गए।

# मजार पर लगे टायल्स, बोर्ड और कैमरों का विरोध करते हुए हिन्दू पक्ष ने दिया धरना

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गाँव शिवरई मठ स्थित प्राचीन खान बाबा की मजार पर गुरुवार को उस समय विवाद खड़ा हो गया जब हिंदू पक्ष के ग्रामीणों ने मजार पर लगे टायल्स, बोर्ड और कैमरों का विरोध करते हुए वहां धरना दे दिया। विवाद की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व प्रशासन की टीम ने स्थिति को नियंत्रित किया। गत सप्ताह गांव के ही एक व्यक्ति ने मजार में घुसकर टायल्स और बेरिकेटिंग को क्षतिग्रस्त कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने मरम्मत कराकर सीसीटीवी कैमरे भी लगवा दिए थे। इसी दौरान मुस्लिम समुदाय की ओर से मजार के नाम का एक बोर्ड भी लगा दिया गया था। जिसे लेकर हिंदू पक्ष ने आपत्ति जताई। गुरुवार को ग्रामीण मजार पर एकत्र होकर धरने पर बैठ गए। उनका कहना था कि यह मजार हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदायों की आस्था का केंद्र है। इसलिए यहां किसी एक पक्ष द्वारा कोई निर्माण या प्रतीक चिह्न लगाना अनुचित है। साथ ही ताले को लेकर भी विवाद हुआ। जिसे पुलिस ने सुरक्षा कारणों से लगवाया था और चाबी मस्जिद के इमाम को दी गई थी। सूचना पर तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर, सीओ राजेश द्विवेदी और कोतवाली प्रभारी अनुराग मिश्रा भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और भीड़ को समझा बुझाकर शांत किया। प्रशासन ने तत्काल मुस्लिम पक्ष को किसी भी नए निर्माण पर रोक लगा दी है।


मौके पर मौजूद हिन्दू समुदाय के लोग व पुलिस

## सीओ ने कस्बे में भ्रमण कर चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बे में क्षेत्राधिकारी ने प्रभारी निरीक्षक के साथ सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस कई वाहन चालकों को हेलमेट व कागज लेकर चलने की नसीहत दी। जानकारी के अनुसार गुरुवार को कस्बा नवाबगंज पहुंचे नवागंतुक क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय शर्मा ने थाने का निरीक्षण किया। थाने में पुलिस के रहने वाली बैरिकों को देखा तथा कवाड़ पड़े माल का निरीक्षण किया। मैश का निरीक्षण किया तथा थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए समस्त पुलिस को एकत्र कर क्षेत्राधिकारी ने कस्बे में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं कस्बे में अतिक्रमण किए हुए दुकानदारों को भी चेतावनी दी और अतिक्रमण हटाने की बात कही। वहीं कस्बा चौराहे पर दो पहिया वाहनों तथा ई-रिक्शा की चेकिंग की। इस दौरान कई वाहनों के सीओ ने चालन किये। साथ ही वाहन चालकों को हिदायत दी कि वह हेलमेट व कागज लेकर अवश्य चलें। यातायात के नियमों का पालन करें। साथ ही गाड़ी को निर्धारित गति से ही चलायें। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वह अपने नाबालिग बच्चों को वाहन कतई न दें। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय शर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे, कस्बा इंचार्ज दरोगा गिरीश चंद्र, दरोगा हेमंत कुमार, दरोगा राम सिंह, दरोगा कमलेश कुमार तथा कांस्टेबिल अरविंद कुमार, किरण पाल, हर्षित चौहान, सुशील कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।


बाइक का चालान करवाते सीओ

# कोटा चयन के दौरान हुआ विवाद, उचित दर विक्रेता की प्रत्याशी धरने पर बैठीं

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।**

कोटा चयन के दौरान ग्रामीण आक्रोशित हो गये। चयन प्रक्रिया प्रधान के ना आने पर पूर्ण नहीं हो सकी। जिससे उचित दर विक्रेता की प्रत्याशी व उनके समर्थक आक्रोशित हो गये, लेकिन बात नहीं बनी। कोटा चयन प्रक्रिया को पूर्ण कराने गये सचिवों को ग्रामीणों ने बैठा लिया। जिसके बाद पुलिस को मौके पर आना पड़ा। उचित दर विक्रेता की प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ ब्लाक पहुंचीं और धरना प्रदर्शन कर शिकायत की। बताते चलें कि विकास खंड राजेपुर के ग्राम डबरी के कोटेदार रमेश चन्द्र का बीते लगभग 2 साल पूर्व निधन हो गया था। जिससे गाँव में कोटेदार का चयन होना था। जिसकी चयन प्रक्रिया के लिए सचिव शिव सिंह, राजीव, सुमन, मानेन्द्र, राघवेन्द्र आदि पहुंचे। कोटेदार प्रत्याशी रेखा पत्नी जयवीर सिंह थी, लेकिन प्रधान निधि राजपूत को बुलाया गया, लेकिन वह मौके पर नहीं आयीं। जिससे चयन प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी। कोटेदार प्रत्याशी रेखा व उनके समर्थक ग्रामीण ने सभी सचिवों को बैठा लिया और कहा कि जब तक प्रधान मौके पर नहीं आती हैं तब तक वह नहीं जायेंगे। जिसके बाद सचिव ने खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार जायसवाल को सूचना दी। जिसके बाद कार्यवाहक थाना प्रभारी मौके पर पंहुचे और सचिवों को वहां से निकाला। जिस पर कोटेदार प्रत्याशी रेखा अपने समर्थकों के साथ विकास खंड कार्यालय में धरने पर बैठ गयीं। काफी देर बाद डीआई अमित कुमार को प्रार्थना पत्र प्रत्याशी रेखा की तरफ से दिया गया।


ब्लाक में धरने पर बैठी महिलायें

# निष्क्रिय व अनुशासनहीन पदाधिकारी संगठन से होंगे निष्कासित : चन्द्रपाल यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी जिला संगठन की मासिक बैठक आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन जिला उपाध्यक्ष मुन्ना यादव ने किया।

जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने कहा कि पार्टी पदाधिकारी अनुशासन में रहकर ही पार्टी को आगे बढ़ा सकते हैं, कुछ लोग हैं जिनका काम ही है अनुशासन हीनता करना वो खुद भी काम करते नहीं और जो कर रहा है उसे करने भी नहीं देते इसलिए अब ये तय हो चुका है निष्क्रिय और अनुशासनहीन पदाधिकारी संगठन में किसी भी कीमत पर नहीं रहेंगे। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि हर पदाधिकारी अपने बूथ की कमेटी का खुद जिम्मेदार है और सभी पदाधिकारी निर्धारित अवधि में अपने-अपने बूथ की कमेटी बनाकर जिला कार्यालय को सौंप दें। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा कि लड़ाई बड़ी है और बड़ी लड़ाई को जीतने के लिए संघर्ष भी बड़ा करना पड़ेगा। पूर्व विधायक प्रताप सिंह यादव, सर्वेश अंबेडकर, शिराजुल आफाक मुन्ना, रामशरन कठेरिया, नरेन्द्र सिंह यादव, उदय प्रताप सिंह भोला यादव, राधेश्याम सविता, के0के0 यादव, आलोक यादव, शिवशंकर शर्मा, साजिद अली खान, इजहार खां आदि ने विचार रखे। इस मौके पर मनोज यादव, पवन गौतम, धीरज मिश्रा, नीलम सिंह चौहान, सुनीता शाक्य, दीक्षा शाक्य, रमेश चन्द्र कठेरिया, विनीत परमार, निजाम अंसारी, विमल प्रताप सिंह, सन्तोषा यादव, अरविंद पाल, संदीप यादव, अरविंद यादव, ब्रजेश यादव, अंकुर शाक्य, अमित कठेरिया, समरदीप चौहान, रामविलास माथुर, ज़ीशान खां, निर्भान सिंह, रुकमंगल सिंह, अमित कठेरिया, रवि यादव, विकास कुमार, राजन यादव, अनिल यादव, मुजीबुल हसन, चाँद खाँ, अमीर सिंह, ब्रजेश पाल, रंजीत चक, अरविंद यादव, अशोक अंबेडकर, बंटी यादव, अश्विनी यादव, अमन सूर्यवंशी आदि मौजूद रहे। वहीं पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने सच्चिदानंद लोधी और रामवीर सिंह राजपूत को जिला महासचिव इलियास मंसूरी द्वारा सदस्यता ग्रहण कराई।


बैठक में मौजूद सपा नेता

# सावन के त्रियोदशी पर महाकाल के भक्तों ने निकाली कांवड़ यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सावन के शुक्ल पक्ष त्रियोदशी पर भगवान भोले का श्रंगार एवं जलाभिषेक अर्चना दीक्षित द्वारा महाकाल मंदिर में विधि विधान से महामृत्युंजय मंत्र के साथ पूजन किया गया। महाकाल मंदिर में भोले के भक्तों ने कांवड़ यात्रा निकालकर जलाभिषेक किया।

भगवान शिव को त्रियोदशी पर गंगाजल से जो भी अभिषेक करते है उनकी सभी मनोकामनायें शिव पूर्ण करते है।

गंगा तट से जल भरकर कांवड़ियों ने चांदपुर-कादरीगेट होते हुए महाकाल मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। भक्तगण नाचते गाते ढोल नगाड़े के साथ कांवड़ यात्रा में शामिल हुए और प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर आलोक दीक्षित, सरोज, गोपाल सक्सेना, राजू पाल, चंदन कटियार, सुमित, शिखा सक्सेना, रेनू, शिवांश, अर्चना आदि भक्तगण मौजूद रहे।


कांवड़ यात्रा में भाग लेते भक्तगण

# जनपद की दो बेटियों में खेलो इंडिया ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीते पदक


पदक विजेता उपासना व मुस्कान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

खेलों इंडिया वूमेंस लगेज में जनपद की बेटियों ने ताइक्वांड़ो में दो रजत पदक जीतकर नाम रोशन किया है। कानपुर के ग्रीन पार्क में 6, 7 व 8 अगस्त को खेलों इंडिया वूमेंस लगेज प्रतियोगिता में ताइक्वांडो की दो बालिकाओं ने रजत पदक जीतकर पदक तालिका में प्रवेश किया। जनपद की बेटी मुस्कान राजपूत ने अंडर-67 किलो भार वर्ग में रजत पदक जीता। वहीं अंडर-62 किलो भार वर्ग सीनियर में उपासना ने सिल्वर मेडल जीता।

जिला ताइक्वांड़ों एसोसिएशन के सचिव अजय प्रताप सिंह ने दोनों बेटियों द्वारा पदक जीतने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में मेडल निकालना बहुत बड़ी बात है। बालिकाओं ने अपना प्रदर्शन किया और पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है।


बैठक में मौजूद लोग

## मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत सरंक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ब्लाक मोहम्मदाबाद के सभागार में मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत ब्लाक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी, सहायक पंचायत अधिकारी सुरेन्द्र सिंह, बाल विकास परियोजनाधिकारी विमलेश चौधरी, संरक्षण अधिकारी गिरीजा, खण्ड शिक्षाधिकारी गुरदीप सिंह के अलावा हरिओम ओझा, विजेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे। बैठक में बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण और देख-रेख और भागीदारी के साथ-साथ बाल भिक्षावृद्धि रोकना, बाल विवाह रोकना, बाल श्रम रोकना, यौन शोषण आदि की जानकारी देकर जागरुक किया गया। साथ ही यातायात के नियम बताये गये और सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री सुमंगला योजना के बारे में बताया कि सरकार द्वारा धनराशि को 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया गया है, आदि जानकारियां दी गई।

# इग्नू में अग्निवीरों के लिए स्नातक उपाधिक प्रवेश प्रक्रिया शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ के डी.एन.पी.जी. कॉलेज में संचालित इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के समन्वयक डॉ. आर.एन. सिंह ने बताया कि जुलाई 2025 सत्र में अग्निवीरों के लिए स्नातक उपाधि कार्यक्रम की प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है। जानकारी देते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि यह जानकारी इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्र एवं प्रवेश प्रभारी डॉ. अनानिका सिन्हा ने ईमेल एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से प्रेषित की। उन्होंने बताया कि इग्नू में जुलाई 2025 सत्र में अग्निवीरों के लिए कौशल आधारित स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ हो गयी है। थल, जल व वायु सेनाओं में अग्निपथ योजना में कार्यरत इच्छुक अग्निवीर इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 15 अगस्त तक प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

इग्नू केन्द्र लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय ने रक्षाबलों के साथ एक समझौता ज्ञापन किया है। जिसमें तीनों रक्षा सेनाओं में सेवारत अग्निवीरों के कौशल और संम्बन्धित ज्ञान को बढ़ाने के लिए कौशल आधारित कला स्नातक, वाणिज्य स्नातक, विज्ञान स्नातक, पर्यटन प्रबन्धन में स्नातक एवं सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्योग में स्नातक कार्यक्रम आरम्भ किया गया है। इग्नू की उप निदेशक डॉ. अनामिका सिन्हा ने बताया कि इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत उप्र के बत्तीस जिलों में इग्नू के अध्ययन केन्द्र स्थापित किये गये हैं।


जानकारी देते डॉ. अनिल कुमार मिश्रा व आरएन सिंह

# लोको दरगाह का 265वां सालाना उर्स कल से शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ की लोको स्थित ऐतिहासिक गंगा जमुनी की मिसाल दरगाह हजरत मखदूम शाह सय्यद शहाबुद्दीन औलिया अलैहि रहमा के दरगाह सज्जादा नशीन शाह मुहम्मद शरीफ उर्फ़ मोहब्बत शाह व नायब सज्जादा नशीन शाह मुहम्मद वसीम उर्फ मुहम्मद मियां ने पत्रकार वार्ता में बताया उर्स-ए-मखदूम 9 से शुरु होकर 12 अगस्त तक चलेगा। उर्स में महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश आदि व तमाम प्रदेशों से जायरीन हिन्दू मुस्लिम सिख व अन्य धर्मो के लोग व मुरीदेन शिरकत करेंगें। दरगाह से हमेशा कौमी एकजैती का संदेश व गंगा जमुनी तहजीब का मरकज रहा है। सभी ने अपने-अपने अंदाज में फूल और चादर भी पेश कर अकीदत को पेश करेंगे।

कार्यक्रम में मौलाना प्रोफेसर डॉ. मुफ्ती मुकर्रम अहमद नक्शबंदी, शाही इमाम मस्जिद फतेहपुरी चांदनी चौक दिल्ली, नशीन हुजूर साबिर उत्तराखण्ड, शाह अम्मार अहमद अहमदी उर्फ़ नय्यर मियां, सय्यद आले मुस्तफा उर्फ सोहेल मियां, मौलाना प्रोफेसर सय्यद शमीमुद्दीन मुनीमी पटना बिहार, मौलाना प्रोफेसर सय्यद मुक्दिा हुसैन, मौलाना सय्यद नुरुल अराफात, मुफ्ती सय्यद शजर अली, शायर यूसुफ हातिफ अलीगढ़ मौजूद होंगे। 9 अगस्त शनिवार को बाद नमाज़ फज्र कुरआन ख्वानी, चिरागा रोशनी दरगाह शरीफ़ सायं 6 बजे, अहले सुन्नत कॉन्फ्रेंस रात बाद नमाज़ ईशा जिसमे कुआन ए पाक की तिलावत व नातिया मुशायरा और कॉन्फ्रेंस आयोजित होगी।

10 अगस्त रविवार को प्रातः नमाज़ फज्र कुरआन ख्वानी व खानकाहों की मीडिया से वार्ता होगी। रात 10 बजे महफिल-ए कब्बाली होगी। दूसरा कुल होगा। 11 अगस्त को नमाज़ फज्र कुरआन ख्वानी व चादर तथा गागर दोपहर बाद नमाज़ होगी। कार्यक्रम कव्वालियों के साथ धूम धाम से मनाया जाता है। कार्यक्रम में कव्वाल राजू मुरली शाहजहांपुर, शाहवेज वारसी बाराबंकी, कमालुद्दीन फर्रुखाबाद, रियाज़ भारती शमशाबाद, मुन्ना मेहरबान व दीगर कव्वाल पेश करेंगे। 12 अगस्त को गुस्ल मजारे पाक प्रातः नमाज़ फज्र कुरआन ख्वानी होगी।

इस मौके पर सूफी फहीम उर्फराजा, मौलाना शोएब आतीर मदारी, मिन्हाज उर्फ लवली, फहीम उर्फ राजू, हाजी वसीम जमा, मुबीन खान साबरी, अंसार साबरी, प्रवीन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, शिवम, आकिब खान, रफत हुसैन, मुहम्मद हनीफ उर्फ बबलू आदि मौजूद रहे।


वार्ता करते नायब सज्जादा नशीन आदि

# रैली निकाल फाइलेरिया के उन्मूलन के प्रति किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फाइलेरिया यानि हाथी पांव लाइलाज बीमारी है इससे बचने के लिए 10 अगस्त को वर्ष में एक बार फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन दो वर्ष से ऊपर के सभी लोगों को कराया जाता है।

इसी को लेकर रामानंद बालिका इंटर कालेज से एक जागरूकता रैली निकाली गई।

जिला मलेरिया अधिकारी नौशाद अली ने बताया कि फाइलेरिया बीमारी को खत्म करने के लिए हमें हर बार अभियान में दो वर्ष से ऊपर के सभी लोग इस दवा का सेवन अवश्य करें। डीएमओ ने कहा कि इस वर्ष यह अभियान 10 अगस्त से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मी घर घर जाकर योग्य लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाएंगे।

प्रधानाचार्य रीता दुबे ने छात्राओं से कहा कि फाइलेरिया रोग से हम सभी तभी सुरक्षित रह सकते हैं, जब हम शपथ लें कि कम से कम अपने मिलने वालों में पांच लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन अवश्य कराएं कोई भी अभियान तभी सफल हो सकता है जब उसको समाज का साथ मिल जाए। इस मौके पर अध्यापिका बबली, पूजा, अनन्या, उन्नति, पुरुषोत्तम शुक्ला व पीसीआई सेअनुपम मिश्र व छात्राएं मौजूद रहीं।



रैली में भाग लेती छात्रायें व शिक्षिकायें

## बहन का बांधा हुआ रक्षा सूत्र रहता है सदैव स्मरणीयः संजय गर्ग


बीके लता बहन से राखी बंधवाते संजय गर्ग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय अंडियाना में रक्षाबंधन पर्व उल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय गर्ग ने कहा कि बहन का बांधा हुआ सूत्र रक्षा का सदैव स्मरणीय रहता है। रक्षा सूत्र बंधवाने से भाई-बहन का अटूट प्रेम होता है। केंद्र संचालिका बीके लता बहन ने रक्षा सूत्र बांधा और मिष्ठान खिलाकर रक्षा बंधन की बधाई दी। इस मौके पर विपिन बिहारी, नरेन्द्र मोहन, सरिता, आशा, मीना, प्रेम शंकर, आलोक प्रवीण, श्याम जी गर्ग आदि लोग मौजूद रहे।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंग ने मां-बेटी को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंग युवक ने मां-बेटी के साथ मारपीट कर दी। घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी गयी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव निवासी प्रेमलता गुरुवार सुबह अपनी पुत्री के साथ घर के बाहर पड़ी ईंटें घर के अंदर रख रही थी, तभी उनके पड़ोस का रहने वाला युवक वहां आकर गली-गलौज करने लगा। युवक दबंग प्रवृत्ति का है। कुछ दिन पूर्व युवक को तमंचा सहित पुलिस ने गिरफ्तार किया था। प्रेमलता ने युवक को गाली-गलौज करने के लिए मना किया, तो युवक ने प्रेमलता के साथ मारपीट कर दी। बचाने आई पुत्री रेखा के साथ भी मारपीट कर दी। मारपीट में युवक द्वारा प्रेमलता को ईंट से मारकर घायल कर दिया गया। प्रेमलता ने युवक के खिलाफपुलिस को तहरीर दी है।

# लापरवाही बरतने वालों पर होगी दंडात्मक कार्यवाहीः डीएम


बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारी

> लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभाग प्रगति सुधारे और जनपद को शीर्ष पर लाये

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना व जनपद के समस्त विभागों की बैंक से संबंधित योजनाओं की प्रगति की सम्बन्ध में व समस्त क्षेत्रीय प्रबंधकों एवं जिला समन्वयकों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

डीएम ने निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभाग प्रगति सुधारे तथा जनपद को शीर्ष पर लाये, लापरवाही बरतने पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी, सभी बैंक विभागीय योजनाओं के लाभार्थियों के ऋण प्राथमिकता पर स्वीकृत करे, अनावश्यक रूप से ऋण आवेदन अस्वीकृत न करे। समीक्षा में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की बैंक ऑफ इंडिया में 85 आवेदन व स्टेट बैंक में 47 आवेदन लंबित पाये गये। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में ग्रामीण बैंक में 15 व बैंक ऑफ इंडिया में 11 आवेदन लंबित पाये गये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, डीडीओ, एलडीएम, जीएमडीआईसी व जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में सबसे पहले स्कूलों को किया जाये कवरः डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन की द्वितीय अंतर्विभागीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सीएमओ ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत 10 अगस्त से होगी। मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन टीमों का हर ब्लॉक में गठन हो गया है, ट्रेंनिग भी हो गई है। सभी का माइक्रो प्लान प्राप्त हो गया है, दवा भी पहुंच गई है। डीएम ने निर्देशित किया कि अभियान में सबसे पहले स्कूलों को कवर किया जाये। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सर्वप्रथम अभियान चलाया जाये। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी के साथ मिलकर मदरसों में अभियान चलाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संबंधित मौजूद रहे।



बैठक लेते डीएम

## लंबित अनापत्ति प्रमाण पत्र पर अपनी आख्या कराये उपलब्ध : जिलाधिकारी


बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पेट्रोल पंप व बायो डीजल सयंन्त्र की लंबित एनओसी के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी विभाग तत्काल लंबित अनापत्ति प्रमाण पत्र पर अपनी आख्या उपलब्ध कराएं। बैठक में डीएफओ0, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग व संबंधित मौजूद रहे।

# यज्ञ में आहूतियां देकर ग्रामीणों ने की ईश्वर से सुख-समृद्धि की कामना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वैदिक धर्म व वेदों के प्रचार प्रसार हेतु आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में आयोजित वेद प्रचार अभियान यात्रा गंगापार क्षेत्र के गांव भरखा सलेमपुर में पहुंची। ग्रामीणों ने बड़े ही उत्साह से आर्य विद्वानों का स्वागत किया। आयोजित लोक कल्याण यज्ञ में बड़ी ही श्रद्धाभाव के साथ ग्रामवासियों ने आहुतियां प्रदान कर परमेश्वर से सुख-समृद्धि की कामना की।

यज्ञ के उपरांत सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्वानों ने ग्रामीणों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के संयोजक आचार्य संदीप आर्य ने आर्य समाज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आर्य समाज का सनातन एकता में महत्वपूर्ण योगदान है। स्थापना महर्षि दयानंद सरस्वती ने 1875 में की थी, ये भारत में धार्मिक, सामाजिक और राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त करने वाला एक प्रभावशाली आंदोलन रहा है। इसका उद्देश्य केवल धार्मिक सुधार ही नहीं, बल्कि समाज को जाति पांति, अंधविश्वास और सामाजिक भेदभाव से मुक्त करके एकजुट करना था। आर्य समाज ने सनातन धर्म की मूल शिक्षाओं को पुनर्स्थापित करके समाज में धार्मिक, सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर एकता की नींव रखी। आज भी आर्य समाज का यह योगदान एक प्रेरणा है, जो भारत की विविधता में एकता के आदर्श को साकार करता है। आचार्य रामप्रकाश ने रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये दिन रक्षासूत्र धारण और यग्योपवित बदलने का दिन होता है। आचार्य राम रहीस ने कहा कि पुरोहित समाज का नेत्र होता है, इसलिए हमेशा योग्य और पढ़े लिखे वैदिक पुरोहित से ही संस्कार कराने चाहिए। रमेश आर्य ने कहा कि समाज मे व्याप्त कुरीतियों और पाखण्डों को त्याग कर बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा व धार्मिक संस्कार देकर आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुधारा जा सकता है। बच्चों के लिए धर्म ज्ञान की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये गए, ईनाम पाकर बच्चों के चेहरे खिल गए। आचार्य गेंदन सिंह आर्य ने संचालन किया। कार्यक्रम में वीरेंद्र सिंह, श्रीपाल कुशवाह, शिवसिंह, सूरज पाल, अमर सिंह, बलराम कुशवाह, सौरभ, नरेंद्र, हरपाल, सौम्या, दीक्षा, कोमल, रुचि आदि उपस्थित रहे।


हवन में भाग लेते लोग

# हर घर तिरंगा यात्रा पहुंचाने की सौंपी गई जिम्मेदारीः गुरुचरण आजाद

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा मंडल कमालगंज की बैठक एक गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि जिला मंत्री गुरुचरण आजाद का पदाधिकारियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वतन्त्रता दिवस पर हर घर तिरगा पहुंचाने कि योजना बनाई गई। 11अगस्त को तिरगा यात्रा तपस्वी बाग से हनुमान मन्दिर तक, 13 से 15 अगस्त तक हर घर में तिरगा लगाने की योजना और 15 अगस्त शाम पांच बजे ध्वज उतारने की जिम्मेदारी काकर्ताओं को दी गई।

सदन दुबे, सचिन, रवि जाटव को सयोजक, सह सयोजक बनाया गया। कमालगंज में तिरंगा यात्रा निकालने को लेकर तैयारी पूर्ण की गई है। जिसकी जानकारी भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजेश राजपूत ने देते हुए बताया कि 14 अगस्त को विभाजन विभीशिखा स्मृति दिवस को काली पट्टी बाधकर बिरोध करेगें। 17 अगस्त को स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाकर महापुरुषों को पुष्प अर्पित करेगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता मन्डल अध्यक्ष राजेश राजपूत ने की। संचालन सदन दुबे ने किया। इस मौके पर अनिल वर्मा, बबलू चौहान, विवेक शर्मा, विशाल शर्मा, अवनीश दुबे, दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक आशीष दुबे, मुख्तार हुसैन, जब्बार आदि लोग मौजूद रहे।


बैठक लेते जिला मंत्री मौजूद भाजपा नेता

# किसानों का फसल बीमा प्रीमियम शत-प्रतिशत पोर्टल पर अपलोड करें बैंकर्स : जिलाधिकारी

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के किसानों विशेषकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो के कृषको के नुकसान फसलों का नियमानुसार फसल बीमा का मुआवजा दिलवाने के दृष्टिगत सभी बैंको के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर निर्देशित करते हुए कहा कि बैंको में कृषको के खाता संख्या से उनका फसल बीमा प्रीमियम की राशि जमा करते हुए पोर्टल पर आगामी 14 अगस्त 2025 तक शत प्रतिशत पोर्टल पर अपलोड ताकि कृषको फसल नुकसान का मुआवजा बीमा कम्पनियों के माध्यम से दिलवाया जा सकें।

जिलाधिकारी ने बैठक में जिला कृषि अधिकारी द्वारा दिए गए बैंकवार किसानों के खाता के अनुसार जमा फसल बीमा प्रीमियम व पोर्टल पर अपलोड प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यदि उपरोक्त निर्धारित तिथि तक बैंकर्स द्वारा बीमा की प्रीमियम राशि का काटकर जमा करते हुए अपलोड नहीं की जाती है तो सम्बन्धित बैंकर्स के विरूद्ध उनके उच्चाधिकारियों को पत्राचार करते हुए कार्यवाही कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी कृषक जो बीमा करा चुका है और उसका प्रीमियम नहीं कटता है तो सम्बन्धित बैंक को उत्तरदायी माना जाएगा। उन्होंने बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि को निर्देशित करते हुए कहा कि कृषको के सफल नुकसान का मुआवजा ससमय उपलब्ध कराया जाए। मुख्य कोषाधिकारी अनुपम त्रिपाठी ने बैंकर्स के पदाधिकारियों से कहा कि ऐसे सेवानिवृत्ति अधिकारियों, कर्मचारी जो पेंशन प्राप्त कर रहे है बैंकर्स यह सुनिश्चित करे कि यदि पेंशनर्स के खाते से तीन महीना तक अनवरत कोई लेने देने नही किया जाता है उसकी सूचना तत्काल उपलब्ध कराएं। बैठक में जिला कृषि अधिकारी अवधेश यादव, प्रबंधक लीड बैंक के अलावा सभी बैंको के सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## साइबर पुलिस इटावा ने धोखाधड़ी कर ठगी के मामले में की जांच

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** साइबर क्राइम थाना इटावा की पुलिस ने गुरुवार की शाम हलिया थाने पर पहुंचकर धोखाधड़ी कर मोबाइल फोन से ठगी के मामले में जांच पड़ताल किया है। इटावा जनपद के जसवंत नगर थाना के नगला बाबा गांव निवासी संगीता पत्नी जीतेन्द्र कुमार ने साइबर क्राइम थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। 11 फरवरी को मेरे पति जीतेन्द्र कुमार का मोबाइल सैमसंग मोबाइल फोन रेलवे स्टेशन इटावा पर कही गिर गया था। काफी खोजबीन करने पर मोबाइल नहीं मिला। मेरे द्वारा सिम बंद नहीं करा पाई। मोबाइल खोने तथा सर्विलांस पर लगवाने हेतु सूचना सिविल लाइन इटावा में दे दि थी उक्त घटना के बाद 20 फरवरी को अपनी बैंक इंडियन ओवरसीज बैंक से जानकारी हुई की उक्त खाते से एक लाख तीस हजार रूपये किसी अज्ञात द्वारा निकाल लिए। मै ठगी की शिकार हो गई खाते से निकासी यूपीआई के माध्यम से की गई है जिसका स्टेटमेंट सलंग्न है। धोखाधड़ी के मामले में साइबर क्राइम थाने के एसआई अनुज अवस्थी कांस्टेबल उपेंद्र सिंह ने हलिया थाने पर पहुंचकर धमौली गांव निवासी रब्बानी व पेट्रोल पंप के मैनेजर गणेश प्रसाद शुक्ला से पूछताछ किया है और टीम वापस लौट गई।

# रक्षाबंधन पर्व को लेकर दुल्हन की तरह सजी हाट बाजारें



**भाई-बहन के अटूट रिश्ते को कायम करने का संदेश देती है रेशम की डोर : आचार्य विशुनदेव त्रिपाठी**

**किसी गायक ने बहन की पीड़ा का बड़ा मार्मिक चित्रण किया है-**

- राखी बंधवा ले भइया सावन आये...
- बहना ने भाई के कलाई में प्यार बांधा है...

उक्त मार्मिक गीत को सुनकर भाई बहन से और बहन भाई से मिलने के लिए बेताब है। जिससे दोनों लोगों के दिल दिमाग को यह मार्मिक गीत झकझोर कर रख दिया है। जिससे बहनें उत्साहित हो भाईयों के घर की ओर रुख कर ली है। इस पवित्र त्यौहार को लेकर आज सात अगस्त दिन वृहस्पतिवार से ही रक्षाबंधन की दुकानों पर राखी खरीदने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी है। इसी क्रम में फरेंदा, धानी बृजमनगंज पुरन्दरपुर भैया फरेंदा कोल्हुई बहादुरी सहित गांव देहात की चौराहे पर रक्षाबंधन पर्व को लेकर दुकानें दुल्हन की तरह सजी हुई है। हिन्दूओ का यह पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन भाई -बहन के पवित्र रिश्ते को कायम करता है भाई बहन के अटूट रिश्ते को श्रद्धा विश्वास के साथ कायम रखने का व्रत लेता है जिससे बाजारों में चहल-पहल शुरू हो गया है। इससे साबित होता है कि रक्षाबंधन पर्व की बयार पूरे लेहड़ा तपा में बह रही है।

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को कायम करता है। आज इस पवित्र त्यौहार को लेकर पूरा हाट बाजार दुल्हन की तरह सजा हुआ है। बहनें भाईयों के कलाई को सजाने को लेकर तरह तरह की राखियां खरीदने में आतुर दिखी।

ग्राहकों के डिमांड पर दुकानदार राखी नहीं दे पा रहे हैं, नये नये डिजाइन नये नये फैशन की बढ़ती मांग को लेकर दुकानदार राखी जुटाने को लेकर भागदौड़ करते देखे जा रहे हैं। फिर भी ग्राहकों के डिमांड को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। एक बात और देखा जा रहा है कि जिन भाईयों के पास बहने नहीं है वह अलग बोझिल है वही जिन बहनों के पास भाई नहीं है वह अलग दुखी हैं। आचार्य विशुनदेव त्रिपाठी ने बताया कि रक्षाबंधन भाई --बहन के पवित्र रिश्ते को कायम करने का संदेश देता है रेशम की डोर।

रक्षाबंधन का त्यौहार 9अगस्त दिन शनिवार को मनाया जाएगा। शनिवार को सुबह 6बजे से दिन में 1`बजकर 30 मिनट तक हर्षोंउल्लास पूर्वक मनाया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### पंचशील डिग्री कालेज में फ्रेसर पार्टी आयोजित



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** हलिया क्षेत्र के मवई कला गांव स्थित पंचशील डिग्री कालेज सभागार में बुधवार को नव प्रवेशी बीए, बीकाम, बीएससी, बीएफए, बीईडी के छात्र छात्राओं का स्वागत समारोह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी प्रवक्ता प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद सिंह पटेल ने की फ्रेसर पार्टी के नाम आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव रहे। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला जज छोटेलाल मैत्रेय रहे फ्रेसर पार्टी में नव प्रवेशी छात्र छात्राओं से दस प्रश्नों का सही उत्तर देने वाले मिस फ्रेसर व मिस्टर फ्रेसर का चुनाव किया गया जिसमें मिस फ्रेसर बीए प्रथम समेस्टर की छात्रा नीता व मिस्टर फ्रेसर बीए प्रथम समेस्टर के गोविन्द पाल बने। मुख्य अतिथि द्वारा मिस फ्रेसर व मिस्टर फ्रेसर को पट्टा पहनाकर मेडल व प्रणाम पत्र दिया है। डिग्री कालेज के छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि का डिग्री कालेज में स्वागत किया मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष ने फ्रेसर पार्टी को सम्बोधित करते हुए कहा की छात्र छात्राएं मेहनत के साथ पढ़ाई करते हुए माता पिता व क्षेत्र के साथ साथ विद्यालय का नाम रोशन कर छात्र छात्राओं को शुभकामनायें दिया। इस दौरान पूर्व जिला जज छोटेलाल मैत्रे, डिग्री कालेज के प्रबंधक लाल बहादुर मौर्य, प्राचार्य डॉक्टर राघवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, प्रवक्ता चंद्र प्रकाश सिंह, संतोष कुमार मौर्य, प्रदीप कुमार मौर्य, सुरेंद्र कुमार मौर्य, शिवम सोनी, गुंजन मौर्या सहित महाविद्यालय के पूर्व छात्र छात्राएं की उपस्थिति रही।

### नौतनवा पुलिस ने तीन युवकों को नकदी व वाहन सहित पकड़ा, कस्टम अधिनियम के तहत हुई कार्रवाई


नौतनवा पुलिस ने तीन युवको को नकदी व वाहन सहित पकड़ा

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** नौतनवा पुलिस ने रात्रि गश्त और चेकिंग अभियान के दौरान तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन युवको को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन युवको के पास से ?5,88,000 की नकदी और एक अर्टिगा वाहन (रजिस्ट्रेशन संख्या क्क53श्वस्5468) बरामद किया। यह गिरफ्तारी बीते बुधवार को रात्रि 01-15 बजे बनैलिया माता मंदिर ओवरब्रिज के पास की गई है। गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान दीपक चौबे, पुत्र विजय प्रकाश चौबे, उम्र लगभग 37 वर्ष, निवासी शेखुई, थाना फरेंदा, जनपद महराजगंज, मनोज कुमार गुप्ता, पुत्र परशुराम लाल गुप्ता, उम्र लगभग 51 वर्ष, निवासी दिलेजाकपुर, नियर सावित्री हॉस्पिटल, थाना कोतवाली और विजय प्रताप यादव, पुत्र ब्रह्मदेव यादव, उम्र लगभग 38 वर्ष, निवासी करजहां, पोस्ट डोहरिया बाजार, थाना चिलुआताल, जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, बरामद नकदी के स्रोत और तस्करी की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 113 कस्टम अधिनियम के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की गई है। इसके पश्चात उन्हें अग्रिम कानूनी प्रक्रिया के लिए कस्टम कार्यालय नौतनवा भेजा गया। गिरफ्तारी और बरामदगी की इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक छोटेलाल, उपनिरीक्षक सचिन कुमार, उपनिरीक्षक उमाशंकर यादव, हेड कांस्टेबल दीपक यादव, कांस्टेबल मनीष गौड़, कांस्टेबल अनुज सिंह शामिल रहे।

### ऑक्सीजन पाइप के साथ मरीज का बाइक पर ले जाते विडियो वायरल

- महराजगंज में दलाल महिला को जिला अस्पताल से निजी अस्पताल ले गया

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** जिला अस्पताल महराजगंज में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक महिला मरीज को ऑक्सीजन पाइप लगाकर मोटरसाइकिल पर बैठाकर दलाल द्वारा निजी अस्पताल ले जाने वाला बीडिओ वायरल हो रहा है। यह पूरा मामला कैमरे में कैद हो गया और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मरीज को बिना किसी चिकित्सा सुविधा और एम्बुलेंस के मोटरसाइकिल पर ले जाना स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को दर्शाता है। मरीज की जान के लिए खतरनाक भी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मोटरसाइकिल पर महिला मरीज के साथ उसका तीमारदार भी था। बाइक पर ऑक्सीजन पाइप भी लगाया गया था। यह घटना अस्पताल परिसर के ट्रामा सेंटर के पास हुई। इस क्षेत्र में अक्सर दलाल सक्रिय रहते हैं। वीडियो वायरल होते ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। प्रशासनिक अधिकारियों की एक टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. ए.के. द्विवेदी ने बताया कि मामले को गंभीरता से संज्ञान में लिया गया है। दोषी दलाल की पहचान की जा रही है और उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, यह पहली बार नहीं है जिला अस्पताल से मरीजों को बहला-फुसलाकर निजी अस्पतालों में ले जाया जाता है। ट्रामा सेंटर के आसपास ऐसे दलाल सक्रिय रहते हैं। वे गरीब मरीजों को बहकाकर फुसलाकर अपना कमीशन पाने के लिए निजी अस्पतालों में भेज देते हैं। स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता और दलालों की सक्रियता पर अब आम जनता और जनप्रतिनिधियों की भी तीखी प्रतिक्रिया सामने आ रही है।

### करंट की चपेट में आए मासूम की इलाज के दौरान मौत

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत परतावल के नौरंगा टोला निवासी अंगद का आठ वर्षीय बेटा लकी बीते गुरुवार को घर के पास खेल रहा था। परिजनों का आरोप है कि मछली बचाव के लिए घेरे हुए तार में बिजली की सप्लाई की गई थी। खेलते-खेलते लकी खुले में बिजली सप्लाई वाले हिस्से से टकरा गया और तार में चिपक गया। साथ में खेल रहे बच्चों ने देखा तो शोर मचाना शुरू किया। परिजन मौके पर पहुंचे और लकड़ी के डंडे से मारकर उसे तार से अलग किए। लोगों ने तुरंत उसे नजदीकी सीएचसी परतावल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चौकी प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# विकास कार्यों के शिलापट्टों पर शासनादेश की हो रही है अवहेलना



- कांग्रेस ने अधिशासी अधिकारी पर लगाया मनमानी का आरोप, जिलाधिकारी को सौंपा पत्र

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत आनंदनगर के अधिशासी अधिकारी अनुज भारती पर शासनादेश का उल्लंघन करने का आरोप लगा है। कांग्रेस पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष विजय सिंह के नेतृत्व में इस मामले में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा। शिकायत में बताया गया है कि अधिशासी अधिकारी ने विकास कार्यों के शिलापट्टों पर 2016, 2021 और 2023 के शासनादेशों का उल्लंघन किया है। इन आदेशों के अनुसार, शिलापट्टों पर मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री और क्षेत्रीय विधायक के नाम के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष का नाम अंकित होना चाहिए। लेकिन कई स्थानों पर वर्तमान अध्यक्ष के नाम के ऊपर पूर्व अध्यक्ष का नाम लिखा गया है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी आरोप लगाया कि शिलापट्टों पर संबंधित योजना का नाम, तिथि और कार्य मानक का कोई उल्लेख नहीं है। इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता पर सवाल उठता है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि नगर में लगे सभी शिलापट्टों को हटाकर शासनादेश के अनुसार नए शिलापट्ट लगाए जाएं। साथ ही नियमों की अवहेलना करने वाले अधिशासी अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए।

इस दौरान जिला अध्यक्ष के साथ नौतनवा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सदा मोहन उपाध्याय, पनियरा के पूर्व प्रत्याशी शरदेंद्र पांडे, जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमैन जयप्रकाश लाल सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।



### कोटारनाथ धाम में गूंजे बोल बम, हर हर महादेव के जयकारे, भक्तों ने किया रूद्राभिषेक

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** श्रावण माह के त्रयोदशी तिथि पर प्राचीन शिवधाम कोटारनाथ मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। अदवा नदी के मध्य टीले पर स्थित शिव मां पार्वती मंदिर में भोर से ही दूर-दराज के कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई। भक्तों ने रूद्राभिषेक सम्पन्न कराया अन्य भक्तों द्वारा अखंड रामायण पारायण के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शिवभक्तों ने बेलपत्र, दूध, गंगाजल और पुष्प अर्पित कर परिवार की सुख-शांति की कामना की। पूरे दिन मंदिर परिसर में हर हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंजता रहा। कांवड़िए भगवा वस्त्रों में पवित्र गंगाजल लेकर यात्रा करते हुए मंदिर पहुंचने की हजारों की संख्या में पहुचने से अचानक भीड बढती जा रही है। मंदिर पुजारी जयराम गिरी ने बताया सावन माह के त्रयोदशी तिथि पर भगवान शिव की पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। जलाभिषेक करने से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। भोर से ही लगभग चालीस हजार भक्तों ने जलाभिषेक किया है। वही भक्तों ने सुबह से शाम तक निर्धारित समय में रूद्राभिषेक किया है। थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव मय पुलिस कर्मियों के साथ भक्तों को दर्शन पूजन करने में लगे रहे।

# महराजगंज में भारत-नेपाल सीमा पर अवैध घुसपैठ का हुआ प्रयास

- थाईलैंड की महिला समेत दो भारतीय दलाल गिरफ्तार, विदेशी अधिनियम के तहत हुई कार्रवाई



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने नेपाल से अवैध रास्ते से भारत में घुसपैठ करते समय एक थाईलैंड की महिला के साथ दो भारतीय दलालों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़ी गई विदेशी महिला की पहचान 42 वर्षीय मिस सुपरोन के रूप में हुई है, जो थाईलैंड की रहने वाली है। पूछताछ में पता चला कि वह दोनों दलालों के माध्यम से नेपाल से अवैध रूप से पगडंडियों के रास्ते भारत में प्रवेश कर रही थी। इसी दौरान एसएसबी और पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि पकड़ी गई विदेशी महिला अवैध रास्ते से भारत में प्रवेश करके दिल्ली जाने की योजना बना रही थी। सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियां अब विदेशी महिला से विस्तृत पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस ने थाईलैंड की नागरिक मिस सुपरोन और दोनों भारतीय दलालों के खिलाफ विदेशी अधिनियम की धारा 14 और भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मंदिर का ताला तोड़कर आभूषण व घंटा चोरी

**जमालपुर (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के लोढ़वा गांव के सिलौटा के बारी स्थित हनुमान मंदिर का बुधवार की रात चोर ताला तोड़कर आभूषण और पीतल का घंटा चुरा ले गए। सुबह मंदिर पहुंचे भक्तों को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस मौका मुआयना कर वापस लौट गई। लोढ़वा-सिलौटा बारी सीवान में श्री हनुमान मंदिर है। बुधवार की शाम मंदिर में पूजन कर पुजारी अपने घर चले गए। रात में चोर मंदिर का ताला तोड़कर आभूषण और घंटा चुरा ले गए। गुरुवार की सुबह जब गांव के मंदिर पर पूजन करने पहुंचे तो ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। मंदिर का ताला टूटा और आभूषण, घंटा गायब थे। ग्रामीणों ने तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। उसके बाद पुलिस वापस लौट गई। ग्रामीणों ने बताया कि हनुमान जी का एक चांदी का बड़ा मुकुट, दो छोटे मुकुट, एक दस किग्रा का पीतल का घंटा, एक-एक किग्रा का सात घंटा, एक आरती की घंटी, एक पीतल का गदा और एक पीतल का तावा वाला घंटा गायब है। इस संबंध में थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि मंदिर से चोरी होने की जानकारी मिली है। सीसीटीवी फुटेज से चोरों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द से जल्द मामले का पर्दाफाश किया जायेगा।

# बाढ़ पीड़ित टीबी मरीजों के हित में की मानवीय पहल

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट पीपीएम कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा बाढ़ पीड़ित टीबी मरीजों के हित में की गई मानवीय पहल के पश्चात कछवा क्रिश्चियन हॉस्पिटल के सहयोग से जनपद के बाढ़ प्रभावित सीखड़ ब्लॉक के ग्राम सभा हांसीपुर, डोमनपुर, धनैता, खैरा, फुलहां, पचराव, भगीरथपुर, टकटकपुर, जलालपुर गांव के कुल पन्द्रह टीबी पीड़ित मरीजों को पोषण पोटली एवं विभागीय दवा आदि के साथ साथ उन्हें मोमबत्ती, माचिस, साबून, नमकीन, बिस्कुट आदि उनके गांव जाकर दिया गया। इस आपदा की घड़ी में उपरोक्त महत्वपूर्ण सामग्री पाने के पश्चात मरीजों के बीच प्रसन्नता की एक चमक दिखाई दी।

वहीं डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर यादव द्वारा बताया गया कि कछवा क्रिश्चियन हॉस्पिटल प्रबंधक शंकर रामचंद्रन एवं डॉक्टर जॉर्ज द्वारा ऐसी आपदाओं की घड़ी में विगत कई वर्षों पूर्व से अपनी क्षमता अनुसार क्षेत्र वासियों की मदद में हमेशा पूरी तन्मयता के साथ मानवीय कर्तव्य निभाए जाते रहे हैं।

यादव द्वारा यह भी बताया गया कि मात्र एक दिन पूर्व अस्पताल द्वारा क्षेत्र के पच्चास बाढ़ पीड़ितों को चिन्हित कर दैनिक उपयोगी सामान उन तक पहुंचाने का भी सराहनीय कार्य किया गया है।

उक्त आयोजन के दौरान क्षय विभाग के प्रदीप कुमार, मनभावन, टीबी चौंपियन राकेश यादव के साथ साथ कछवा क्रिश्चियन हॉस्पिटल के इस्माइल सिंह, मिलन, प्रेम शंकर मौके पर मौजूद रहे।

